सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-277 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 17 मार्च 2024
06 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com






06 रमजान 17.03.2024

सुन्नी हज़रात
सेहरी 04:52 इफ्तार 06:16

शिया हज़रात
सेहरी 04:46 इफ्तार 06:27

**उमरा, ज़ियारत**
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
**अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स**
लखनऊ
**मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी**
मो. 9897328277
7905439594

# लोकसभा चुनाव का बजा बिगुल

## सात चरणों में होगा मतदान, चार जून को नतीजे, पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को

### ऐलान

- चार राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा हुई
- 97 करोड़ वोटर्स नए जुड़े
- पश्चिम बंगाल में सात चरणों में होंगे चुनाव
- पुरुष मतदाताओं की संख्या 49.7 करोड़ है
- गुजरात में मतदान सात मई को



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज गया है। निर्वाचन आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव की तारीखों का एलान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार के लोकसभा चुनाव 7 चरणों में कराए जाएंगे। उन्होंने ये भी बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लोकसभा चुनावों के साथ 26 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव भी होंगे। इसके अलावा पोलिंग बूथों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। इस बार लोकसभा चुनाव 7 चरणों में होंगे। चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव शुरू होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। दिल्ली में लोकसभा चुनाव की वोटिंग 25 मई को होगी। यूपी में सभी सातों चरणों में वोटिंग होगी। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई और 13 मई को वोटिंग होगी। छत्तीसगढ़ में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और तीसरे चरण 7 मई को वोटिंग होगी। बंगाल में सात चरणों में वोटिंग होगी। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों के लिए मतदान सात मई को तीसरे चरण में होगा। पहले चरण में 21 राज्यों के कुल 102 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, दूसरे फेज में 13 राज्यों की 89 सीटों, तीसरे में 12 राज्यों की 94 सीटों, 10 राज्यों की 96 सीटों, 8 राज्यों की 49 सीट, 7 राज्यों की 57 सीट, 8 राज्यों की 57 सीट पर वोटिंग होगी। आम चुनाव के साथ 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होंगे। आंध्र प्रदेश में 13 मई को चुनाव होंगे। सिक्किम और अरुणाचल में 19 अप्रैल को वोटिंग। ओडिशा में मतदान 13 मई से 4 चरणों में होंगे। हरियाणा, हिमाचल, झारखंड और यूपी समेत 26 विधानसभाओं में उपचुनाव होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में 96.8 करोड़ वोटर्स हैं और 10 लाख से ज्यादा बूथ वोटिंग के लिए होंगे। राजीव कुमार ने कहा कि हमारे देश के चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर होगी। उन्होंने कहा कि इस बार 1.8 करोड़ मतदाता पहली बार वोट करेंगे और कुल 21.5 करोड़ युवा वोटर्स होंगे।

### मतदान के सात चरण

| पहला चरण | दूसरा चरण | तीसरा चरण |
|---|---|---|
| 19 अप्रैल | 26 अप्रैल | 07 मई |
| चौथा चरण | पांचवां चरण | छठा चरण |
| 13 मई | 20 मई | 25 मई |
| सातवां चरण | नतीजे 04 जून 2024 | |
| 01 जून | | |

### यूपी में 7 फेज में 46 दिन चलेंगे चुनाव

चुनाव आयोग ने यूपी में सात चरणों में चुनाव कराने का एलान किया। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो गई है। इसके साथ ही देश में आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा के चुनाव सात चरणों में होंगे। लखनऊ सहित आसपास के जिलों में पांचवे चरण में 20 अप्रैल को मतदान होगा। **पहले चरण में मतदान वाले जिले:** सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत। (पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा) **दूसरा चरण में मतदान वाले जिले:** अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा। (दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा) **तीसरे चरण में मतदान वाले जिले:** संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली। (तीसरे चरण का मतदान 07 मई को होगा) **चौथे चरण में मतदान वाले जिले:** शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच। (चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा) **पांचवे चरण में मतदान वाले जिले:** मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा। (पांचवे चरण का मतदान 20 मई को होगा) **छठे चरण में मतदान वाले जिले:** सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डोमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही। (छठे चरण का मतदान 25 मई को होगा) **सातवें चरण में मतदान वाले जिले:** महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रोबर्टगंज। (सातवें चरण का मतदान 01 जून को होगा)

# आप 2029 पर अटके हैं, मैं 2047 की योजना बना रहा हूं : पीएम मोदी


### कार्यकाल

- पूर्वोत्तर भारत के प्रति बदला नजरिया
- हमारे केंद्रीय मंत्रियों ने 680 बार पूर्वोत्तर क्षेत्र का दौरा किया
- अगले पांच साल में निर्णायक फैसले होंगे
- सरकार की नीति राष्ट्र प्रथम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वे 2047 की योजना बना रहे हैं। भाजपा और खुद की राजनीतिक तैयारियों को लेकर एक सवाल के जवाब में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी नजरें 2047 पर हैं। बकौल पीएम मोदी आज देश का मूड भारत को विकसित भारत बनाने का है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने शासन का नया मॉडल विकसित किया है। पीएम मोदी ने कहा, उनके कार्यकाल में सरकार ने उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जिन्हें पहले बहुत कम प्राथमिकता द जाती थी।तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने पर पीएम मोदी ने कहा कि आज सबसे बड़े लोकतांत्रिक उत्सव को मनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। पूरी दुनिया अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, लेकिन भारत तेज गति से विकास करता रहेगा। उन्होंने कहा कि देश का मूड देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से जुड़ने का है। बकौल पीएम मोदी सम्मेलनों में लोग उनसे हेडलाइन की उम्मीदें करते हैं, लेकिन वे सुर्खियों के लिए नहीं डेडलाइन के साथ काम करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र को 2014 से पहले की सरकारों ने उपेक्षित रखा। उनके कार्यकाल में सरकार ने पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा, 2014 के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र प्राथमिकताओं की सूची में ऊपर आया। 2014 के बाद, हमने फैसला किया कि हमारे मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी न केवल जिला मुख्यालयों बल्कि आंतरिक हिस्सों का भी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने दावा किया, हमारे केंद्रीय मंत्रियों ने 680 बार पूर्वोत्तर क्षेत्र का दौरा किया। मैं अकेले पूर्वोत्तर में सबसे अधिक बार गया। पिछले तमाम प्रधानमंत्रियों की संयुक्त यात्राओं से भी अधिक यात्रा की।

### कुछ लोग परिवार प्रथम से प्रेरित हैं: प्रधानमंत्री



"पीएम मोदी ने कहा, हमने मानसिकता बदल दी। जिन्हें भारत के आखिरी गांव कहा जाता था, उन्हें अब पहला गांव कहना शुरू कर दिया। मेरे 17 कैबिनेट मंत्रियों ने उन इलाकों का दौरा किया और पूरी रात वहां गुजारी। पूर्वोत्तर भारत को लेकर अपनी सरकार की नीति के अलावा प्रधानमंत्री ने प्रतिद्वंद्वियों पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्र प्रथम से प्रेरित हूं, कुछ लोग परिवार प्रथम से प्रेरित हैं। पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा नीत एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलने करने का भरोसा भी जताया। उन्होंने सत्ता बरकरार रहने का भरोसा जताते हुए कहा कि लोग अगले पांच साल में निर्णायक नीतियां और फैसले होते देखेंगे।

## कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार

**कुलबर्गी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दक्षिण के दो राज्यों का दौरा किया। लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने के लक्ष्य के लिए पीएम मोदी लगातार रैलियां कर रहे हैं। पहले पीएम मोदी ने तेलंगाना का दौरा किया। इसके बाद वह कर्नाटक पहुंचे। कर्नाटक के कलबुर्गी में उन्होंने एक सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने लोकसभा के चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प ले लिया है। आज पूरा कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा, कलबुर्गी का ये जनसैलाब और आप सबके चेहरों का ये उत्साह, कर्नाटक ने लोकसभा के चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड सीटों पर जिताने का संकल्प

▸▸ **कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, उसकी करतूतें नहीं बदलती**

ले लिया है। अभी तो चुनाव की घोषणा होनी बाकी है और आपने पहले ही घोषणा कर दी। आज पूरा कर्नाटक कह रहा है अबकी बार 400 पार। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो चाहे कितने भी कपड़े बदल ले, उसकी करतूतें नहीं बदलती। इसलिए कर्नाटक में जनता जाग चुकी है, आक्रोश और गुस्से से लाल है। इतने कम समय में ही जनता का मोहभंग हो जाना दिखाता है कि लोगों को कांग्रेस की सच्चाई का पता चल गया है।

# डबल इंजन सरकार हकीकत बुनती है : योगी

## मुरादाबाद को दी 513.35 करोड़ की 112 विकास परियोजनाओं की सौगात

- गुरु जम्भेश्वर के नाम पर होगी मुरादाबाद की नई यूनिवर्सिटी : मुख्यमंत्री
- मुरादाबाद और मीरजापुर में दशकों पुरानी मांग आज पूरी होने जा रही है



**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां आवास विकास मैदान में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम योगी मीरजापुर में आयोजित जनसभा से भी वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद और मीरजापुर के लिए एक-एक राज्य विश्वविद्यालयों का शिलान्यास किया। इसमें मुरादाबाद में 167 करोड़ की लागत से 50 एकड़ में उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय सहित 513.35 करोड़ की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास सीएम योगी ने किया। इसके अलावा मीरजापुर में 155 करोड़ की लागत से 25.500 हेक्टेयर में मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास मुख्यमंत्री के कर-कमलों से हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद में बनने वाले विश्वविद्यालय का नाम गुरु जम्भेश्वर के नाम पर रखने की घोषणा की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुरादाबाद और मीरजापुर में दशकों पुरानी मांग आज पूरी होने जा रही है। इन दोनों विश्वविद्यालयों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए धन की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी ने कहा कि हमारा संकल्प था कि हर कमिश्नरी में एक विश्वविद्यालय हो, आज ये संकल्प मीरजापुर और मुरादाबाद में नये विश्वविद्यालयों के शिलान्यास के साथ पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी विश्वविद्यालयों के साथ ही निजी विश्वविद्यालयों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा। मगर सरकारी विश्वविद्यालयों में क्वालिटी के साथ कोई कॉम्प्रोमाइज नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही हम वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना कर रहे हैं, हमारा संकल्प प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज बनाना है, जो बहुत जल्द पूरा होने जा रहा है। कहा कि पिछली सरकारों ने सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त किया, स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद किया, व्यापारियों और बेटियों को असुरक्षित किया। प्रदेश को दंगों और कर्फ्यू की आग में झोंक दिया, जिससे हमारे नौजवानों के सामने पहचान का संकट आ गया।

### केरल सरकार ने सीएए के खिलाफ दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नागरिकता संशोधन कानून 2019 और नागरिकता संशोधन नियम 2024 को लागू करने से रोक की मांग की है। केरल सरकार ने सीएए पर रोक की मांग करते हुए तर्क दिया है कि सीएए कानून को लागू करने में चार वर्षों की देरी हुई है, इसका मतलब ये है कि इस कानून को लागू करने की तुरंत आवश्यकता नहीं है और इस आधार पर ही सीएए पर रोक लगाई जा सकती है। सीएए के खिलाफ केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पार्टी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने भी याचिका दायर की है।

## चुनावी बॉन्ड योजना एक जबरन वसूली रैकेट : राहुल

### तंज

- राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने चुनावी बॉन्ड योजना को सरकारों को गिराने और राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला जबरन वसूली रैकेट बताया।

बता दें, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी महाराष्ट्र के थाने में जंभाली नाका के पास लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया, चुनावी बॉन्ड योजना अंतरराष्ट्रीय स्तर का जबरन वसूली रैकेट है। जो लोग इसका विरोध करते हैं, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग उनके पीछे पड़ जाते हैं। चुनावी बॉन्ड योजना का सरकारों को गिराने और राजनीतिक दलों को तोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व में हुए बगावत से दो पार्टियों के विभाजित होने पर सवाल उठाते हुए राहुल ने कहा, क्या आपको लगता है कि महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक मुफ्त में चले गए? कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछड़े समुदायों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और सामान्य श्रेणी के गरीबों की आबादी 80 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन सरकारी और निजी क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर उनका प्रतिनिधित्व बेहद कम है।

# तेलंगाना के पूर्व सीएम की बेटी कविता सात दिन की हिरासत में

### घोटाला

- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई
- हम अदालत में इस मामले के खिलाफ लड़ेंगे



**बेंगलुरु।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उन्हें 23 मार्च तक की ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले ईडी ने कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। इस दौरान अदालत से ईडी ने कहा कि कविता के खिलाफ पर्याप्त सबूत और गवाहों के बयान हैं। वहीं बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध करार दिया और कहा, हम अदालत में इस मामले के खिलाफ लड़ेंगे। सुनवाई के दौरान कविता के वकील नीतेश राणा के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने न्यायाधीश से कहा कि उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। चौधरी ने कहा, कविता की गिरफ्तारी दिखाती है कि कैसे शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को तार-तार करके रख दिया, जिसमें हमें सुरक्षा दी गई थी। उन्होंने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने कविता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। वकील ने कहा कि यह एक काला दिन है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन किया जाता है, एक अधिकारी सोचता है कि वह कानून से ऊपर है। हालांकि, ईडी ने कहा कि उसने उच्चतम न्यायालय समेत किसी अदालत के समक्ष ऐसा कोई बयान नहीं दिया है कि के. कविता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। ईडी ने अदालत से कहा, मामले में के. कविता के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, गवाहों के बयान हैं। एजेंसी ने कविता पर मामले में सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। साथ ही कहा, हमने कविता से आमना-सामना कराने के लिए कई गवाहों को तलब किया है।

# डूंगरपुर मामले में आजम खां समेत चार दोषी करार, 18 को सुनाई जाएगी सजा


### तहरीर

- 2016 को हुई थी वारदात
- वर्ष 2011-12 में डूंगरपुर में 373 गज जमीन खरीदी गई थी
- आजम खां के खिलाफ दर्ज हुए थे 84 मुकदमे

### डूंगरपुर प्रकरण मामले में मिल चुकी है राहत

सपा नेता आजम खां के विरुद्ध डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में फैसला हो चुका है। यह मामला रूबी पत्नी करामत अली की ओर से दर्ज कराया गया था। न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने के बाद 31 जनवरी 2024 को इसमें फैसला सुनाते हुए आजम खां समेत सभी आरोपितों को बरी कर दिया था। आजम खां के विरुद्ध वर्ष 2019 में ताबड़तोड़ 84 मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें ज्यादातर न्यायालय में विचाराधीन हैं। अब तक कुल पांच मामलों में फैसला आ चुका है। इनमें तीन मामलों में उन्हें सजा हुई थी, जबकि दो मामलों में बरी हो गए थे। मुरादाबाद की अदालत से भी एक मामले में सजा हो चुकी है।

**रामपुर।** डूंगरपुर प्रकरण में शनिवार को न्यायालय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां समेत चार को दोष सिद्ध कर दिया। अन्य दोष सिद्ध में सेवानिवृत्त सीओ सिटी आले हसन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां और बरेली के ठेकेदार बरकत अली शामिल हैं। इस मामले में अब सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। इस मामले में न्यायालय ने लूट और माल बरामदगी की धारा हटा दी है। डूंगरपुर प्रकरण सपा शासनकाल का है। तब पुलिस लाइन के पास डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। यहां पहले से कुछ लोगों के मकान बने हुए थे, जिन्हें सरकारी जमीन पर बताकर वर्ष 2016 में तोड़ दिया गया था। भाजपा की सरकार आने पर वर्ष 2019 में गंज कोतवाली में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें एक मुकदमा जेल रोड निवासी एहतेशाम की तहरीर पर दर्ज हुआ था।



### भाजपा में शामिल हुईं अनुराधा पौडवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल 16 मार्च को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। उन्होंने नई दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। 80 और 90 के दशक में अपने हिट गानों और भक्ति संगीत के लिए मशहूर गायिका ने पार्टी में शामिल होने पर खुशी भी जताई और इसके कारण का भी खुलासा किया। अनुराधा पौडवाल ने कहा कि वे ऐसी सरकार में शामिल होकर खुश हैं, जिसका सनातन धर्म से गहरा संबंध है। मीडिया से बातचीत के दौरान अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं उस सरकार में शामिल हो रही हूं, जिसका सनातन से गहरा संबंध है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज भाजपा में शामिल हो रही हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या वे आगामी चुनाव लड़ेंगी? गायिका ने कहा कि मुझे अभी तक नहीं पता, पार्टी मुझे जो भी सुझाव देगी, यह उस पर निर्भर करता है।

# डेंटल सर्जन डॉ.समित ने किया विदेशी व्यक्ति के जबड़े का सफल आपरेशन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर के डेंटल सर्जन डॉ.समित जैन ने अफ्रीका से



आए कुतलवानों लेसेड़ी मतांगे नाम के 72 वर्षीय मरीज का जबड़े का सफल ऑपरेशन कर सहारनपुर के चिकित्सा के क्षेत्र मे एक नया आयाम स्थापित किया।

डेंटल सर्जन डॉ.समित जैन ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि साउथ अफ्रीका के बोत्सवाना के फ्रांसिस टाउन नामक शहर से आए कुतलवानों लेसेड़ी मतांगे नामक मरीज के जिनके निचले जबड़े में ट्यूमर हो गया था तथा जबड़ा आधे से ज्यादा गल गया था। मरीज ने अपने देश बोस्टवाना में सात आठ बार सर्जरी कराई जो बार-बार फेल होती रही। जब अपने देश मे सभी प्रकार से प्रयास करने के बाद भी मरीज को राहत नहीं मिली, तो मरीज और उनके रिश्तेदारों ने इंटरनेट पर अन्य देशों मे उपलब्ध जबड़े की सर्जरी से संबन्धित चिकित्सीय सुविधाओं के विषय मे खोजबीन की, तो उन्हे सहारनपुर के सुमित जैन बारे मे पता लगा तथा कई बार वीडियो कॉल के जरिए चेकअप करने के बाद वह सहारनपुर पहुंचे तथा सारी जांचे कराने के बाद 1 मार्च को 5 घंटे की सर्जरी के बाद उनका सफल ऑपरेशन किया। उन्होने बताया कि डॉ. समित जैन के अस्पताल मे उन्हे विश्वस्तरीय इलाज के साथ साथ सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध रही। आपरेशन के दौरान डॉ. सारिका जैन, डॉ. स्वेता जैन, डॉ. एस कुमार, डॉ.तनवी तथा स्टॉफ आदेश कुमार, रोहित कुमार, विधि कौशिक, गजल, अयान भी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**लखीमपुर खीरी।** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 34, पुलिस 16, विकास 03, खाद रसद, पीडब्लूडी और विधुत 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डिप्टी सीएमओ लालजी, तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएसआर से कलेक्ट्रेट को वाटर कूलर, आरओ प्लांट की सौगात

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व, मार्गदर्शन में श्रम विभाग के प्रयासों से बलरामपुर फाउन्डेशन द्वारा सीएसआर फंड के तहत बलरामपुर चीनी मिल लि. गुलरिया से मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह की प्रेरणा से वाटर कूलर सहित आरओ की सौगात मिली सुबह 09.45 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, एडीएम संजय कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी की मौजूदगी में बलरामपुर फाउन्डेशन, बलरामपुर द्वारा (वित्तीय वर्ष 2023-24 ) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत वाटर कूलर, आरओ प्लांट का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर लोकार्पित किया। इसे पानी चालू कर कलेक्ट्रेट को समर्पित किया इस वॉटर कूलर और आरओ प्लांट से कलेक्ट्रेट में आने वाले फरियादियों, श्रम विभाग में आने वाले श्रमिकों,



कार्मिकों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा में बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर एसडीएम राजीव निगम, बलरामपुर फाउंडेशन की इकाई गुलरिया से अजीत सिंह, संतोष कुमार सिंह, अभिनेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

## डीईओ ने की आम जनता से अपील

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सामान्य जनता से जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील करते हुए कहा कि मतदाता की संतुष्टि के लिए नकदी, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण रिश्वत है और यह एक दण्डनीय अपराध है। निर्वाचनों के दौरान नकदी, शराब या अन्य वस्तुओं के वितरण पर नजर रखने के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन के अधीन उड़न दस्ते बनाये गये हैं उन्होंने सभी से यह अपील करते हुए कहा कि उड़न दस्तों द्वारा जब्ती से बचने के लिये कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचनों के दौरान किसी निर्वाचन क्षेत्र में बहुत बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहा है, तो उस धन के स्रोत और उसके अंतिम प्रयोग को दर्शाने वाले समुचित दस्तावेज साथ रखने चाहिये।

## नफर अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारियां

**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त ज्ञान प्रकाश सैनी पुत्र महेश कुमार सैनी नि0 फत्तेपुर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को 01 अदद अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फूलबेहड़ पर मु0अ0सं0 105/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही ह है थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर बहद ग्राम हजरतपुर थाना फूलबेहड से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना फूलबेहड़ पर मु0अ0सं0 106/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में होगा चुनाव

### 18 अप्रैल से शुरू होंगे नामांकन

**लखीमपुर खीरी।** चुनाव आयोग ने शनिवार को 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। सात चरण में लोकसभा चुनाव कराए जाएंगे। खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट के लिए चौथे चरण में चुनाव होगा। यहां 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चार जून को चुनाव नतीजे आएंगे चौथे चरण के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। 25 अप्रैल को आखिरी तारीख है। 26 को नामांकन की जांच और 29 को नामांकन वापसी की तारीख तय की गई है। खीरी के रिटर्निंग अफसर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और सीडीओ अनिल सिंह धौरहरा के रिटर्निंग अफसर होंगे सात चरण में होगा लोकसभा चुनाव।

## जेवी जैन के भूतपूर्व प्राचार्य डॉ.आजाद को दी श्रद्धांजलि

**सहारनपुर।** जेवी जैन कालेज के भूतपूर्व प्राचार्य डा.आर.आर.आजाद के आकस्मिक निधन होने पर स्नातक इण्डिया वेलफेयर एसोसिएशन ने शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की। स्नातक इण्डिया वेलफेयर एसोसिएशन के मौहल्ला आली स्थित कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमीर खान एडवोकेट ने कहा कि डा.आजाद का कार्यकाल स्मरणीय रहेगा तथा विद्यार्थी उनके जीवन से सदैव प्रेरणा ग्रहण करेंगे। एड. खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में डा.आजाद अलीगढ़ में अपने परिवार के साथ रह रहे थे तथा अक्सर मोबाइल द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते रहते थे।

## आचार संहिता लगते ही नेताओं व पार्टियों के बोर्ड उतारने का काम शुरु

**सहारनपुर।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही नगर निगम ने शहर के विभिन्न स्थानों व बिजली के खंभों पर लगे राजनेताओं के बोर्ड व होर्डिंग्स उतारने का काम शुरु कर दिया। महानगर के चारों में जोन में बोर्ड उतारने के लिए पार्टियां लगायी गयी हैं। मुख्य चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश और अपर नगरायुक्त राजेश यादव के निर्देशन में नगर निगम के अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थानों-शहर के चौराहों-तिराहों, भवनों, डिवाइडरों आदि पर लगे राजनेताओं व राजनीतिक पार्टियों के प्रचार के उद्देश्य से लगाए गए बोर्ड, बैनर व होर्डिंग्स उतारने का काम युद्ध स्तर पर शुरु कर दिया। अतिक्रमण प्रभारी/कर अधीक्षक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में हसनपुर चौक से बोर्ड उतारने का काम शुरु किया गया। उसके बाद दिल्ली रोड, कलक्ट्रेट सहित शहर के विभिन्न स्थानों से बोर्ड व होर्डिंग्स उतारे गए। सुधीर शर्मा ने बताया कि होर्डिंग व बोर्ड उतारने के लिए शहर के चारों जोन में एक-एक टीम लगायी गयी है। देर रात तक यह कार्य जारी रहेगा। कल भी शहर के बाकि हिस्सों से बोर्ड व बैनर उतारे जायेंगे।

# उज्जवल हत्याकांड के खुलासे को एसएसपी से मिले पीड़ित परिवारजन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उज्जवल हत्याकाण्ड का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ



कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर पीडित परिवार के लोग पूर्व सांसद राघवलखन पाल शर्मा की अगुवाई में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताडा से मिले और कारवाई की मांग करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपते हुए चेताया कि शीघ्र ही उन्हें न्याय न मिला, तो वह धरने प्रदर्शन करने को मजबूर होगें।

पीडित परिजन आज सर्वसमाज के लोगों के साथ हकीकतनगर के रामलीला मैदान पर एकत्रित हुए और हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। तत्पश्चात पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा के अगुवाई में पुलिस लाइन पहुंचे और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.विपिन तांडा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सौंपे ज्ञापन में बताया कि अजय कुमार के पुत्र उज्जवल की हत्या 29 फरवरी को रहस्मयी ढंग से कर दी गयी थी। उक्त हत्याकाण्ड का मुकदमा मुअ.स. 35/2024 थाना कोतवाली नगर में दर्ज कराया था। आरोप लगाते हुए बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आज तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं की गयी है। जबकि दोषी उक्त मुकदमे में नामजद है, पुलिस की आखिर क्या विवशता है कि दोषियों के नामजद होते हुए पुलिस अभी तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है जिससे उनको न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सरेआम घूम रहे हैं और देख लेने की धमकियां भी दे रहे हैं। एसएसपी से मिलने वालो में अजय कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद शर्मा, अर्जुन पंडित, पंकज चौहान, शिवम कौशल, अनिल शर्मा, मुकेश दीक्षित, आकाश शर्मा, राजीव शर्मा, शेखर राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम व विधायक से निर्मित सड़कों का किया लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुंबर व महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से नगर निगम, विधायक निधि एवं डूडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो का लोकार्पण किया। नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ.अजय कुमार ने बताया कि आज नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 16 के अंबेडकर पुरम पार्क का सौंदर्यकरण एवं सीसी रोड का निर्माण, शिवाजी नगर में सीसी रोड का निर्माण, नवीन नगर में सीसी रोड का निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 37 सीसी रोड एवं नाली का निर्माण कार्य, जबकि वार्ड नंबर 12 के बिहारी लाल का हत्ता में 5 सीसी रोड इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं अहाता शिवदयाल में विधायक निधि एवं डूडा द्वारा कराये जा रहे कार्यो का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा वार्ड नंबर 46 के श्यामनगर, सुपर विहार में विधायक निधि एवं डूडा द्वारा 2 सीसी रोड इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं नाली का निर्माण कार्यो का भी उद्घाटन किया गया। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि शहर का विकास कराना मेरी प्राथमिकता है। बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है। महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि आज सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं कों चलाकर विकास कार्य कराये जा रहे है। कार्यक्रम मे भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी समेत भाजपा के कई पदाधिकारी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर के समीप तालाब से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत देहरादून रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के समीप तालाब में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत देहरादून रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक तालाब में एक व्यक्ति का देखकर आसपास के लोगों ने थाना जनकपुरी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना जनकपुरी पुलिस मौके पर पहुंची, तथा तालाब के मृतक के शव को बाहर निकालकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नही हो पायी, जिसके पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी रखवा दिया।

# सभी नवजात शिशुओं में थायरॉइड की जांच जरूरी

## डॉ आर के गोयल और डॉ.एस.एम गुप्ता को मिला आईएपी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक एंडोक्राईनोलोजिस्ट डॉ.आशीष सेठी ने कहा कि जन्म के समय सभी नवजात शिशुओं में थायराइड बीमारी की जांच आवश्यक है। चाहे माँ में थायराइड की बीमारी है या नही है। जन्म के समय गर्भनाल के खून से या फिर जन्म के तीसरे दिन शिशु की ऐड़ी के ब्लड स्पॉट से ये जांच की जानी चाहिये यदि जांच में बीमारी का पता चलता है तो तुरंत ही इलाज शुरू कर देना चाहिए।

डा. आशीष सेठी आज देहरादून रोड स्थित एक होटल के सभागर में इंडियन एकेडमी ऑफपीडियाट्रिक के आयोजित सेमिनार मे अपना व्याख्यान दे रहे थे। इस अवसर पर आईएपी की ओर से अनेको सामाजिक कार्यो में योगदान देने के लिए डॉ.विक्रम सिंह पुंडीर, डॉ.स्वर्णजीत सिंह, डॉ.विवेक बनर्जी, डॉ.अरुण अनेजा के लिए आईएपी




सोशल अचीवमेंट अवार्ड की घोषणा की गयी। सचिव डॉ.रिक्की चौधरी ने सभी को अकेडमी के सामाजिक कार्यो की जानकारी दी। मुख्य अथिति आईएमए अध्यक्ष डॉ.कलीम अहमद ने पीडियाट्रिक अकेडमी के कार्यो की सराहना की एवं सभी अवार्ड विजेताओं को आगे भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डा. आशीष सेठी ने कहा कि बच्चे को अनेको समस्याओं से बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त डॉ.आशीष सेठी ने बच्चों में डायबिटीज टाइप वन और मोटापे की नवीनतम जांच और इलाज की जानकारी शहर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स को दी।

पीडियाट्रिक अकेडमी के अध्यक्ष डॉ.रविकान्त ने बताया कि जन्म से थायराइड की समस्या होने से बच्चे में पीलिया, कब्ज, नाभि का हर्निया हो सकता है। लंबे समय तक यदि इलाज ना मिले तो बच्चे का दिमागी विकास रुक सकता है। जन्मजात थाइराइड का इलाज बहुत ही सस्ता है और समय से इलाज मिलने से दूरगामी परिणामो से बचा जा सकता है। इसलिए जांच जरूर करवाएं।

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.डी.के तिवारी ने आईएपी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड की घोषणा करते हुए बताया कि इस वर्ष यह अवार्ड सहारनपुर में पिछले 45 सालों से बच्चों का इलाज कर रहे डॉ.आरके गोयल और डॉ एस.एम. गुप्ता को दिया जा रहा है। दोनों ही चिकित्सक शहर के सबसे पहले बाल रोग विशेषज्ञ रहे है। इस अवसर पर डॉ.संजय यादव, डॉ.पुनीत खुराना, डॉ.डीके गुप्ता, डॉ.अरशद खान, डॉ.मनदीप सिंह.डॉ गुनिता मेहता, डॉ.अभिलाषा, डॉ.सुशील शर्मा, डॉ.आर.एस.पंवार, डॉ.दीपक बंसल, डॉ.हिमांशु कुमार, डॉ.अनुज सैनी, डॉ.सफल कुमार, डॉ.अरिष्ट जैन, डॉ.वरुण पालीवाल, डॉ.अंकित जैन, डॉ.विनोद पुंडीर आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

# हिन्दुत्व की रक्षा को कार्य करने वाले विजयकांत चौहान सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय सन्त योगी जयनाथ के सानिध्य में चल रहीं शिव महापुराण कथा में वन्देमातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट के संस्थापक विजयकांत चौहान को पगड़ी पटका माला पहनाकर तिलक कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

दिल्ली के बुराडी में चल रही कथा में विजयकांत चौहान को संतों व महापुरूषों ने जनपद के हिन्दुत्व की रक्षा को सर्वोपरि मानकार कार्य करने वाले विजयकांत चौहान को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। विजय कांत चौहान ने कहा कि दिल्ली में हर तरफजेहादी के हौसले बुलंद हो गए है। आये दिन दिल्ली में जेहादी पुलिस व जनता के साथ खुलेआम मारपीट करते है। जेहादी हिन्दू देवी-देवताओ की यात्राओं में पथराव करते है भारत विरोधी नारे लगाते है। इसलिए अब समय आ गया है कि दिल्ली की जनता



देश के सबसे बड़े नटवर लाल भ्रष्ट हिन्दू विरोधी नेता केजरीवाल व उसकी पार्टी के समस्त लोगो का चुनाव में बहिष्कार करें व चुनाव में इनकी पार्टी के हर नेता की जमानत जब्त कराने का संकल्प लें। इस दौरान सभी ने एक स्वर में दिल्ली चुनाव में केजरीवाल के बहिष्कार का आश्वासन दिया।

इस दौरान राष्ट्रीय संत योगी जयनाथ, आचार्य महंत पुनीत नाथ, आचार्य कुलदीप, आचार्य दिलावर, अरविंद त्यागी, गौरव त्यागी, राजू तोमर, श्रीमति सुमन, संजय त्यागी आदि आयोजकों का विजयकांत चौहान ने सम्मान के लिए आभार प्रकट किया।

## आचार संहिता लागू होते ही हटाए गए पोस्टर बैनर



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज रायबरेली।** निर्वाचन आयोग ने शनिवार दोपहर लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है तभी से आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है।जिसके बाद महराजगंज का प्रशासनिक अमला सड़क पर उतर कर राजनीतिक बैनर, पोस्टर व होर्डिंग को हटाने में जुट गया है। बताते चले की निर्वाचन आयोग ने शनिवार दोपहर लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है।लोकसभा के चुनाव सात चरणों में संपन्न होंगे।वही आदर्श आचार संहिता लागू होने से नगर पंचायत के कर्मचारीयो द्वारा भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों के लगे बैनर, पोस्टर हटाने का काम शुरू कर दिया है। वही उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिसके बाद से क्षेत्र में लगे राजनीतिक बैनर, पोस्टर व होल्डिंग को हटवाया गया है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की राजनीतिक व सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने से लोग बचे। वही इस दौरान तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकार यादवेंद्र पाल सिंह, अधिशाषी अधिकारी अपर्णा मिश्रा, कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम,क्राइम प्रभारी कमलेश कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# शुक्रवार शाम घर से गए युवक सड़क पर बगल के गांव मे मिला शव मचा हडकंप अग्यात खिलाफ मुकदमा दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गाँव में शनिवार की सुबह सड़क पर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना बाद मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम, सीओ तरबगंज सहित थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर की घटनास्थल की जांच शव को लिया कब्जे मे। इस हत्याकांड के बाबत थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने कहा कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के साकीपुर मजरे के डीहा निवासी भूपेंद्र उर्फ़ कक्कू शुक्रवार की शाम करीब छ बजे बगल के गाँव गोकुला के मजरे मचरहा में गोली सिंह के यहां गया था। वहां काफ़ी समय रहा खाना भी वहीं खाया। गोली सिंह ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे एक फोन आने पर वह घर की तरफ अपनी बाइक से चले गए थे। सुबह पांच बजे गोकुला गाँव के मजरे डीहा की एक महिला शौच को



गयी थी सड़क पर शव देख उसने सबको सूचना दी। धीरे धीरे लोग जुटने लगे पहचान होने पर पुलिस व परिजनों को सूचना मिली। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी मनोज राय ने लोगों से पूँछताछ व औपचारिक कार्यवाही शुरू की। सूचना के बाद मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय व सीओ तरबगंज भी पहुंचे। मृतक युवक के सिर व चेहरे पर धारदार हथियार के निशान देखे गए। पेट पर खून से सने पंजे का निशान भी मिला। शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया।

**मोबाइल में छिपे हैं राज**

मृतक भूपेंद्र गोकुला गाँव में जिस घर पर गया था वहां एक फोन आने के बाद वह रात 11:40 पर निकल गया था। पत्नी रूपा ने बताया कि देर रात तक घर न आने पर एक बजकर सात मिनट पर पति को फोन किया। उधर से सिर्फ यही आवाज आयी मुकेश भईया रहने दो..... और 27 सेकेण्ड में फोन कट गया। युवक का मोबाइल फोन व बाइक भी गायब है। मोबाइल फोन की काल डिटेल में हत्या के राज से फर्दाफास हो सकता है।

**कहीं रुपया तो नहीं मौत का कारण**

परिवार की माने तो दो दिन पहिले ही युवक ने 50 हजार रूपये बैंक से निकाले थे। 8 हजार रूपये की गाय खरीदी थी। शेष रूपये पास ही थे। कहीं रूपये की चाह में तो हत्या नहीं हुई।पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दिया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव से होकर साकीपुर लिंक मार्ग पर युवक के शव मिलने के बाबत मृतक के छोटे भाई मयंक ने रोते हुए कहा कि मेरा भाई कल शाम छ बजे घर से बाइक लेकर निकला था और घर नही लौटा सुबह गांव के लोगों ने सूचना दी कि उनका शव सडक पर पडा है। मृतक के दो नाबिलक बेटी 6 साल की शांति उर्फ शिया और 13 साल की रिया उर्फ तान्या है वही दस साल का बेटा कार्तिक उर्फ ग्यान है पत्नी गुडिया ने अपने पति के छत विक्षत शव देखकर दहाडे मारकर रोने लगी फिलहाल इस दर्दनाक घटना से गांव मे इस हत्या को लेकर लोगों मे तरह तरह की चर्चा हो रही है लोग हत्यारों को कडी सजा मिलने को लेकर चर्चा करते नजर आये।

## मोबाइल का दुरपयोग परिवार में ला रहा अशांति



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** महंगूपुर गाँव में चल रही भागवत कथा के पंचम दिवसी शनिवार को कथा प्रवाचक ने कृष्ण की बाल लीलाओं वर्णन किया।

कथा प्रवाचक आचार्य राजनारायण ने कहा कि गोकुल में कृष्ण जन्म का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। जैसे जैसे कृष्ण बड़े हो रहे हैं नित गोकुल वासियों को अपनी बाल क्रीड़ा से मोहित कर रहे हैं। कृष्ण के माखन चोरी करने, गोपियों की मटकी फोड़ने आदि क्रिया कलापों से परेशान होकर भी सब कृष्णप्रेम के वशीभूत हैं। कथा व्यास ने कहा कि कंस ने कृष्ण को मारने के लिए तमाम उपाय किये मगर सब फेल हो गए। अपने अहंकार में आकर इंद्र ने गोकुल में तीव्र वर्षा की किन्तु कृष्ण ने गोवर्धन धारण कर सबकी रक्षा की। और इंद्र का अभिमान मिटाया। कथा व्यास ने कहा कि आज परिवार में अशांति व्याप्त है जिसका मूल कारण मोबाइल युग है। इसके दुरपयोग के चलते बच्चे बिगड़ रहे हैं। कुसंस्कारो का बोल बाला है। इससे बचें और परिवार सुरक्षित करें। कथा के अंत में सभी को सुंदरकांड की पुस्तक वितरण की गयी। कथा में क्षितिज चंद्र मिश्र, राम बहादुर पांडेय, अमृतनाथ पांडेय, सर्वोदय कृष्ण पांडेय, डा अजय मिश्र, शरद पांडेय, टोनी मिश्रा, डिप्टी मिश्रा, रिंकू पांडेय, सुभम, नंदू यादव आदि लोग रहे।

# अमेठी को परिवार बताने वालों ने नहीं निभाई पारिवारिक जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी विकास के साथ है और विकास नरेंद्र मोदी ने किया है : स्मृति ईरानी**

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने शनिवार को राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि केंद्र में इनके माता जी की सरकार थी और यूपी में उनके सहयोगी अखिलेश यादव की सरकार चल रही थी पर अमेठी के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया अमेठी से परिवार की बात की पर पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं निभाई।

उक्त बातें वे शनिवार को अमेठी से किठावर मार्ग के दोहरीकरण का शिलान्यास करने के बाद विशेषरगंज के काली जी मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी।कहा कि नामदारों ने अमेठी के लोगों के समर्थन के बल पर दिल्ली में बैठकर राज तो किया लेकिन अमेठी के विषय में सोचा नहीं खासकर राहुल गांधी ने अमेठी के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया यही कारण है की 50 साल और 5 साल में फर्क दिखाई दे रहा है जो काम 50 साल में नहीं हुए वह काम अमेठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 5 साल में करके दिखाया है।मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्र में माताजी की सरकार चल रही थी और उत्तर प्रदेश में उनके सहयोगी अखिलेश यादव की सरकार थी लेकिन राहुल गांधी ने अमेठी की उपेक्षा की अमेठी के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया विकास का काम नहीं किया और वायनाड में जाकर अमेठी के लोगों के प्रति जो कुछ बोला वह सीधे अमेठी के लोगों की भावना का अपमान था जिस अमेठी ने उनको ऊंचाइयों तक पहुंचाया उन्होंने उस अमेठी का अमेठी के लोगों का अपमान वायनाड में किया। स्मृति ईरानी से जब पत्रकारों ने पूछा कि अब तक कांग्रेस ने अमेठी में कोई उम्मीदवार नहीं घोषित किया है तो उन्होंने कहा कि यह 50 साल और 5 साल के विकास कार्यो का परिणाम है जो कांग्रेस यहां से उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है उनको इस बात का आभास हो चला है कि अमेठी अब उनके साथ नहीं है अमेठी विकास के साथ है और विकास नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि गांधी नेहरू परिवार ने अमेठी से पारिवारिक रिश्तों की बात तो की लेकिन उसका फर्ज नहीं निभाया चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी अमेठी में नजर नहीं आए उन्होंने अमेठी को बेसहारा छोड़ दिया कोई अपने परिवार को इस तरीके से बेसहारा नहीं छोड़ता है जो कहता है कि यह मेरा परिवार है तो उसकी जिम्मेदारी को निभाता है कोरोना का समय रहा हो या तमाम सारी समस्याएं दिक्कतें अमेठी में आती रही ना राहुल नजर आए ना कहीं प्रियंका दिखी। कहा कि पिछले 5 सालों में अमेठी में तेज गति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास हुआ है।

## रामपुरा चेयरमैन के खिलाफ खोला मोर्चा

**उरई (जालौन)।** नगर पंचायत रामपुरा के आठ सभासदों जाकिर, मनोज, ऊन्ताफ खान, बृजेन्द्र ,विमल कुमार, गिरजा शंकर, प्रतिनिधि बृजकिशोर, प्रतिनिधि बृजेश कुमार ने नगर पंचायत बोर्ड रामपुरा की बैठक का बहिष्कार करते हुए एक ज्ञापन पत्र उपजिलाधिकारी विशेश्वर सिंह के नामित नायब तहसीलदार वैभव कुमार गुप्ता को देते हुए नगर पंचायत अध्यक्षा के ऊपर भ्रष्टाचारी नीति और ग़लत डीपीआर के आरोप जड़े। सभासदों ने बताया कि आमजनमानस से दुर्व्यवहार करने के कारण तथा नगर में राज्य सेक्टर सीवरेज एवं जल निकासी योजना के डीपीआर का ग़लत सिद्ध होना, सौर पुंज योजना में प्लेटो एवं बैट्रियों का गबन एवं टेंडर प्रतिक्रिया में गड़बड़ी कांहा गौशाला में भूसा चोखर हरेचारे के फर्जी बिल लगाकर भुगतान करना। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों से पैसे की वसूली करना। नगर में सभासदों द्वारा बार-बार कहने के बावजूद लाईटें नहीं लगाई गई। नल के लीकेजों का सही न होना ।मनमाने भ्रष्टाचार और आमजनमानस के प्रति दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार में पूर्णतः संलिप्त होने के कारण निकाय बोर्ड के आठ सभासद समस्त कार्यक्रमों और बैठकों का बहिष्कार करते हैं।

# 3.50 करोड़ की लागत से सपना राजवाहा व भरौली पोखरे का होगा कायाकल्प

अवधनामा संवाददाता



विधायक पी.एन. पाठक

**विधायक पी.एन. पाठक के प्रयास से शासन ने दी मंजूरी**

**विधानसभा को संवारने के लिए हर सम्भव प्रयास जारी: पाठक**

**कसया, कुशीनगर।** विधायक पी एन पाठक के लिखित मांग पर सपहा राजवाहा के 14.800 कि.मी. से 15.750 तक का काफी दिनों से छतिग्रस्त पड़ी राजवाहा का सी.सी. लाइनिंग व नहर के सुरक्षा कार्य हेतु एक करोड़ 66 लाख रुपए एवं कुशीनगर नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर सात सिद्धार्थ नगर के भरौली पोखरे के सौंदर्यीकरण के लिए शासन द्वारा एक करोड़ 68 लाख रुपए का बजट पास किया गया है। विधायक पी.एन. पाठक ने कहा कि मेरे प्रस्ताव पर सिंचाई व जल संसाधन विभाग से राजवाहा के सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़, 66 लाख, 28 हज़ार की स्वीकृति मिली है और नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर सात में पोखरे के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ 68 लाख रुपए का बजट शासन से पास हुआ है। कुशीनगर में हो रहे निरंतर विकास हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व नगर विकास मंत्री एके शर्मा का कुशीनगर के जनता की तरफ़ से हार्दिक आभार प्रकट करता हूं, और विधायक पी.एन. पाठक ने कहा कि पूरे विधान सभा का चौमुखी विकास हेतु हर प्रकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। शासन में अभी बहुत सारी परियोजनाओं का प्रस्ताव लम्बित है, जल्द ही अन्य विकास परियोजनाओं की स्वीकृति मिलेगी।

# भीषण आग लगी में आठ दुकान व बाइक जलकर खाक, लाखों की क्षति

## फाजिलनगर कस्बे के छोटी ओवरब्रिज के उत्तरी छोर में दुकान में लगी आग

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बे में छोटी ओवरब्रिज के उत्तरी छोर पर शुक्रवार की रात्री एक बजे के आसपास अज्ञात कारणों से लगी आग से नौ दुकानें जल कर खाक हो गई। जिसमें लाखों के नुकसान बताया जा रहा है। शुक्रवार की रात्री करीब एक बजे उक्त ओवरब्रिज के उत्तरी छोर पर अगल बगल के लोग आग की लपट देख शोर मचाना शुरू किया। लोग पुलिस व फायर बिग्रेड को सुचना देने के बाद आग बुझाने लगे। लेकिन आग काबू से बाहर हो गया। जबतक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचती आग से जगदीश मद्धेशिया और रंजीत मद्धेशिया की फल की दुकान, मनीष सिंह की विरयानी की दुकान, गोलू मद्धेशिया की किराने की दुकान मोहन फूल भण्डार, रहमत अली की कपड़े की दुकान, नागेन्द्र मद्धेशिया की बिरयानी की दुकान सहित आठ दुकानें तथा एक प्लेटिना गाड़ी जल कर खाक हो गई। बाद में फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सभी दुकानों को मिलाकर लगभग पन्द्रह लाख से ऊपर नुकसान की आशंका है। घटना के बाद मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने क्षति का आकलन किया।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने उतरवाया होर्डिंग बैनर



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। संहिता लागू होते ही जिले के आला अधिकारियों ने जगह जगह लगाए गए होर्डिंगङ्कबोड व बैनर को उतरवाना शुरू कर दिया। जिले के समर तहसील क्षेत्रों, नगर पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्र के चौक चौराहे पर राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए होर्डिंग बोड व बैनर को प्रशासनिक अधिकारियों ने देर रात तक उतरवाते रहे। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर चौहान के नेतृत्व में नपा प्रशासन व पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में लगे राजनीतिक दलों के होर्डिंग्स बैनर को उतरवाया गया। इस दौरान ईओ मीनू सिंह, हाटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, एस आई सी बी पांडेय, संजीवन मिश्र, रामेंद्र तिवारी, मनोज यादव, सहित राजस्व विभाग सहित नपा कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं उपजिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार नरेंद्र राम नगर पंचायत सुकरौली, नायब तहसीलदार सुनील सिंह नगर पंचायत मथौली बाजार में विभिन्न दलों के पोस्टर बैनर को हटवाया। इसी तरह कसया, तमकुहीराज, खड्डा, पडरौना, सेवरही, मथौली, रामकोला, दुदही, छितौनी, फाजिलनगर, सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों द्वारा बैनर पोस्टर हटवाया गया।

# इंटरनेशनल इंडो-नेपाल टी 20 चैंपियनशिप में पीएसआर ग्रुप को लीड करेगा कुशीनगर का सहीम

अवधनामा ब्यूरो




**सीके नायडू, बीनू मांकड़ और भारतीय रेलवे व रणजी ट्रॉफी का नेतृत्व भी कर चुका है सहीम**

**मैच का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स नेटवर्क फैन कोड और यूट्यूब पर देख सकते हैं**

**कुशीनगर।** चितवन नेपाल में होने वाले अंतरराष्ट्रीय इंडो नेपाल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियनशिप में कुशीनगर का लाल सहीम हसन कप्तानी करते नजर आएंगे।

यह जिम्मेदारी पीएसआर ग्रुप लखनऊ क्लब ने दी है। बता दें कि मूलतः जिले के विकास खंड मोतीचक के गांव लक्ष्मीपुर निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मेहदी हसन का बेटा मो. सहीम हसन नेपाल राष्ट्र में आगामी 21 मार्च से शुरू होने वाला इंटरनेशनल इंडिया नेपाल टी 20 का कप्तानी करते नजर आएगा। इसकी जानकारी होते ही गांव सहित जिले में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि पीएसआर ग्रुप लखनऊ क्लब मोहम्मद सहीम हसन को कप्तानी का जिम्मेदारी दिया है जो कि बीते कुछ वर्षों में इन्होंने उत्तर प्रदेश से सीके नायडू, बीनू मांकड़ और भारतीय रेलवे क्रिकेट बोर्ड के लिए भी सीके नायडू और रणजी ट्रॉफी का नेतृत्व भी कर चुके है। नेपाल में होने वाले इस इंडो नेपाल चैंपियनशिप टूर्नामेंट में 5 टी 20 मुकाबले खेले जाएंगे जो की विभिन्न मैदानों पर होंगे। इसके लिए 15 सदस्यों टीम चुनी गई है। जिसका ट्रायल लखनऊ में किया गया। नेपाल के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके आकाश गुप्ता के देखरेख में हुआ है और ट्रायल में आए खिलाड़ियों के अच्छे खेल को देखते हुए उनको सिलेक्ट किया गया है जिसमें पीएसआर ग्रुप क्लब लखनऊ में उन सभी चयनित खिलाड़ियों पर भरोसा जताया हैं। होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्स नेटवर्क फैन कोड और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पीएसआर ग्रुप लखनऊ ने इस टूर्नामेंट के लिए टीम में दो सदस्य के रूप में टीम के कोच और मैनेजर को भी नियुक्त किया है। 15 सदस्यीय टीम 19 मार्च 2024 को चितवन नेपाल के लिए रवाना हो जाएगी जिसका पहला मैच 21 मार्च को नेपाल में खेला जाएगा।

# किसी भी प्रकार की सरकारी सामग्री का प्रयोग न हो

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अर्न्तगत लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी हो चुकी है, जनपद में तृतीय चरण में दि. 07 मई को मतदान होगा, दि. 04 जून को मतगणना होगी, अधिसूचना लागू होते ही आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी हो चुकी है, आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुए कहा कि अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है, अगले 24 घंटे के भीतर किसी भी सरकारी भवन, मुख्य मार्ग, हाईवे, एक्सप्रेसवे, चौराहों, विद्युत, टेलीफोन के पोल आदि पर किसी भी दशा में प्रचार सामग्री लगी न रहे, सभी होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग तत्काल हटवाये जाएं, किसी भी शासकीय भवन, भूमि का प्रयोग किसी भी राजनीतिक दल द्वारा प्रचार सामग्री लगाने के लिए इस्तेमाल न किया जाए, सभी राजनैतिक दलों से निर्धारित आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। श्री सिंह ने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, खंड विकास अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, ए.आर. कोऑपरेटिव सहित अन्य समस्त विभागों के अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान शासकीय भवन, सरकारी वाहन, किसी भी प्रकार की सरकारी सामग्री का प्रयोग किसी भी दशा में किसी जन-प्रतिनिधियों, प्राइवेट व्यक्ति के द्वारा निर्वाचन कार्य हेतु प्रयोग न किया जाए, शासकीय वाहन, सरकारी संसाधनों का दुरूपयोग होने पर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कठोरतम कार्यवाही होगी। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वायड टीम में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सौंपें गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें, चेकिंग के दौरान किसी के साथ भेद-भाव न किया जाए, चेकिंग, तलाशी की पूरे समय वीडियोग्राफी कराई जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, त्रुटिरहित व शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र को कानून व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, यातायात, रूट चार्ट, वाहन व्यवस्था, सुगम एप्स पर फीडिंग, पोल की व्यवस्था, प्रेक्षक गेस्ट हाउस, लाजिस्टिक, सूचना, एमसीसी सीजर, उल्लंघन, ईवीएम, वैलिट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व बीबीपैट, एफएलसी स्टोरेज, रेण्डमाईजेशन, ट्रांसपोर्ट करना, मतदान दिवस हेतु विधान सभावार भ्रमण प्लान, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रभारी अधिकारी कार्मिक से समन्वय स्थापित कर ईवीएम मशीनें, मतपत्र, डाक मतपत्र, ईटीपीबीएस, ईडीसी की तैयारी, ईवीएम हेतु मतपत्र, पुलिसकर्मी, ड्राईवर, मजिस्ट्रेट व्यवस्था कर्मी को ईडीसी सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर दिव्यांगजनों की सूची तैयार करनें, मतदान के प्रति जागरूकता, सोशल मीडिया सम्बन्धी सूचना, मतदाता सूची सम्बन्धी कार्यो, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन हेतु प्रभारी अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु को कार्मिक, प्रशिक्षण, मानव संसाधन का प्रबंध, मतदान कार्मिकों की नियुक्ति, सैक्टर-जोनल मजिस्टेउ्ट, माइक्रो प्रेक्षक आदि का प्रशिक्षण, प्रभारी अधिकारी यातायात, मतपत्र, स्टेशनरी से समन्वय, कैमरे हेतु कार्मिक व्यवस्था, निर्वाचन व्यवस्था, सुरक्षा में लगे कार्मिकों को चिन्हित करके प्रभारी अधिकारी मतपत्र को ईडीसी हेतु सूचित करने, एएमएफ,मतदान केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाओं हेतु प्रभारी अधिकारी

# मानसिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों की बहुत कमी है



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मानसिक रोग से पीड़ित लोगों के प्रति समाज में उदासीनता है उन्हें सिर्फ चिकित्सा देने तक सीमित कर दिया गया है उनके पुनर्वास की परवाह कोई नहीं करता जबकि सिर्फ दवाइयां ही ऐसे मरीजों का पूर्णता इलाज नहीं है उन्हें सामाजिक, मानसिक व्यावसायिक सहयोग भी मिलना चाहिए ताकि वह अपनी सामाजिक पहचान बना सके इसके लिए संसाधन बढ़ाए जाने की भी जरूरत है आज आईएमए भवन में आयोजित रिचमंड फैलोशिप समिति लखनऊ शाखा के 19 में वार्षिक उत्सव तथा उत्तर प्रदेश में मानसिक रोगियों के पुनर्वास की चुनौतियां विषय पर आधारित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इस विषय पर अपने विचार खुलकर व्यक्त किया।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वेणुगोपाल झावर ने कहा कि मानसिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों की बहुत कमी है संसाधन भी बहुत सीमित है ऐसे में रोगियों का पुनर्वास बहुत बड़ी चुनौती है। जो स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही है अपने खुद के संसाधन से संचालित हो रही है। डॉक्टर वेणुगोपाल ने कहा कि मानसिक रोगी से डरना नहीं चाहिए बल्कि उसकी प्रतिभा व क्षमता को निखारने का प्रयास होना चाहिए।

## आदर्श आचार संहिता लगते ही नगर पालिका फर्रुखाबाद की टीम ने होल्डिंग उतारने में जुटे



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आदर्श आचार संहिता लगते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका कर्मचारी होर्डिंग बैनर उतारने में जुटे रहे। अधिसूचना जारी होते ही नगर पालिका कर्मचारियों ने सबसे पहले फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर लगे होर्डिंग बैनर उतारना शुरु किया। शहरी क्षेत्र में राजनीतिक दलों के लगे होर्डिंग बैनर को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन को लेकर नगर पालिका कर्मी उतारने में जुट गए। नगर पालिका कर्मचारी लैंप लाइट सही करने वाली क्रेन, ट्रैक्टर आदि से होर्डिंग, बैनर उतारने में जुटे हुए हैं। अमृतपुर फर्रुखाबाद। चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही आदर्श आचार चुनाव संहिता भी लागू हो गई है।

## पोस्टर तथा बैनरों पर चला प्रशासन का चाबुक

**उरई ( जालौन) अवधनामा संवाददाता।** आचार संहिता लागू होते ही जिलेभर में राजनीतिक होर्डिंग हटाने का अभियान शुरु हो गया है। आज शहर से लेकर कस्बों तक होर्डिंग हटाए गए। आचार संहिता लागू होते ही जिलेभर में राजनीतिक होर्डिंग हटाने का अभियान शुरु हो गया है। शाम कोशहर से लेकर कस्बों तथा ग्रामीण स्तर तक होर्डिंग हटाए गए। कस्बा कुठौंद में शाम को टीम लेकर प्रशासनिक अधिकारी सड़क पर उतर पड़े। नायब तहसीलदार मुकेश कुमार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज साथ मे बरिष्ठ उप निरीक्षक शशांक बाजपेई ,उप निरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक सुजीत मिश्रा, उप निरीक्षक पुल्लन सिंह, एस आई कैलाश चंद्र तथा पुलिस-फोर्स की टीम के साथ पंचायत विभाग के सफाई कर्मीयों ने होर्डिंग हटाना शुरु कर दिया।

# लोकसभा बिगुल बजने से पहले सदर तहसील में संपूर्ण समाधान का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले अंतिम संपूर्ण समाधान तहसील सदर की अध्यक्षता सीडीओ संजय कुमार मीना सदर तहसील सभागार में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का किया निराकरण अब लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून 2024 को समाप्त होने के बाद तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा।

सदर तहसील में आए हुए फरियादियों की फरियाद एसडीओ संजय कुमार मीना द्वारा सुना गया आए हुए समस्त फरियादियों के समस्याओं को त्वरित न्याय देने का संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया एसडीओ ने कहा कि किसी भी फरियादी को बार-बार परेशान ना किया जाए अगर परेशान करने की शिकायत किसी भी अधिकारी के खिलाफ सूचना मिलती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी शासन स्तर पर दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें शत प्रतिशत फरियादियों को न्याय संगत न्याय देने का कार्य करे।

तहसील दिवस में अधिकतर जमीनी विवाद और पारिवारिक विवाद या न्यायालयों में चल रहे मुकदमे जैसे मामलों के फरियादी आए हुए थे। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी तहसीलदार सदर विकास कुमार सिंह तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार एसओसी शशिकांत सीओ चकबंदी दीवान बाजार विनोद जैसल नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार श्रीवास्तव नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडेय नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान सहित कानूनगो लेखपाल व जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रधान की दबगई से पीड़ित महिला ने तहसील परिसर में पेट्रोल डालकर आग लगाने का किया प्रयास

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** प्रधान की पीड़ित महिला ने तहसील दिवस में पेट्रोल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। महिला को समझा कर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। कोतवाली मोहम्मदाबाद के पिपरगांव निवासी अलादीन की पुत्री अनवरी बेगम ने मजबूरन जान देने का दुस्साहसिक कार्य किया है।

आम लोगों की तरह अनवरी बेगम ने तहसील दिवस में एसडीएम सदर को शिकायती पत्र दिया आमतौर से एसडीएम ने शिकायती पथ पर कार्रवाई करने का आदेश कर दिया। किसी प्रकार की पूछताछ न किए जाने और कार्रवाई न किए जाने से महिला काफी दुखी हो गई। तहसील सभागार के बाहर निकलने पर महिला ने गैलरी में पेट्रोल अपने शरीर के ऊपर डाल लिया और आग लगाने के लिए माचिस जलाने लगी। एडीएम का सुरक्षा गार्ड प्रवेश कुमार मौजूद था पेट्रोल की महक लगने पर उसकी नजर महिला पर पड़ी। उसने तुरंत ही महिला को पकड़ लिया महिला कोल्ड ड्रिंक की एक लीटर की बोतल में पेट्रोल छिडकर ले गई थी। घटना की जानकारी होते ही अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हंगामा होते ही समाधान दिवस में मौजूद एडीएम एसडीएम तहसीलदार एवं सीओ महिला के पास पहुंचे उसे समझा कर सभागार में ले जाया गया।

एसडीएम ने पीड़ित महिला से घटना के बारे में पूछताछ की बाद में गांव ले जाकर कार्रवाई करने के नाम पर महिला को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। अनवरी बेगम ने शिकायती पर देकर एसडीएम को अवगत कराया था कि घर के सामने चबूतरा है जिसका उपयोग करती है। उस पर कोई रास्ता आदि नहीं है फिर भी वर्तमान ग्राम प्रधान कुन्तेश यादव अपनी गुंण्डा गर्दी व अपराधी किस्म के व्यक्तियों के साथ मिलकर जबरदस्ती सरकारी सडक बनवाने के प्रयास में है जब परिवार विरोध करता है तो वह मानने को तैयार नही है।

## सूचना

मैं मोहम्मद अमान सिद्दीकी पुत्र अब्दुल सलाम, निवासी 98/151 भूसा मंडी अमीनाबाद लखनऊ का रहने वाला हूं । मैने अपना नाम मोहम्मद अमान सिद्दीकी से बदलकर मोहम्मद अमान रख लिया है अब भविष्य में मुझे मोहम्मद अमान के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुअक्किल प्रोटियम फाइनेन्स लि0 द्वारा अपने ग्राहक नित्या ट्रेडर्स व श्रीमती कल्पना को उनकी सम्पत्ति भवन मय भूमि क्षेत्रफल 171.933 वर्ग मीटर जो खसरा सं0-316 के भाग पर निर्मित है स्थित- भमरौली शाहपुर, वार्ड- हैदरगंज, लखनऊ को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहते हैं। उक्त सम्पत्ति की श्रीमती कल्पना ने उसके पूर्व स्वामीगण श्री संतोष, श्रवण कुमार, कमल किशोर, कौशल किशोर व सावित्री देवी से एक विक्रय पत्र दिनांकित 10.03.2016 (क्रम सं0- 2517) के माध्यम से क्रय किया था तथा पूर्व स्वामीगण संतोष इत्यादि ने पूर्व में उक्त खसरा सं0- 316 के सम्बन्ध में एक पंजीकृत विक्रय अनुबन्ध पत्र दिनांकित 24.12.2013 (क्रम सं0-14188) श्री रशीद अहमद के पक्ष में निष्पादित किया था। यदि श्री रशीद अहमद अथवा अन्य किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित बंधक किये जाने के विरुद्ध कोई आपत्ति हो, तो उस आपत्ति के विधिक आधार एवं साक्ष्यों के साथ मुझसे 7 दिन के अन्दर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे मुअक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर मेरे मुअक्किल का विधिक प्रभार होगा।

(एम0एम0 सिद्दीकी) एडवोकेट
मो0 8896584050
कार्यालय: ग्राउण्ड फ्लोर, मक्का मंजिल, बी0एन0 रोड, निकट रेड चर्च, लालबाग, लखनऊ।

# रामोत्सवः भजन संध्या स्थल

## संस्कृति निदेशालय की ओर से अयोध्या के विश्व प्रकाश को मिला श्रेष्ठ उद्घोषक का सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** सांस्कृतिक चेतना को जन जन के मन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अयोध्या में आयोजित रामोत्सव का भजन संध्या स्थल मंच पर चला सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण जहां चुनौती पूर्ण था तो वहीं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद से प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के अयोध्या आगमन पर उनके मन में राम जी के आदर्शों को सबके मन मस्तिष्क तक विस्तार देना भी आयोजकों का बड़ा उद्देश्य था, जिसमें एक अति महत्वपूर्ण भूमिका उद्घोषक की भी रहती है जिसके महत्वपूर्ण भूमिका से सामान्य कार्यक्रम भी विशेष हो जाता है,और इस भूमिका का बहुत ही शानदार निर्वहन किया संस्कृति विभाग के लिए अयोध्या के विश्व प्रकाश रूपन ने।अपने अनूठे अंदाज में दर्शकों, कलाकारों के बीच सुंदर सम्पर्क बनाते स्वरचित रचनाओं, प्रेरक कविताओं व दोहों के साथ बेहद प्रभावी नियंत्रण में उनके किये गये संचालन की चर्चा दूर तक पहुंची।

परिणामस्वरूप शानदार उद्घोषक के रूप में संस्कृति विभाग की ओर से कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक द्वारा श्रेष्ठ उद्घोषक का सम्मान राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य प्रतिनिधि विश्व प्रकाश रूपन को प्रदान किया गया।

इस दौरान प्रस्तुति देने आये कलाकारों ने भी संचालन की कला में कुशल हो रहे विश्व प्रकाश रूपन की संस्कृति विभाग के अधिकारियों से मुक्त कंठ से जहां सराहना की तो वहीं उनके द्वारा रामोत्सव को सफल बनाने में जी जान से लगे एक एक व्यक्ति चाहे वो नामी रहा या गुमनाम सभी को यथायोग्य महत्व के साथ किया गया संचालन कार्यक्रम को बहुत खास बनाने हेतु उनके शानदार समर्पण की प्रशंसा भी की।

श्री रूपन को उनके इस ईश्वर प्रदत्त गुंण के लिए सम्मानित किये जाने पर विभागीय अधिकारियों के साथ, सामाजिक संगठनों, राजनीतिज्ञों व धर्माचार्यों ने भी शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया है।

सम्मान से अभिभूत विश्व प्रकाश रूपन ने इसका श्रेय अपने माता पिता गुरुजनों व परिवार के सदस्यों के साथ संघ से प्राप्त संस्कारों को देते सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि राम जी के जीवन से प्रेरणा लेकर ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

सम्मान स्वरूप उन्हें श्रीराम दरबार उकेरित सुंदर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था द्वारा काव्य पाठ का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** शहर के एक होटल में साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था क्लब सेपियंस द्वारा सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया ।संस्थापक डॉ कंचन जायसवाल ने शहर की विदुषी एवं सक्रिय शख्सियतों डॉक्टर सुमति दुबे, डॉक्टर शोभा सत्यदेव ,डॉक्टर कुमुद सिंह को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात काव्य पाठ का आयोजन हुआ । इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुमति दुबे ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने हक के लिए जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम संचालिका व संस्थापक कंचन लता जायसवाल ने बताया कि यह आयोजन काव्य पाठ को लेकर किया गया जिसमें शहर की प्रतिष्ठित विदुषी व उभरती महिलाओं ने अपनी-अपनी बात रखी जिससे सभागार में हंसी के ठहाके भी खूब लगे इस मौके पर अंकित तिवारी, सुप्रिया मिश्रा ,गरिमा सिंह ,बुशरा खातून एवं अरुणिमा मिश्रा ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

# चित्रकला शिविर के जरिये चित्रकारों को योगी सरकार ने दिया मंच

## 11 मार्च से शुरू शिविर का शनिवार को हुआ समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के उपरांत योगी सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराई। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बना। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों ने हिस्सा लिया। अयोध्या में देश के सभी प्रदेशों से आए सुप्रसिद्ध कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन एवं उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत एवं मूर्त रूप में सृजित किया। चित्रकला शिविर में नवोदित कलाकार एवं कला के विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियों को देखने एवं सीखने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ।

देश-प्रदेश के सुप्रसिद्ध 40 नामचीन चित्रकार ने किया प्रतिभाग

राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा राम उत्सव 2024 के अंतर्गत शनिवार को राष्ट्रीय चित्रकला शिविर का आयोजन बस स्टेशन अयोध्या धाम में स्थित निषाद राज गुह अतिथि गृह में आयोजित किया गया। इस शिविर में देश भर के 51 कलाकारों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें 40 कलाकारों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागी कलाकार महाराष्ट्र कोलकाता दिल्ली भोपाल कुरुक्षेत्र वाराणसी शिमला उदयपुर भुवनेश्वर आदि से पधारे और उन्होंने राम आधारित चित्रों का सुंदर संयोजन करते हुए चित्रांकन किया। प्रतिभागी कलाकारों में डगलस जान मुंबई आनंद पांचाल, विनय शर्मा जयपुर शिव बालन तमिलनाडु सुकांता दास कोलकाता उत्तर प्रदेश से प्रणाम सिंह वाराणसी राजेंद्र प्रसाद लखनऊ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रतिभा गोयल, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय विशेष अतिथि नीतीश कुमार, जिलाधिकारी अयोध्या एवं विशिष्ट अतिथि अश्वनी कुमार पांडे उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण अयोध्या की उपस्थिति में संपन्न हुआ।प्रतिभागी कलाकारों को अकादमी की ओर से अंग वस्त्र स्मृति




चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

स्लाइड शो, कलाकृतियों के जरिए युवा छात्र-छात्राओं को कराया गया परिचित

राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में कलाकृतियों के जरिए भी दिग्गज कलाकारों की शैली और तकनीक को जानने का अवसर भी छात्र छात्राओं को मिला। राममय अयोध्या को कलाकार किस दृष्टि से देखते हैं, इस शिविर का आयोजन भी इसी उद्देश्य के साथ किया गया है। शिविर अवधि में वरिष्ठ कलाकारों द्वारा अपने कार्यों का स्लाइड शो व व्याख्यान भी दिया गया। शिविर में स्थानीय स्तर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों का सहयोग भी मिला।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर यथासम्भव मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्ता पूर्ण निराकरण हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने भूमि विवाद सम्बंधी प्रकरणों में राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार मय पुलिस मौके पर जाकर उभय पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण एवम् समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने चक मार्गों पर अतिक्रमण संबंधी मामलों में तहसीलदार को चकमार्गो को नक्शे रकबे के अनुसार कायम करने तथा रिपोर्ट संबंधित ब्लॉक को अग्रेत्रर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर राज कुमार पांडेय, पीडी डीआरडीए, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अब शहर के चप्पे चप्पे पर रहेगी नजर, पुलिस लाइन में ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम शुरू

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से पुलिस लाइन में नव निर्मित ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम का उद्घाटन व थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत चौकी सिविल लाइन का जीर्णोद्धार के उपरांत लोकार्पण किया। इस अवसर पर एएसपी उत्तरी, एएसपी दक्षिणी, सीओ सिटी, सीओ सदर समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा आज शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन में निर्मित ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम का संयुक्त रूप से उदघाटन किया गया। एसपी ने बताया कि ट्रैफिक कण्ट्रोल रूम से शहर क्षेत्र में लगे आल्ट्रा मार्डन 44 आईटीएमएस कैमरे एवं इसके अतिरिक्त जनपद में जनसहयोग व विभिन्न योजनाओं के तहत लगे कैमरों की मानीटरिंग व फीड ली जायेगी। इससे जाम की समस्या से राहत व अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। इसके पश्चात डीएम व एसपी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत चौकी सिविल लाइन का जीर्णोद्धार के उपरांत लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कन्नौजिया, क्षेत्राधिकारी सदर सुमित त्रिपाठी प्रतिसार निरीक्षक सुभाषचन्द्र मिश्र, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर




अजय कुमार त्रिपाठी महिला थानाध्यक्ष श्रीमती मुन्नी देवी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## आदर्श आचार संहिता लागू, अनुपालन में हटी होर्डिंग्स

**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव का एलान करने के बाद शनिवार शाम जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क हो गया है। अधिकारियों ने देर शाम जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

इसके साथ ही एडीएम व एसडीएम ने अभियान चलाकर बैनर और होर्डिंग्स हटाने का कार्य भी शुरू करा दिया। चुनाव की घोषणा के साथ ही पूरा प्रशासन चुनावी मोड में आ गया है।

अधिसूचना जारी होने के साथ ही कई विकास कार्य जहां प्रभावित हो जाएंगे, वहीं कई कार्य ठप हो जाएंगे। इसके अलावा कई कार्य ऐसे हैं जिनका बजट होने के बाद भी ये शुरू नहीं हो सकेंगे।

निर्वाचन आयोग ने शनिवार शाम लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उमड़े फरियादी



**फतेहपुर बाराबंकी।** शासन के निर्देशानुसार आज महीने के तीसरे शनिवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ साथ ही पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के आने से सुबह से लगी रही फरियादियों की भीड़ समाधान दिवस में बड़ी संख्या में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें राजस्व सम्बंधित मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। पुलिस विभाग विकास विभाग विद्युत विभाग खाद्य एवं रसद विभाग कृषि विभाग शिक्षा विभाग नगर पंचायत से सम्बंधित प्रार्थना पत्र आये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी फतेहपुर पवन कुमार, सी ओ फतेहपुर रघुबीर सिंह, तहसीलदार फतेहपुर नर सिंह नारायण वर्मा, नायब तहसीलदार कुर्सी, नायब तहसीलदार फतेहपुर,बी डी ओ फतेहपुर, सूरतगंज, बी डी ओ निन्दुरा, प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर धीरेन्द्र कुमार सिंह, सहित कोतवाली कुर्सी कोतवाली मोहम्मदपुर, कोतवाली बड्डूपुर, कोतवाली घुघटेर के प्रभारीगण उपस्थित रहे, साथ ही सभी विभागों के जिला व तहसील स्त्रीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकार किसानों को स्वेच्छा से फसल बिक्री की आजादी देगीः रजनी सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कांग्रेसियों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर न्याय चौपाल का आयोजन बिसौली क्षेत्र में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह द्वारा की गई। बिसौली विधानसभा के ग्राम सिसरका में किसान न्याय चौपाल लगा कर किसानों से संवाद किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव रजनी सिंह बागी रही। मुख्य अतिथि ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों को एमएसपी की गारंटी देगी,कानून बनाकर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को वैधानिक संस्था का दर्जा देकर संसद में कानून पारित करेंगे। उन्होंने ने कहा एमएसपी को सभी के लिए अनिवार्य बनाया जाएगा,इसके लिए बाजार हस्तक्षेप सहित सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने



कहा कि कांग्रेस किसानों के मुद्दों को लेकर पूरे प्रदेश में जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पहली कलम से किसानों को एमएसपी देने का वादा किया था,दस साल बाद भी किसानों को एमएसपी नहीं दिया। कार्यक्रममें बोलते हुए जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय आवाह्व पर पांच घोषणाएं इस मंच से कर रहे है जिन्हें पूरा किया जाएगा,श्री सिंह ने कहा कांग्रेस स्वास्थ्य के अधिकार कानून की गारंटी देती है।श्रम का सम्मान- कांग्रेस 400 रुपए प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी मनरेगा श्रमिकों के लिए न्यूनतम होगी।शहरी रोजगार गारंटी- कांग्रेस शहरी क्षेत्रों के लिए एक रोजगार गारंटी अधिनियम लाएगी, जिसमें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, शहरों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार ढालने और सामाजिक सेवाओं में गैप को पाटने पर ध्यान दिया जाएगा। कांग्रेस सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित व्यापक सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा पारित श्रमिक-विरोधी लेबर कोड्स की व्यापक समीक्षा और श्रम के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संशोधन करने की गारंटी देती है। कांग्रेस मुख्य सरकारी कार्यों में रोजगार के लिए कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को बंद करेगी।कार्यक्रम का संचालन यूनुस अली द्वारा किया।

इस मौके पर इगलास हुसैन, सोमेंद्र यादव, नरेशपाल, नरेंद्र कठेरिया, डीके पाल, देवेंद्र चौहान, सोनपाल शाक्य, मीणा शाक्य, सरताज खान, मुन्नवर, भूरे, लोकपाल सिंह, उमेश मिश्रा, सुधीर उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## एमएलसी ने हाईमास्ट लाइट योजना का किया आरंभ

**बाराबंकी।** एमएलसी अवनीश सिंह ने अपने स्नातक क्षेत्र के सभी जनपदों में हाईमास्ट लाइट एवम सिलाई मशीन योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने भटेहटा गांव स्थित बाबा रामप्रसाद मोड़ पर स्वीकृत हाईमास्ट लाइट का शनिवार को पूजन अर्चन करके योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में लखीमपुर, बाराबंकी सीतापुर, हरदोई प्रतापगढ़, रायबरेली एवम लखनऊ शामिल हैं। बताया कि ओएनजीसी की सीएसआर योजनानर्तागत कुल 110 सोलर हाई मास्ट लाइट एंव 150 सिलाई मशीन स्वीकृत हुए हैं। इस अवसर पर विपिन सिंह राठौर, रंगनाथ त्रिपाठी अनुपम निगम, अभिषेक तिवारी मौजूद रहे।

# ताइक्वांडो की कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ताइक्वांडो की कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले खिलाडियों को महिला थाना प्रभारी श्रीमती मुन्नी सिंह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में ताइक्वांडो की कलर बेल्ट परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती दीपमाला और उप-प्रधानाचार्य श्रीमती कंचन चतुर्वेदी कि नेतृत्व में मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी श्रीमती मुन्नी सिंह ने बच्चों को बेल्ट बांधकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बताया कि ताइक्वांडो मार्शल आर्ट एक बेहतर तकनीक है, जिससे हम अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर समाज में सकारात्मक कार्यों को करने में अपना योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर ताइक्वांडो प्रशिक्षक राष्ट्रीय पदक विजेता राकेश कुमार धानुक ने बताया




कि उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित कलर बेल्ट परीक्षा में विद्यालय के 17 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें बच्चों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती दीपमाला ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और संबोधित करते हुए उपस्थित खिलाड़ियों और अभिभावको का सम्मान और आभार प्रकट किया। उप-प्रधानाचार्य श्रीमती कंचन चतुर्वेदी ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। योद्धा ताइक्वांडो मार्शल आर्ट के मुख्य प्रशिक्षक जय शंकर ने सफल होने वाले सभी खिलाड़ियों प्रशिक्षक स्कूल के समस्त स्टाफ को बहुत बहुत बधाई दी।01

## चौक के संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक ने चौक थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील बूथो का निरीक्षण किया। चौक थाने का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यालय के अभिलेखों महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर ग्राम रजि0, त्यौहार रजि0, आदि रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मी को रजिस्टर अद्यतन करने के साथ-साथ उनके रख रखाव के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया साथ ही कार्यालय में रखे अन्य महत्वपूर्ण फाइलो एंव रजिस्टरो के रख रखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। सीसीटीएनएस कार्यालय को चेक करते हुए साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्यों को समय से पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत थाना चौक क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले संवेदनशील बूथ जमुना प्रसाद शंभू प्रसाद इंटर कालेज



टीक छावनी मिठौरा , पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेखुई मिठौरा व प्राथमिक विद्यालय पड़री कला मिठौरा थाना चौक जनपद महराजगंज का स्थलीय निरीक्षण सत्यापन करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष ने पचरुखिया में ग्रामीणों से जाना हाल



**महराजगंज।** पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर शनिवार को जनपद के पचरुखिया में पहुंचे। जहा पर उन्होने पचरुखिया में 1999 की घटना के संदर्भ में जानकारी के लिए पहुंचे थे जहां उन्होंने ग्रामीणों से 1999 के घटना के बारे में जानकारी ली और न्याय दिलाने की बात कहीं। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने बताया कि महाराजगंज जिले से पुराना रिश्ता रहा है क्योंकि यहां के बतौर एसपी भी तैनात रहा हूं। उन्होने बताया कि 1999 में पचरुखिया गांव में जो घटना हुआ था उसमें बेकसूर को इसमे शामिल किया गया उसे हम न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने पार्टी को गरीबो और पीड़ितों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है। आने वाले अगले चुनाव में महराजगंज से भी हमारे पार्टी से प्रत्याशी के उतारा जाएगा। फिलहाल इस साल प्रदेश के कई जिलों से हम प्रत्याशी उतारने का काम कर रहे हैं। हमारी पार्टी हमेशा गरीब लोगों के हित में काम करने का प्रयास करेगी।

## शराब भट्ठी हटाने के लिये महिलाओं ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** कोठीभार थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़हरा महंथ गांव के महिलाओं ने देशी शराब भट्ठी हटवाने के लिये एक घंटे तक प्रदर्शन की मौके पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने समझाबुझाकर कर वहां से महिलाओं को हटाया।



शनिवार को गांव की लगभग पचास महिलाओं ने नहर की पटरी पर स्थिति देशी शराब भट्ठी के सामने हंगामा करने लगी।उन महिलाओं का आरोप था कि शराब भट्ठी के कारण महिलाओं और स्कूली छात्राओ का आना जाना दुभर हो गया है। महिलाओं ने बताया कि भट्ठी प्रातः चार बजे से लेकर रात 12 बजे तक खुली रहती है और यहां शोहदे बैठे रहते हैं। आने जाने वाली महिलाओं व स्कूल जाने वाली लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं, विरोध करने पर मारपीट के लिए तैयार हो जाते हैं। इस मामले मे कई बार पुलिस को सुचना दी गई परन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। महिलाओ ने कहा कि जबतक भट्ठी नहीं हटेगी तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेगे। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद महिलाएं भट्ठी के सामने से हटी।

उन्होंने कहा कि भट्ठी हटवाने के लिये स्थानीय थाने सहित डीएम,एसपी,एसडीएम और आबकारी विभाग के अधिकारियो से मिलेंगे। इस संदर्भ मे प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान मे है, महिलाओं को आबकारी विभाग या जिलाधिकारी से अपना पक्ष रखने की बात समझा कर वापस घर भेज दिया गया है।

## सार्वजनिक भवनों से हटा राजनितिक बैनर पोस्टर




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ प्रभावी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी उपस्थिति में सार्वजनिक भवनों से राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया गया।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मुख्यालय मार्ग से मऊपाकड़ तिराहे तक होर्डिंग, स्टैंडी, बैनर, पोस्टर सहित विभिन्न राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया। जिलाधिकारी महोदय ने एसडीएम और अधिशासी अधिकारी को चरणबद्ध तरीके से सभी राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाने और आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करवाने का निर्देश दिया। ईओ नगर पालिका ने बताया कि शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गोरखपुर रोड, फरेंदा रोड, निचलौल रोड और चौक रोड पर व्यापक अभियान चलाते हुए राजनीतिक प्रचार सामग्रियों को हटवाया जा रहा है और देर रात तक सभी प्रचार सामग्रियों को हटवा दिया जायेगा। इसके बाद वाल पेंटिंग आदि को भी हटाया जायेगा। अभियान के दौरान एसडीएम सदर रमेश कुमार, ईओ नगर पालिका आलोक कुमार मिश्रा, कोतवाल आदि उपस्थित रहे।

# सांसद की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के तत्वावधान में आयोजित जिला विकास समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोहिया कलाभवन में सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सदस्य विधान परिषद प्रतिनिधि विजय बहादुर चौधरी, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई। अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद ने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात विगत 23 नवम्बर को सम्पन्न जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के बैठक की कार्यवृत्त एवं अनुपालन आख्या का अवलोकन करके विभागवार समीक्षा की गयी। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने रेलवे के अधिकारी से भीमापार अण्डर पास की स्थिति एवं खलीलाबाद- बांसी-डुमरियागंज-श्रावस्ती रेल लाइन की अद्यतन स्थिति के बारे जानकारी प्राप्त की। सांसद को अवगत कराया गया कि खेसरहा रेलवे स्टेशन का टेण्डर कर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बांसी रेलवे स्टेशन का भी टेण्डर हो गया है भूमि के चयन की कार्यवाही चल रही है शीघ्र ही इसको पूर्ण कर लिया जायेगा। अधि अभि ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण योजना में जो कार्य स्वीकृत हुये हैं उनका कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 15 किमी सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण के कार्यो की निविदा प्रक्रिया में है। अधि अभि एन.एच. 28 ने अवगत कराया कि ककरहवा से रूधौली तक जो सड़क खराब हो गयी थी वर्तमान में पूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग गड्ढ़ामुक्त/ संचालित स्थिति में है तथा राजमार्ग का मरम्मत व रखरखाव कार्य निरन्तर परियोजना सम्वेदक द्वारा किया जा रहा है। सांसद ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि आरडीएसएस योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्यो में प्रगति लाकर जर्जर तार, पोल, ट्रांसफार्मर आदि बदलने की कार्यवाही पूर्ण करायें। राजकीय नलकूपों के नाली निर्माण के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि खेतों में फसल लगे होने के कारण नाली मरम्मत का कार्य फसल कटने के बाद करा दिया जायेगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जनपद में निवेशकों द्वारा कुल 237 इकाइयों में 908.69 करोड़ का एमओयू किया गया है, जिसे धरातल पर उतारने के लिए सभी निवेशकों से सम्पर्क किया जा रहा है। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि उद्यमियों द्वारा जनपद में इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश करके जनपद के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया है जिससे जनपद के अन्य लागों को भी जनपद में ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों में प्रगति लाकर समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस बैठक में निर्धारित किये गये एजेन्डा बिन्दु के अनुसार कुल 44 बिन्दुओ की समीक्षा की गयी। सांसद ने जिलाधिकारी पवन अग्रवाल को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों के साथ विकास कार्यो की समीक्षा कर समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण करायें, जिससे 112 पिछड़े जनपदों में सिद्धार्थनगर जनपद टाप 2 से टाप 1 पर पहुंच सके। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं के कार्य का शिलान्यास हो गया है वह कार्य चलते रहेंगें।

## छात्र एवं छात्राओं को दी गई शिक्षा की जानकारी



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत सीमा सशस्त्र बल द्वारा नेपाल सीमा के करीब बीएस कन्या इंटर कालेज ठोठरी मे शनिवार को पहुंच कर छात्र एवं छात्राओं से संपर्क कर शिक्षा की जानकारी दिया कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद कैसे नोकरी प्राप्त करे। 66 वीं वाहिनी के कमांडेंट जगदीश प्रसाद धवाई ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा पास करने के बाद कौन सी नोकरी करना है। उसी को लक्ष्य बनाकर पढ़ना चाहिए। नौकरी पाने के लिए अच्छी शिक्षा जरुरी है लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए। छत्र एवं छात्राओं को जिन विषयों मे रुचि ज्यादा हो उस ही हिसाब से अभिवावकों को तैयारी करना चाहिए। इस दौरान सहायक कमांडेट रामबहादुर गुरुंग, इंस्पेक्टर राजीव कुमार, चौकी प्रभारी हरबंसपुर मनोज कुमार सिह, बुद्धिसागर पांडेय, साधना पांडेय, हेड आरक्षी इंद्रजीत सिह सहित अन्य मौजूद रहे।

## एनटीपीसी टांडा में हिन्दी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टांडा परियोजना में दिनांक 16 मार्च 2024 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान ने किया। कार्यशाला में एनटीपीसी टांडा के नोडल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में प्रशिक्षक, श्रीनिवास शर्मा, वरि प्रबंधक (राजभाषा), एनटीपीसी ऊंचाहार द्वारा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी में कार्य किए जाने के सरल तरीकों के बारे में जानकारी दी गयी।प्रशिक्षक श्री शर्मा ने धारा 3 (3) के तहत आने वाले कागजातों एवं संसदीय समिति के निरीक्षण के लिए तैयारी रखने के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस हिंदी कार्यशाला के माध्यम से कुल 30 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। हिंदी कार्यशाला का संचालन वरुण सोनी, सदस्य सचिव राजभाषा एवं अधिकारी (जनसंपर्क) द्वारा किया गया।

## शिविरार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर रामबली सिंह पूर्व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिंडोरिया में चल रहा है। दूसरे दिन शिविरार्थियों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शिविर स्थल के आसपास और चयनित ग्राम में जाकर साफ-सफाई का कार्य किया गया तथा ग्रामवासियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य शिविरार्थियों के माध्यम से किया गया। बौद्धिक सत्र में आग नियंत्रण विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में अमेठी के अग्नि शमन अधिकारी अरशद खान ने अचानक लगी आग को बुझाने के उपाय बताते हुए कहा कि अगर घरेलू सिलेंडर से आग लगी हो तो तुरंत ही उसके ऊपर भीगा कपड़ा या बाल्टी रख देनी चाहिए। फायर स्प्रिंकलर सिस्टम एक सक्रिय अग्नि सुरक्षा विधि है जिसमें एक जल आपूर्ति प्रणाली शामिल होती है। जो जल वितरण पाइपिंग सिस्टम को पर्याप्त दबाव और प्रवाह प्रदान करती है जिस पर फायर स्प्रिंकलर जुड़े होते हैं। कार्यक्रमाधिकारी डॉ सुधीर सिंह ने कहा कि एन एफ पी ए उन मानदंडों को भी सूचीबद्ध करता है जिन्हें कुछ प्रकार की अग्नि शमन प्रणालियों की आवश्यकताओं के लिए पूरा किया जाना चाहिए। इस शिविर में डॉ रणविजय सिंह डॉ अजय कुमार सिंह डॉ सीमा सिंह डॉ पवन कुमार पांडेय डॉ मनीषा सिंह एवं स्वयंसेवक सेविकाएं सम्मिलित हुए ।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** तहसील नौगढ़ में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र द्वारा किया गया।


पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने किया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस नौगढ़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 55 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-33, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-12, विकास-10 मामले प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व विभाग के 2 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवनलाल, तहसीलदार नौगढ़, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जन अधिकार पार्टी ने कांशीराम जयंती को मनाया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जन अधिकार पार्टी के तत्वाधान में बहुजन समाज पार्टी के कांशीराम की जयंती को मनाते हुये एक गोष्ठी जन अधिकार पार्टी के मंडल सचिव के आवास पर आयोजित किया गया। कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।मंडल सचिव ब्रजमोहन कुशवाहा एड. ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने बहुजन समाज की संगठित कर बहुजन समाज को राजनैतिक सामाजिक चेतना जगाकर नेतृत्व के साथ हक अधिकार के साथ राजसत्ता पाने का सपना साकार किया।लेकिन वर्तमान सरकार वंचितों को पुनः थोड़ा सा लालच देकर उन्हें बाबा साहब भीमराव आंबेडकर द्वारा भारतीय संविधान में प्रदत्त अधिकारों में निरंतर कटौती कर रही है।आज जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा उनके आंदोलन को आगे बढ़ा रहे है। इसलिए जन अधिकार पार्टी से जुड़कर मजबूत करना होगा।

# नदी में डूबे किशोरों का नहीं लगा कोई सुराग, परिजन दुःखी



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार सायं 4 बजे डुमरियागंज क्षेत्र के गौरा घाट राप्ती नदी में नहाने गये दो किशोर गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गये थे। तब से अब तक पुलिस व एनडीआरफ की टीम डूबे किशोरों की तलाश में लगी है। लेकिन 24 घण्टे के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव निवासी 5 बच्चे शुक्रवार शाम चार बजे गौरा घाट स्थित राप्ती नदी में नहाने गये हुए थे। जहां नहाते समय संकित गुप्ता 15 पुत्र श्याम सुन्दर ,राम धन 15 पुत्र कल्लू गहराई में जाने की वजह से गये जबकि तीन बच्चे मौके से फरार हो गये थे। और अन्य लोगों जानकारी दी। सूचना के बाद डुमरियागंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोर लगाकर तलाश करायी लेकिन देर रात तक कोई पता नहीं चलका था। शनिवार को एनडीआरएफ की पहुंची टीम ने स्टीमर द्वारा पूरा दिन खोजबीन कराया लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं किशोरों के परिजनों में हादसे से कोहराम मचा हुआ है। इस्टेक्टर मुकेश राय ने बताया कि डूबे किशोरों की तलाश करवाई जा रहीं है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आये 86 फरियादी



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।जिसमें कुल 86 फरियादियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी फरियाद रखी। जिसमें से 5 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया। समाधान दिवस में पहुंचे नगर के घसियारीटोला निवासी रवि सोनकर ने शिकायत किया कि बिजली बिल 372रुपया आया है दिखा रहा है 10102 रुपये जिसको दुरुस्त कराने की शिकायत तीन बार विभाग मे किया परन्तु आज तक दुरुस्त नही हुआ। बदरूद्दीन पुर निवासी राम सूरत ने बताया कि गांव में जल निकासी वाले रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया। बड़ाह खुर्द निवासी राम चन्दर ने बताया कि नवीन परती व चकमार्ग पर लेखपाल की रिपोर्ट के बावजूद अवैध कब्जा नहीं हट सका जिसकी दर्जनों बार शिकायत की गई। जोलहापुर निवासी सुरेंद्र ने शिकायत किया कि आबादी की जमीन में लेखपाल ने किसी अन्य को घरौंदी दे दीगयी जिससे रास्ता अवरुद्ध होगया। बीते दिवस सुरहूरपुर विद्यालय में शिक्षक के साथ हुई मारपीट के मामले में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा ब्लॉक इकाई जलालपुर के अध्यक्ष राजेश यादव ने संघ के पदाधिकारियों संग आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया। इसी बीच शिवपाल ग्राम निवासी करुण प्रकाश ने शासनादेश के अनुसार अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों का सत्यापन कराये जाने की मांग की। समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी सुभाष सिंह,सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य,तहसीलदार संतोष कुमार, नायब तहसीलदार हुबला समेत अन्य तहसील व ब्लाक स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवायोजना शिविर का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के उपप्रबंधक पूर्णमासी यादव ने कहा कि सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व में रचनात्मक परिवर्तन करना राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है। प्राचार्य प्रो. के.के. मिश्र ने कहा कि बेहतर समाज व देश के निर्माण में युवाओं को सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

उपप्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्ता ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं लक्ष्य को बताते हुए प्रेरित किया। शिक्षक संघ इकाई अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी द्वारा वाग्देवी सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद एवं बाबा बरुआदास के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। डॉ. अनिल कुमार मिश्र, सैयद बाकर मेहंदी और रामअचल यादव ने गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। दूसरे सत्र में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमेश कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजेश उपाध्याय, डॉ . सैयद बाकर मेहंदी, राम अचल यादव एवं डॉ. सत्येन्द्र कुमार यादव के साथ महाविद्यालय के डॉ चंद्रकेश कुमार, डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय, डॉ. अराधिका, डॉ. विवेक शुक्ला , डॉ.राजितराम, गुंजन सिंह, अपूर्वा चतुर्वेदी, प्रतिमा मौर्य, वीरेंद्र कुमार, शिवांगी सिंह, डॉ. साजेदा सिद्दीकी आदि शिक्षक -शिक्षिकाओं तथा विपिन कुमार, आलोक कुमार, वीरेंद्र मौर्य, शैलेन्द्र आदि तथा सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेवक रजनीश ने किया। संचालन शिवम चौहान ने किया।

## शास्त्र और शस्त्र के समन्वय ज्ञान से और निखरेगी भारतीय सेना: ई. प्रवीण



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड मोतीचक में लगातार भारतीय सेना की तैयारी करने वाले युवाओं का मार्गदर्शन करने वाले ग्राम प्रधान ई. प्रवीण सिंह फिर एक बार अपने काम के लिए सुर्खियों में है। इन्होंने तैयारी कर रहे युवाओं को निशुल्क शिक्षा देकर देश सेवा के लिए सेना में जाने को तैयार करा रहें है। उन्होंने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत बेदुपार फील्ड में तैयारी कर रहे युवाओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पांच युवा अग्निवीर बन गए है। क्षेत्र के अभिषेक सिंह पुत्र रामपत सिंह गांव सिहुलिया, विवेक यादव पुत्र सुदामा यादव गांव सिहुलिया, नीरज, गांव छपिया, अखिलेश सिंह पुत्र जनार्दन सिंह गांव कोडरा (टेक्निकल), अभिषेक गांव तुरकडीहा (क्लर्क) अग्निवीर बनके सफलता हासिल की। ग्राम प्रधान ई. प्रवीण एन. सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाई खिलाकर सबको शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम प्रधान ने सबको श्रीमद्भागवत गीता भेंट करते हुए उसके महत्व और उसके उद्देश्यों को बताया और कहा कि शस्त्र का उचित उपयोग करना, और अपने देश सेवा के लिए किसी की परवाह न करना, और बिना परिणाम की परवाह किए अपने कर्म को करना, बहुत सारी बाते गीता आपको सिखाती है। ग्राम प्रधान के साथ डिफेंस कोचिंग के अध्यापक अश्वनी भी बच्चों को शुभकामनाएं दिया।

## प्रिंटिंग प्रेस मालिकों को जारी किये गये निर्देश

**अमेठी।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के समस्त प्रेस मालिक निर्वाचन से सम्बन्धित पोस्टर पम्पलेटों आदि के मुद्रण हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अनुदेशों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि धारा-127(क) के अनुसार किसी भी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा एवं प्रिंटिंग प्रेसों से धारा-127क(2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अन्दर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) भेजने तथा प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर उसे भेजने को कहा जायेगा।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त धारा-127(क) के प्रावधानों तथा आयोग के अनुदेशों का किसी भी प्रकार के उल्लंघन को गम्भीरता से लिया जायेगा।


# भाजपा प्रत्याशी टांडा में चुनाव कार्यालय का फीता काटकर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**टांडा (अम्बेडकरनगर)।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भाजपा टांडा विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन सांसद पद के प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने फीता काटकर किया । इसके बाद आयोजित प्रेसवार्ता में रितेश पाण्डेय ने मोदी की गारंटी तथा केन्द्र सरकार की योजनाओ का जमकर बखान किया । कार्यक्रम में अंबेडकर नगर लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, लोकसभा संयोजक अवधेश द्विवेदी, टांडा विधानसभा संयोजक रमेश गुप्ता टांडा विधानसभा प्रभारी संजय सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, पूर्व विधायक टांडा संजू देवी, पूर्व विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, विजय विश्वकर्मा पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष, शिवपूजनवर्मा, शंकर गुप्ता, टांडा मंडल अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल, सदरपुर मंडल अध्यक्ष रामधनी वर्मा, हसवर मंडल अध्यक्ष सुग्रीव कनौजिया, बसखारी मंडल अध्यक्ष लालजी यादव, क्षेत्रीय श्रम संयोजक राम सूरत मौर्य, मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, अंकित श्रीवास्तव, गुड्डू पंडित विनय पाठक, अंकित जायसवाल, दुर्गेश पाठक, दशरथ मांझी, संजीव जायसवाल, प्रबल देव राय, अजय प्रताप श्रीवास्तव, रिंकू गौड, दिनेश मौर्य, जंग बहादुर कनौजिया जंग बहादुर कनौजिया, राहुल रमन, अशोक विश्वकर, सुभाष माझी, युवा संयोजक एकदम खन्ना, सतपाल सलूजा, गौतम उपाध्याय, तामेश्वर, राजेश सलूजा, अनुराग जायसवाल भंवर सिंह चौहान, आशीष सोनी दीपक गुप्ता, अखिल कपूर, वीरेंद्र राघव, राजेंद्र अग्रवाल, गणेश्वर पाठक आदि रहे।


## बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागियो ने कन्या भ्रूण हत्या पर रखे अपने विचार




**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** माँ तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज भसड़ा टांडा अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के छठे दिन आज दिनाँक 16/03/2024 को स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने भसड़ा व पहाड़पुर में श्रमदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धान्त वाक्य मैं नहीं आप जो कि इस योजना की आत्मा है। जब छात्र/छात्रा अपनी युवावस्था में मैं की पराकाष्ठा पर होते हैं उस मैं को त्याग कर छात्र-छात्राओं ने ग्राम वासियों के सामने यह मिसाल पेश की कि हम लोग केवल शिक्षा ही ग्रहण नहीं कर रहे बल्कि इस शिविर के माध्यम से हम लोग अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से लड़ सके, उसके लिए भी तैयार हो रहे हैं। स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान के माध्यम से आने वाली युवा पीढ़ी के समक्ष एक मिसाल कायम की। श्रमदान के इस कार्य को पूर्ण करने में कार्यक्रमाधिकारी डॉ0शिवानी श्रीवास्तव( प्रथम इकाई) डॉ0 अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई), डॉ0 मालती राजभर,श्रीमती चंद्रकला,श्रीमती ममता, श्री रवि कुमार, श्री अर्जुन प्रसाद आदि प्राध्यापक / प्राध्यापिकाओं ने सहयोग किया। बौद्धिक सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने कन्या भ्रूण हत्या पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया जिसमें प्रिया पाटिल, साक्षी गौतम, गरिमा, नीलम चौरसिया, आभा वर्मा, शालू, आंचल वर्मा, बबीता यादव, महक, लाजू देवी, प्रीति चौरसिया, शिखा यादव, अर्पिता, निधि उपाध्याय, अनामिका, अंजू, ज्योति, विशाल वर्मा, काजल आदि उपस्थित थे।

# डीएम और एसपी ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने संयुक्त रूप से समस्त एसडीएम, सीओ व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना हम सभी की पूर्ण जिम्मेदारी है इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के उपरांत जनपद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाकर विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा लगाए गए प्रचार संबंधी होर्डिंग पोस्टर बैनर वॉल पेंटिंग इत्यादि को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाए। इसके अतिरिक्त जनपद में सभी उड़न दस्ता व स्थैतिक निगरानी टीमें भी सक्रिय हो जाएगीं। उन्होंने कहा कि एमसीसी प्रभावी होने के उपरांत सभी एसडीएम व सीओ अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर होर्डिंग बैनर पोस्टर के हटवाने के कार्य का निरीक्षण करेंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें जिससे निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत जनपद के सभी बार्डरों पर बैरिकेडिंग लगाकर आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग प्रारंभ कर दी जाए इसके अतिरिक्त अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने हिस्ट्रीशीटर्स की चेकिंग सत्यापन किए जाने किसी भी घटना की सूचना पर अल्प समयावधि में घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया तथा शस्त्र जमा करने की कार्यवाही भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तहसीलदार व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## नागरिकता देने का अधिकार

भारत ने नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता देने के लिये बनाया है नागरिकता छीनने के लिये नहीं। इसका अधिकार केन्द्र को है। राज्य सरकारे राजनीति कर लोगो को भड़काने में लगी है। जो राज्यों के अधिकार में नहीं है उस पर अपना अधिकार जता रही है। इस कानून की अधिसूचना जारी हो गई। इसके अन्तरगज अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के जो शरणार्थी 31 दिसम्बर 2014 से पहले आये है उन्हें नागरिकता दी जायेगी। आने वालों में हिन्दू, सिख, इसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के लोग है।

भाजपा ने 2019 के चुनाव में किया गया वादा पूरा कर दिया है। 2014 के चुनाव से पहले ही भाजपा ने इस नागरिकता का एलान कर दिया था। यह दोनो सदनों में पारित भी हो चुका था। सिर्फ अधिसूचना जारी होना था वह भी कर दिया गया है। इसके लिये पोर्टल भी जारी हो गया है। क्योकि कुछ राज्य सरकारें और पार्टियां लोगो को बहकाने में लगी है। दो एक राज्यों ने यह कानून लागू नकरने के लिये विधानसभा से प्रस्ताव भी पारित करा लिया है। इन सब विरोधों के देखते हुये प्रार्थी आनलाइन आवेदन कर सकते है इसकी व्यवस्था कर दी गयी है।

कुछ लोग मुसलमान भाइयों को डरा रहे है कि इससे उनकी नागरिकता खतरे में पड़ जायेगी। इसमे कुछ सिविल सोसाइटी वाले भी शामिल है। हालाकि कुछ मुसलमान भाई मुसलमानों को समझा रहे है कि इससे उनकी नागरिकता पर कोई आंच नही आयेगी। बात सही है इस नियम के अन्तरगत नागरिकता छीनने की बात तो है ही नहीं। मुसलमान भाइयों को इन राजनीति दलों को शिकार होने से बचना, चाहिये। मोदी सरकार की सफलता और गारन्टी की गारन्टी से आने वाले चुनाव में इन दलों को अपनी हार निश्चित दिखाई पड़ रही है। इन्डी का विखराव इसकी गवाही दे रहा है। कुछ छोटे दलों को कांग्रेस जोड़ने में सफल हुई पर इससे कोई फर्क नही पड़ने वाला है। क्योकि कांग्रेस के युवराज की चुनाव जीतने की क्षमता इतनी क्षीण है कि वो नेहरू परिवार की अमेठी, रायबरेली छोड़कर वायनाड भांग रहे है। अमेठी से चुनाव हार भी चुके है।

कानून का विरोध करने वाले दल स्वस्थ राजनीतिक दल की भूमिका छोड़ खलनायकी पर उतर आये है। किसी को जिसकी कोई नागरिकता नहीं है अगर उसे नागरिकता दिये जाने का प्रावधान किया जा रहा है तो उसका विरोध तो न तो तर्कसंगत लगता है न न्याय संगत लगता है। यह तो संघीय ढांचे के विरोध जैसा है। विरोधी पार्टियों में कुछ प्रबुद्ध नेता है उन्हें अपने दल को रोकना चाहिये इससे तो उनकी छवि खराब ही हो रही है क्योकि प्रबुद्ध लोग, आम नागरिक इसे सराह रहे है। भाजपा की उपलब्धि मान रहे है।

भारत में जो 12 महीने से रह रहे है उनको ही आवेदन करने की पात्रता है। उन्हें पूर्व की नागरिकता छोड़ने और भारत की स्थायी नागरिकता प्राप्त करने के लिये आवेदन कर रहे है। तीन राज्य विरोध कर रहे है। कुछ मुस्लिम संगठन विरोध कर रहे हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिये किसी अभिलेख की जरूरत नहीं होगी। क्योकि जो मुल्क से भाग कर आये है कोई रिकार्ड कहा से लायेगे। हां उन्हें शपथ लेनी होगी कि भारतीय कानूनो का पालन करेगे। भारत के प्रति आस्था निष्ठा रक्खेगे। बेचारे लम्बी अवधि की वीजा पर यहां रह रहे थे। भारत का नारा है वसुधैव कुटुम्बकम उससे कानून पूरी तरह मेल खाता है।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में निहित प्राविधान व उनकी उपयोगिता


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

उपभोक्ता के रूप में यदि आप निम्न समस्याओं से ग्रसित हैः- क्रय की गयी सामग्री की गुणवत्ता से असन्तुष्ट हैं। किसी चिकित्सीय षिथिलता से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हैं। भ्रामक विज्ञापनों व लुभावनी स्कीमों से प्रभावित होकर ले लिये गये निर्णय से प्रभावित हैं।

अनुचित व्यापार पद्धति से हानि उठा रहे हैं। आवास विकास परिषद एवं लखनऊ विकास परिषद की आपके साथ अपनाई जाने वाली दोषपूर्ण कार्य प्रणाली के फलस्वरूप नकारात्मक रूप से प्रभावित हैं। बैंक स्तर पर होने वाली सर्विस इरर, के कारण आपको कोई आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। बिल्डर की लापरवाही के फलस्वरूप आवासीय दोष एवं क्षति उठानी पड़ी है।

परिवहन विभाग की त्रुटि से कोई भी क्षति हुयी हो। रेलवे विभाग की त्रुटि युक्त कार्य प्रणाली से हुयी व्यक्तिगत/पारिवारिक हानि हुयी। बीमा कम्पनी की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली से आपको हानि का सामना करना पड़ा हो। उपरोक्त समस्याओं के निवारण में जनसाधारण को समुचित सहयोग देने हेतु प्रदेष सरकार द्वारा वर्ष 1986 में सर्वप्रथम उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का गठन किया गया। परन्तु इस अधिनियम के क्रियान्वयन में काफी समय लग जाया करता था। अस्तु जनहित को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने वर्ष 2020 में पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की तुलना में अधिक तीव्रता से एवं कम समय में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु कदम उठाया।

उक्त क्रम में पुराने अधिनियम में त्रिस्तरीय उपभोक्ता निवारण तन्त्र के अन्तर्गत (राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग) गठित किया, जिसके अन्तर्गत राज्य और जिला स्तर पर, कार्यवाही किय जाने की व्यवस्था निहित है। इस प्रकार आवष्यकता को दृष्टिगत रखते हुए, नये अधिनियम के गठन की उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019 द्वारा केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सी.सी.पी.ए.) के गठन का प्रस्ताव रखा गया। विधेयक के अनुसार सी.सी.पी.ए. को निम्नानुसार अधिकार प्रस्तावित किये गयेः- उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और संस्थान द्वारा की जाने वाली समस्त शिकायतों की जांच करना। असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेना और इस सम्बन्ध में समुचित व्यवस्था करना। भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाना। भ्रामक विज्ञापनों के निर्माताओं एवं प्रसारकों पर जुर्माना लगाना। पांच लाख रू0 तक का मामला दर्ज कराये जाने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इलेक्ट्रानिक माध्यम से शिकायतें दर्ज कराये जाने हेतु भी समुचित व्यवस्था करना। न पहचाने जाने वाले उपभोक्ताओं को देय राषि को कन्ज्यूमर वेलफेयर फण्ड में जमा कर दिये जाने का प्राविधान है। नौकरियों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को लेकर, राज्य आयोग हर तीसरे माह, केन्द्र सरकार को जानकारी देता रहता है। उपरोक्त सामान्य नियमों के अतिरिक्त केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद गठित कर दी गयी है। जिसके संचालन के संदर्भ में निम्नानुसार समाधान क्रियान्वित किये जाते हैः-

यह कि परिषद उपभोक्ता मुद्दों पर कार्य करने वाला एक 'सलाहकार निकाय' है, जिसकी अध्यक्षता, केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मन्त्री द्वारा की जाती है एवं उपाध्यक्ष के रूप में सम्बन्धित राज्य मंत्री तथा विभिन्न क्षेत्रों से चौंतीस (34) अन्य सदस्य भी सम्मिलित रहते हैं। इस परिषद का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है और परिषद में उत्तर दक्षिण पूरब पष्चिम और एन.ई.आर., प्रत्येक क्षेत्र से दो राज्यों के उपभोक्ता, मामलों के प्रभारी मन्त्री सम्मिलित रहते हैं। विषिष्ठ कार्यो हेतु इन सदस्यों के बीच कार्य समूह का भी प्राविधान यहाँ है। इस नये अधिनियम के अन्तर्गत, सामान्य नियमों के अतिरिक्त 'उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग' भी गठित किया जा चुका है। जहाँ उपभोक्ता के हितों पर नज़र रखी जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए।

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?


आशीष वशिष्ठ

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया।

वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलायंस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ''आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।'' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।



ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तो पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। देश की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देष और देषवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है।

विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षो में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है। पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी।देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा।


# धर्म-जाति के प्रयोग पर चुनाव आयोग करेगा कठोर कार्रवाई

नयी चुनावी आचार संहिता नहीं है, यह संविधान लागू होने के साथ ही लागू हो गयी थी लेकिन विगत दस वर्षों से इसका खुल्लमखुल्ला उल्लंघन होता रहा है और कटु सत्य यह है की चुनाव आयोग इसका मूकदर्शक बना रहा है। खुद प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ समेत बीजेपी आरएसएस बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद् हिन्दू महासभा के छोटे बड़े नेता खुले आम भगवान राम, राम मंदिर जैसे मुद्दों पर वोट मांगते रहे हैं कर्नाटक के चुनाव अभियान में दसियों चुनावी सभाओं में खुद मोदी जी ने बजरंग बलि के नाम पर वोट माँगा था।


उबैदउल्लाह नासिर

चुनाव आयोग ने आगामी लोक सभा चुनाव के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी करते हुए चेतावनी दी है की चुनाव अभियान में धर्म और जाति के नाम पर वोट मांगे गए तो आयोग इसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगा। आयोग द्वार सभी सियासी पार्टियों के लिए जारी किये गए निर्देश में कहा गया है की चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवरों ही नहीं बल्कि स्टार क्म्पेनरों ने भी यदि आचार संहिता का उल्लंघन किया तो उनके खिलाफ केवल नैतिक आलोचना या भर्त्सना ही नहीं की जायेगी बल्कि कठोर कार्यवाही भी की जायेगी। आयोग ने यह भी चेतावनी दी है की मन्दिर मस्जिद गिरजाघर गुरुद्वारों आदि धार्मिक स्थलों का प्रयोग चुनाव अभियान में कदापि नहीं किया जाना चाहिए,आयोग द्वारा यह भी कहा गया है कि जिन उम्मीदवारों और स्टार क्म्पेंनरों को पहले भी नोटिस दी गयी है उन्हें चुनावी आचार संहिता के बार बार उल्लंघन के लिए कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है की सियासी दलों को ऐसा चुनाव अभियान चलाना चाहिए जिससे समाज में फूट और दूरियां बढ़ने के बजाए सौहार्द और आपसी मेलजोल को बढ़ावा मिले और निजी हमलों के बजाए पालिसी और विचारधारा को चुनावी अभियान का हिस्सा बनाया जाये।

चुनाव आयोग के इस दिशा निर्देश और चेतावनी की जितनी प्रशंसा की जाये कम है हालांकि यह कोई नया नियम या नयी चुनावी आचार संहिता नहीं है, यह संविधान लागू होने के साथ ही लागू हो गयी थी लेकिन विगत दस वर्षों से इसका खुल्लमखुल्ला उल्लंघन होता रहा है और कटु सत्य यह है की चुनाव आयोग इसका मूकदर्शक बना रहा है। खुद प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ समेत बीजेपी आरएसएस बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद् हिन्दू महासभा के छोटे बड़े नेता खुले आम भगवान राम ,राम मंदिर जैसे मुद्दों पर वोट मांगते रहे हैं कर्नाटक के चुनाव अभियान में दसियों चुनावी सभाओं में खुद मोदी जी ने बजरंग बलि के नाम पर वोट माँगा था। उत्तर प्रदेश असम्बली के चुनाव अभियान में मोदी जी ने होली और ईद क़ब्रिस्तान और श्मशान आदि के नाम पर वोट मांगे जिसकी चुनाब आयोग में शिकायत भी की गयी मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई उलटे एक चुनाव आयुक्त लवासा को जिन्होंने मोदी के खिलाफ कमेन्ट लिखा था उन्हें अपने पद से हाथ धोना पडा था। खुले आम एक वर्ग को गोली मारो सालों को का नारा देने वाले एक केन्द्रीय मंत्री को केवल कुछ दिनों के लिए चुनाव अभियान से अलग कर के छोड़ दिया गया था जबकि उनको हिंसा पर उकसाने के इलज़ाम में जेल भेजा जाना चाहिए था। खैर देर आयद दुरुस्त आयद अगर चुनाव




आयोग अब भी चुनाव आचार संहिता लागू कराने के लिए कठोर हो जाए तो चुनाव की शुचिता बचाए रखी जा सकती है वरना हमारा चुनाव भी अब उत्तरी कोरिया चीन रूस टर्की बंगला देश और पाकिस्तान के चुनावों की राह पर बहुत आगे बढ़ चुका है। केन्द्रीय चुनाव आयोग की इसी अकर्मण्यता और पक्षपात के कारण उसे केचुआ (केचुआ ) कहा जाने लगा है खुद सुप्रीम कोर्ट तक इस पर चिंता जता चुका है और चुनाव आयुक्तों के चुनाव के लिए एकतीन सदस्यीय कमेटी गठित करने का आदेश दिया था जिसमें प्रधान मंत्री,नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने का आदेश दिया गया था मगर मोदी सरकार ने कानून बना कर इस कमेटी से मुख्या न्यायाधीश की जगह किसी केन्द्रीय मंत्री को शामिल करने का नियम बनाया इस प्रकार प्रधान मंत्री ने चुनाव आयुक्तों के चयन में अपनी पकड़ बनाए रखने का कानून बना कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को निष्प्रभावी ही नही किए बल्कि केन्द्रीय चुनाव आयोग को के चु आ ही बने रहने देने का रास्ता साफ़ कर दिया इस से सरकार विशेषकर प्रधान मंत्री की मंशा को समझा जा सकता है।कभी टी एन सेशन, लिंगडोह और एस वाई कुरैशी जैसे चुनाव आयुक्तों से प्रधान मंत्री तक घबराते थे वही चुनाव आयोग अब के चु आ बन गया है यह दुखद और शर्मनाक स्थिति है। चुनाव आयुक्तों को जन भावनाओं को समझते हुए अपनी और अपने आयोग के मान सम्मान को बचाए रखने के लिए यदि जीवित हो तो अपनी आत्मा की आवाज़ को सुनना चाहिए। चुनाव आयोग के उपर्युक्त आदेशों से जो उम्मीद बंधी ही आशा है आयोग इस पर खरा उतरेगा।

चुनाव लोकतन्त्र का आधार स्तम्भ हैं जनता के हाथों में वोट ही उनका सब से बड़ा हथियार है जिसके द्वारा वह अपनी पसंद की सरकार चुनते है इसलिए चुनावों की पवित्रता बचाए रखना सब से ज़रूरी है क्योंकि यदि चुनाव ही ईमानदारी और शुचिता से न हुए तो हमारा लोकतंत्र बिना आत्मा का शरीर रह जाएगा इसी लिए हर संवैधानिक और लोकतान्त्रिक व्यवस्था में चुनाव आयोग को एक स्वतंत्र संवैधानिक दर्जा दिया जाता है। हमारे यहाँ चुनावों में थोड़ी बहुत छीना झपटी का रिकॉर्ड बहुत पुराना है लेकिन विगत कुछ वर्षों से यह छीना झपटी डाका में बदल गयी है जिसका अत्यंत घिनौना स्वरुप हमें विगत दिनों चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में देखने को मिला था जब खुद प्रेसाइडिंग अफसर जिस पर ईमानदार न्यायपूर्ण चुनाव कराने की संवैधानिक ज़िम्मेदारी वह खुद खुले आम पूरी ढिटाई के साथ कैमरे के सामने बैलट पेपर में हेरा फेरी कर के कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के साझा उम्मीदवार को हरवा देता है चूँकि यह एक छोटा चुनाव था और उसके सारे कुकर्म कैमरे में क़ैद हो गये थे इस लिए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव का नतीजा ठीक द्मड्डह्र दिया लेकिन आम चुनावों में हर बेईमान अफसर पर तो ऐसे नज़र नहीं रखी जा सकती इस लिए सोचा जा सकता है की अब चुनाव कैसे हो रहे हैं। चुनावी धांधली बल्कि चुनाव में डाका डालने का एक और नमूना रामपुर विधान सभा के लिए उपचुनाव में देखने को मिला था जब पूरा सरकारी अमला सत्ता पक्ष के उम्मीदवार को जिताने के लिए दिन दहाड़े चुनावी आचार संहिता ईमानदारी और चुनावी शुचिता पर डाका डाल रहा था मुस्लिम मोहल्लों में कर्फ्यू जैसा माहौल पैदा करदिया गया था मुस्लिम वोटरों को वोट डालने से रोकने के लिए हर सम्भव जतन किया गया बल प्रयोग किया गया और आजम खां को हरवा के ही दम लिया गया मामला सुप्रीम कोर्ट भी गया मगर अभी तक कोई फैसला नहीं आया है। वास्तव में चुनावी धांधली का सिलसिला वोटर लिस्ट बनने से शुरू होकर वोटों की गिनती तक चलता रहता है आरएसएस के कार्यकर्त इसमें सब से महत्वपूर्ण किरदार अदा करते हैं जिनको इसी विचारधारा से प्रभावित सरकारी अमले का भरपूर सहयोग मिलता है। सभी सरकारी कर्मियों को तो दोष नही दिया जा सकता लेकिन अधिकतर सरकार कर्मी इस धांधली में सहभागी हो जाते हैं।

# गंभीर मामला है बेंगलुरु के कैफे में धमाका

विपक्षी भाजपा ने इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी करार दिया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान-समर्थक नारों से इस विस्फोट को जोड़ा है। बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में चैंकाने वाला बयान दिया है। सीटी रवि ने कहा कि यह ब्लास्ट विध्वंसक ताकतों का किया गया रिहर्सल था। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में ऐसे और ब्लास्ट हो सकते हैं।


राजेश माहेश्वरी

कर्नाटक विधानसभा में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' की नारेबाजी का बवाल थमा भी नहीं था कि बीती 1 मार्च की दोपहर धमाके की आवाज से भारत की 'सिलिकॉन वैली' बेंगलुरु में प्रसिद्ध 'रामेश्वरम कैफे' गूंज उठा। ये धमाके एक ऐसे इलाके में हुए हैं जिसे बेंगलुरु के आईटी हब के रूप में जाना जाता है। आईटी क्षेत्र में काम करने वाले युवा इस जगह पर खाने-पीने के लिए आते हैं। इस विस्फोट से बड़े पैमाने पर आग तो नहीं लगी, लेकिन कैफे के वॉश बेसिन वाले एरिया में काफी धुंआ पैदा हुआ. इसके बाद वहां पर कीलें और नट बोल्ट बिखरे हुए पाए गए.पूर्वी बेंगलुरु में स्थित इस कैफे में हमेशा हलचल रहती है। विस्फोट में 9 लोग घायल हुए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में लौट आया है आतंकवाद? ऐसे धमाकों से विदेश में भारत की छवि कौन धूमिल करना चाहता है। बेंगलुरु पुलिस के साथ-साथ एनआईए और एनएसजी, इन सभी सवालों के साथ जांच में जुट गई हैं। ये सवाल इसलिए क्योंकि नवंबर 2022 से मंगलुरू में हुए एक धमाके के बाद से जांच एजेंसियां और सुरक्षा एजेंसियों ने कई खुलासे किए थे। शुरुआती जांच के संकेत हैं कि एक अनजान व्यक्ति ने विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही उस लोकप्रिय कैफे में बैग रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान की जा सके। संभवतः आईईडी विस्फोटक उपकरण उसी बैग में रखा गया था। कैफे में हुए धमाके के बाद कर्नाटक में सियासत गर्म है। जांच एजेंसियां कई एंगल से जांच शुरू कर दी है। होटल, रेस्तरां और खान-पान के ऐसे लोकप्रिय स्थलों पर भी सुरक्षा में सुराख देखे गए हैं। वहां पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था नहीं होती। जबकि ऐसे स्थल ही आतंकी या किसी अन्य हमले के 'आसान लक्ष्य' होते हैं। जांच की कुल 8 टीमें काम कर रही हैं। मंगलुरु में, नवंबर 2022 में एक प्रेशर कुकर के अंदर रखी एक आईईडी में उस समय विस्फोट हो गया, जब इसे एक ऑटो रिक्शा से ले जाया जा रहा था। घटना की जांच से पता चला था कि आईईडी को कादरी मंजुनाथ मंदिर में लगाया जाना था।

जांचकर्ताओं ने पाया था कि मंगलुरु में प्रेशर कुकर विस्फोट 'इस्लामिक स्टेट-प्रायोजित' था और इसमें लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी की संलिप्तता थी। वहीं पूर्वी बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। पुलिस 2022 से उन आतंकी हमलों के साथ इस विस्फोट के संपर्क की संभावनाओं को भी खंगाल रही है, जहां ऐसे ही विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया था। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का आश्वासन दिया है और अपेक्षा की है कि इस घटना का राजनीतिकरण न किया जाए।

विपक्षी भाजपा ने इसे कानून-व्यवस्था की



नाकामी करार दिया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान-समर्थक नारों से इस विस्फोट को जोड़ा है। बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में चैंकाने वाला बयान दिया है। सीटी रवि ने कहा कि यह ब्लास्ट विध्वंसक ताकतों का किया गया रिहर्सल था। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में ऐसे और ब्लास्ट हो सकते हैं। ऐसे में अहम सवाल है कि क्या यह माना जाए कि बेंगलुरु में भी पाकिस्तान के दहशतगर्द तत्त्व और खुफिया एजेंसी आईएसआई पहुंच गए हैं, जिन्होंने ऐसे विस्फोट को अंजाम दिया? वैसे माहौल को गरम और उग्र बनाने में सत्तारूढ़ कांग्रेस का भी योगदान कम नहीं रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद एनआईए ने कर्नाटक में 21 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। 19 जुलाई 2023 को बेंगलुरु में बम विस्फोट करने की साजिश रचने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 18 दिसंबर 2023 को एक आईईडी विस्फोट के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि इस साल 13 जनवरी को अधिकारियों ने आठ संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों को गिरफ्तार किया था। 23 अक्टूबर 2022 को कोयम्बटूर में एक मारुति 800 में धमाका हुआ था। संगमेश्वर मंदिर के पास एलपीजी सिलेंडर में धमाका हुआ था. पुलिस को इस मामले में भी घटनास्थल से विस्फोटक मिले थे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने विस्फोट को 2022 के मंगलूरु विस्फोट से जोड़ दिया, जब राज्य में भाजपा सरकार थी। उपमुख्यमंत्री जैसा जिम्मेदार शख्स यह आरोप किस आधार पर लगा सकता है? उन्होंने इसके विपरीत ही बयान दिया था और राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया था। ऐसा दोगलापन ही आतंकी घटनाओं का राजनीतिकरण करता है। धमाकों की इन तीनों घटनाओं में शारिक नाम के एक व्यक्ति का नाम आया था जो कथित रूप से बम बनाने की प्रक्रिया में शामिल था। शिवमोगा जिले के तीर्थनहल्ली में एक तालाब में बम बनाने की प्रक्रिया में शामिल पाया गया था। शारिक ने कोयमबटूर, मदुरै और तमिलनाडु के कई अलग इलाकों का दौरा किया था। इन तीनों ही मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए कर रही है। रामेश्वरम कैफे में हुए बम ब्लास्ट के तार आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ गए हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 5 मार्च को मामले में 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर रेड की है। एनआईए ने मामले में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अब्दुल सलीम के रूप में की गई है। बेंगलुरु के रामेश्वरम ब्लास्ट मामले की जांच कर रहे एनआईए अधिकारियों को एक और अहम सुराग मिला है। इस मामले में कहा जा रहा है कि ब्लास्ट मामले में जो सुराग मिले हैं उससे पता चलता है कि इस वारदात को बेल्लारी में सक्रिय आईएसआईएस मॉड्यूल ने अंजाम दिया है। वास्तव में, 'रामेश्वरम कैफे' में यह विस्फोट ज्यादा भयावह इसलिए है, क्योंकि यह वहां स्थित है, जहां आईबीएम, एसएपी सरीखी आईटी कंपनियां और कई स्टार्टअप मौजूद हैं। यह देश का प्रौद्योगिकी केंद्र है। इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवरों के लिए यह कैफे एक लोकप्रिय ठिकाना है। खानपान के पकवानों के लिए यह विख्यात है। जब दोपहर एक बजे के करीब विस्फोट हुआ, तो कई पेशेवर वहां लंच कर रहे थे। घायलों में वेल्डर, मैकेनिक, बिजली वाले, मिस्त्री आदि 'ब्लू कॉलर' प्रवासी कामगार भी शामिल थे। अस्पताल भी एक महत्वपूर्ण स्थान है। ब्लास्ट के बाद बेंगलुरु के होटल मालिकों ने होटलों के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर लगाने का फैसला किया है, ताकि आतंकवादी बम लेकर होटलों में न घुस सकें। कुछ होटलों में तो उन्होंने ऐसा सिस्टम लगाने का भी निर्णय लिया है जो मेटल डिटेक्टर में बम स्कैन होते ही सायरन बजा दे। रामेश्वरम कैफे बेंगलुरु का मशहूर कैफे है। अक्सर आपको इंस्टा या फेसबुक पर रामेश्वरम कैफे की रील नजर आ सकती है।

# गोदामों के निर्माण होने से भण्डारण क्षमता में वृद्धि होगी : जेपीएस राठौर

अवधनामा संवाददाता



■ सहकारिता राज्यमंत्री ने सहकारिता भवन पीसीयू सभागार में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत प्रदेश के विभिन्न अंचलों में निर्मित होने वाले गोदामों का किया वर्चुअल शिलान्यास

**लखनऊ।** सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आज दोपहर 12 बजे सहकारिता भवन लखनऊ के पीसीयू सभागार में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत भारत सरकार के सौजन्य से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ लि एवं यूपीसीएलडीएफ द्वारा निर्मित होने वाले 100 मै टन क्षमता के 43 गोदाम, 250 मै टन क्षमता के 11 गोदाम एवं 1000 मै टन क्षमता के 9 गोदाम का वर्चुअल शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी बैंक लि शाहजहांपुर शाखा सिधौली का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। इसके अतिरिक्त सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आज इंस्टीट्यूट ऑफ कॉपरेटिव एण्ड कॉर्पोरेट मैनेजमेन्ट रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग रिंग रोड, इंदिरानगर, लखनऊ के प्रांगण में कृषि विज्ञान अन्वेषण केन्द्र का भी शिलान्यास किया।

उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक एके सिंह ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों में प्राप्त 100 मै टन के 103 गोदामों के सापेक्ष प्रथम चरण में 43 गोदामों का वर्चुअल शिलान्यास मंत्री द्वारा किया गया, शेष गोदामों का शिलान्यास द्वितीय चरण में किया जायेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किया जायेगा।

इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री ने कहा कि इन गोदामों के निर्माण होने से भण्डारण क्षमता में वृद्धि होगी। गोदामों का उपयोग साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उपज फसल एवं उर्वरकों का भण्डारण किया जायेगा। लंबी अवधि के भंडारण के लिए एवं उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने के लिए किया जायेगा। इससे खाद्यान्न एवं उर्वरक पूर्ण सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में सुश्री दीपिका सिंह व शहरीन सिद्दीकी को ड्रोन एवं इलेक्ट्रानिक वाहन दिया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के विकास की झलक पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गयी। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (ग्रागो) सहकारिता श्रीकान्त गोस्वामी ने आये हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वर्चुअल शिलान्यास के अवसर पर आयुक्त एवं निबंधक सहकारिताअनिल कुमार, अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक एकता सिंह, पीसीएफ के प्रबंध निदेशक संजय कुमार, यूपीसीएलडीएफ के प्रबंध निदेशक राम प्रकाश, एलडीबी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार कुलश्रेष्ठ तथा समस्त यूपीआरएनएसएस अधिकारी, कर्मचारी तथा इसके अतिरिक्त आईसीसीएमआरटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक आलोक दीक्षित एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**लखनऊ।** विशाल खंड गोमतीनगर स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के 8 वें तीर्थकर 1008 भगवान श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक शनिवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आज ही के दिन भगवान को निर्वाण प्राप्त हुआ था। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जिसमें महिलाओं ने सुंदर सूंदर निर्वाण लाडू बनाकर भगवान को अर्पित किये।

गोमतीनगर महिला मंडल की सदस्य अनीता , चंदना, अर्चना ,जूली, आरुषि, मनीषा, आशा, रश्मि जैन आदि ने भाग लिया। मुख्य शांति धारा राकेश एवं प्रदीप जैन द्वारा की गई। मुख्य लाडू गोमती नगर जैन समाज द्वारा चढ़ाया गया। मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक, संदीप जैन, सुकांत, निकान्त, अमित, राकेश, अशोक, अरविंद, वी के जैन, धर्मवीर जी, ऋषभ, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे।

# रामपुरी चाकू में सुरक्षा की धार, वायलिन के स्वर के साथ युवाओं को मिलेगा रोजगार

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया का पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिस ब्रिटेन ने भारत पर दो सौ साल राज किया आज भारत ने अर्थव्यवस्था में उसे पछाड़ दिया। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी तीन सालों में देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना देंगे।

शनिवार को उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में फिजिकल कॉलेज के मैदान पर आयोजित सभा में ये बात कहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुरी चाकू व वायलिन का जिक्र करते हुए रामपुर की जनता के दिल को छुआ। उन्होंने कहा कि होली के पूर्व 610 करोड़ की परियोजनाओं के साथ यहां आया हूं, इसके लिए रामपुरवासियों के लिए बधाई देता हूं। सभी प्रतिनिधियों के प्रयास से रामपुर आज एक विकास की नई पहचान बना रहा है। यहां प्रगति माल भी बन रहा है और पीएम स्वनिधि योजना से स्ट्रीट वेंडरों के पुनर्वास का एक मॉडल दिया है। रामपुर की पहचान चाकू से थी तो कुछ लोग चाकू का इस्तेमाल जेब कतरने में करते थे। हमने इसी चाकू का इस्तेमाल सबको सुरक्षा देने में कर दिया है। रामपुर में पहले जबरन गरीबों की जमीनों पर कब्जा किया जाता था, आज पीएम स्वनिधि योजना से उनके पुर्णोद्धार और पुनर्वास का कार्यक्रम किया जा रहा है। यहीं के वायलिन से संगीत की लहरियां रामपुर घराने की पहचान को फिर से पुनर्जीवित करने का काम कर रही है।

हमारा रामपुर फिर से नई पहचान से आगे बढ़ रहा है। 610 करोड़ रुपये की परियोजनाएं इसी उपहार के क्रम में प्रदान की जा रहीं हैं। उन्होंने रामपुर में पीडब्लूडी का नवनिर्मित सर्किट हाउस का नाम संत शिरोमणि रविदास के नाम रखने की घोषणा की। कहा कि संत रविदास ने कहा था मन चंगा तो कठौती में गंगा है। उस काल खंड में भी कौरवों की साधना को महत्व दिया था। उन्होंने कहा मन के जीते जीत है, मन के हारे हार है। ये हमारे लिए आज उतनी ही सार्थक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हम देशवासियों के सामने एक नया विश्वास गड़ा है।

## छात्र-छात्राओं ने मतदान करने को किया जागरूक




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) योजना के अंतर्गत मतदाता साक्षरता हेतु मतदाता साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति द्वारा छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र के निर्माण में मतदान करके अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। कार्यशाला में युवा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु मेरा पहला वोट देश के लिए विषय पर खंड शिक्षा अधिकारी पद्मशेखर मौर्य द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राम मूर्ति यादव ने छात्र-छात्राओं को भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने का संदेश दिया। मतदाता साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने युवाओं को मत देने और जागरुक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# लखनऊ में विकास कार्यों की गंगा बह रही : पाठक

### राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ लोकसभा में स्वीकृत विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी के प्रयासों से लखनऊ लोकसभा में चल रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों की कड़ी में आज लखनऊ की सभी विधानसभाओं में विभिन्न स्थानों पर स्वीकृत विकास कार्यों का भूमि पूजन आयोजन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, राजनाथ सिंह सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी और जनसंपर्क अधिकारी राघवेंद्र शुक्ला द्वारा संपन्न हुआ।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने पार्षद सुशील तिवारी पम्मी की उपस्थिति में कैंट विधानसभा के अंतर्गत लाल कुआं वार्ड, मकबूलगंज में कल्याण मंडप कार्य के, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक पंकज सिंह और एमएलसी मुकेश शर्मा हनुमान सेतु मंदिर के सामने पार्किंग स्थल पर ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में तीन पुलो के निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिसमें हनुमान सेतु मंदिर से समता मूलक चौराहे तक सीधे रोड कनेक्टिविटी के लिए और सुगम यातायात के लिए निशातगंज से कुकरेल नदी के ऊपर फोर लेन ब्रिज का निर्माण कार्य और निशातगंज से कुकरेल नदी के मध्य निशातगंज बंधे का चौड़ीकरण कार्य, हनुमान सेतु पर दो अन्य पुलों का निर्माण कार्य निशातगंज में ईपीसी मोड पर पुल का निर्माण कार्य और पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी के ब्रिज तक टू लेन आरओबी कम फ्लाईओवर के निर्माण कार्य शामिल है। मनकामेश्वर उपवन घाट में पक्का पुल से डालीगंज एवं गोमती नदी की ब्रिज तक टू लेन आर ओ बी कम फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का भूमि पूजन उत्तर विधानसभा विधायक डॉक्टर नीरज बोरा द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि आज विभिन्न सात स्थानों पर सामुदायिक केंद्रो के निर्माण के अंतर्गत जानकीपुरम सेक्टर एफ में वरिष्ठ नागरिक सामुदायिक केंद्र का विधायक डॉक्टर नीरज बोरा ने, कुर्सी रोड पर शंकर पूर्व वार्ड प्रथम में कल्याण मंडप का डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ला ने, ऐशबाग इंडस्ट्रियल एरिया और नांदखेड़ा में सामुदायिक केंद्र का महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और अंजनी श्रीवास्तव ने, सुदर्शन पुरी में कल्याण मंडप का और विवेक खंड में सामुदायिक केंद्र का एमएलसी मुकेश शर्मा ने भूमि पूजन किया।

गोमती नगर विनीत खंड, जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 6 में वसंत कुंज योजना सेक्टर डी के निकट जॉगर्स पार्क में और घंटाघर के पीछे नजूल की भूमि पर लाइब्रेरी निर्माण कार्य के लिए भी भूमि पूजन कार्य संपन्न हुए। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ में विकास कार्यों की गंगा बह रही है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा अनेक परियोजनाओं का काम पूर्ण किया जा चुका है एवं स्वीकृत कामों पर कार्य चल रहा है आने वाला समय में लखनऊ विश्व स्तरीय शहरों में शुमार होगा।

पंकज सिंह ने कहा कि मा. रक्षा मंत्री जी ने अपने लोकसभा क्षेत्रवासियों को आवागमन की सुगमता प्रदान करने के लिए समय-समय पर विभिन्न परियोजना के माध्यम से विकास कार्यों को करवाया है। जनता की अपेक्षा, इच्छा और उनकी सहूलियत के अनुरूप अभूतपूर्व कार्यों को पूरा होते हुए जनता ने देखा है। अटल बिहारी वाजपेई जी के सपनों को साकार करते हुए लखनऊ को आउटर रिंग रोड विश्व स्तरीय गोमती नगर रेलवे स्टेशन, टर्मिनल 3 एयरपोर्ट और अनेकों अनेक ओवर ब्रिजो से लखनऊ को देश के अग्रणी शहरों में पहुंचाया है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में शायद ही कोई व्यक्ति होगा जिसे उन योजनाओं का लाभ न मिला हो। आने वाले लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में लखनऊ वासी कमल का बटन दबाकर भारी मतों के अन्तर से विजय दिलाने का काम करे।

## क्रांति सिंह प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**लखनऊ।** प्रेरणा सदन लोक निर्माण विभाग गवर्नर हाउस के सामने 16 मार्च को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का नामांकन व निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव अधिकारी श्रवण पाल की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गय। चुनाव में श्री क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष,सुशील कुमार प्रदेश महामंत्री, श्याम देव प्रदेश कोषाध्यक्ष, कन्हैया लाल पटेल प्रदेश संगठन मंत्री, दिनेश चंद्र मौर्य, प्रदेश संप्रेक्षक निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रदेश अध्यक्ष पद पर दो नामांकन क्रांति सिंह के सामने रामचंद्र ने नामांकन किया था। लेकिन रामचंद्र ने प्रदेश अध्यक्ष से अपना नामांकन वापस ले लिया। इसलिए क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि अन्य पदों पर सिर्फ एक एक नामांकन होने से सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी व कई जनपद शाखा के जिला अध्यक्ष मंत्री ने निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी को पुष्प भेंट कर व मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।

## उत्तराखण्ड के ग्रामीण व सुदूर अंचल की पारम्परिक होली का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तराखण्ड महापरिषद लखनऊ द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 16.03.2024 को अपराह्न 03:00 बजे से उत्तराखण्ड महापरिषद भवन, कुर्मांचल नगर के प्रागण में महिला एवं पुरूष होलियारों द्वारा उत्तराखण्ड के ग्रामीण व सुदूर अंचल की पारम्परिक बैठकी एवं खड़ी होली का का शानदार आयोजन किया गया। सर्वप्रथम होलियारो द्वारा उत्तराखण्ड के वाद्य यंत्रो (ढोल, दमऊ, हुड़का आदि) के साथ कुर्मांचल नगर में घर-घर जाकर होली गीत प्रस्तुत किए गए तथा उसके बाद उत्तराखण्ड महापरिषद के प्रांगण में एक से सुन्दर एक होली का गायन व नृत्य प्रस्तुत किए गए। उत्तराखण्ड महापरिषद का हमेशा से ही यह प्रयास रहता है कि इन होली कार्यक्रमों द्वारा एक नयापन के साथ उत्तराखण्ड के ग्रामीण व सूदूर अचंल की होली का उत्लास, उमंग, उल्लड़ एवं आनन्द की हृदयशी अनुभूति दे सकें। यह प्रयास आज की इस होली कार्यक्रम में स्पष्ट दिखायी भी दिया।

खड़ी होली अधिकतर कुमाऊँ के ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई जाती है। खड़ी होली के गीत होलियारों द्वारा पारंम्परिक सफेद कुर्ता एवं चूड़ीदार पायजामा तथा सिर पर टोपी पहनकर प्रस्तुत करते हैं। इसी प्रकार महिला होलियार अपने पारम्परिक वेश-भूषा में होली की प्रस्तुति देते हैं। होलियारों द्वारा सर्वप्रथम जगत सिंह राणा के नेतृत्व में खड़ी होली अम्बा के बबन बिराजे होली किशोर कोठारी द्वारा जल कैसे भरू जमुना गहरी, सुरेन्द्र राजेश्वरी द्वारा हा हा जी सीता बन में अकेले कैसे रही, मथुरा दत्त पन्त द्वारा गैनू में बालड़ी आ गै रे, कुमॉऊनी खड़ी होली गीत मैं हाथा जोड़नू सब नर-नारी आदि अनेक प्रस्तुत की गयी जिसमें भरत सिंह बिष्ट, मंगल सिंह रावत, केएस चुफाल, भुवन पटवाल, पान सिंह, कैलाश सिंह, महेन्द्र गैलाकोटी, रमेश अधिकारी, प्रकाश चन्द, भुंवन पाठक, दर्शन सिंह परिहार, मोहन पन्त, महेन्द्र पन्त, बलवन्त वाणगी, बहादुर सिंह रावत, पूरन भदोला, बृज मोहन नेगी, लाल सिंह बिष्ट आदि ने भाग लिया।

## मेगा जॉब फेयर, प्लेशमेंट में 171 छात्र-छात्राओं का चयन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज16 मार्च को हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेज प्रधान कार्यालय हीरालाल यादव बालिका पी0जी0 कालेज प्रांगण में मेगा जॉब फेयर, प्लेशमेंट का आयोजन किया गया, जिसमे कुल 11 प्रतिष्ठानों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से कुल 171 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।

जॉब फेयर का औपचारिक शुभारम्भ श्री राम सिंह यादव, एडवोकेट, अध्यक्ष हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेज द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मा0 राम सिंह जी ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि तथा प्रबन्ध निदेशक इं0 अनुराग, प्रो0 ए0 पी0 सिंह, प्राचार्य तथा सभी सम्मानित शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थित रही। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

# पोस्टमास्टर जनरल ने जौनपुर प्रधान डाकघर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



■ डाक सेवाएँ नित नवाचार के साथ हो रहीं हाईटेक : कृष्ण कुमार यादव

**लखनऊ।** डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। भारत सरकार की तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। आईपीपीबी उन तमाम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनके पास बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच नहीं है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 16 मार्च को जौनपुर प्रधान डाकघर कार्यालय के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से लोगों के प्रति अच्छे व्यवहार और विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। डाक अधीक्षक श्री परमानंद कुमार ने पोस्टमास्टर जनरल का स्वागत करते हुए जौनपुर में डाक सेवाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन की भी समीक्षा की। बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में जौनपुर ने सर्वाधिक 15 हज़ार लोगों का इस हेतु पंजीयन किया है। पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं तथा निःशुल्क पंजीयन कर रहे हैं। जौनपुर ने परिक्षेत्र में सर्वाधिक 2.54 लाख आइपीपीबी खाते खोलकर भी लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग और डीबीटी में फ़ायदा पहुँचाया है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में नए मतदाताओं को जोड़ने हेतु जौनपुर में डेढ़ लाख से ज्यादा मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग और वितरण का कार्य किया जा चुका है।

## उपभोक्ताओं को बताई विद्युत वितरण संहिता व कॉस्ट डाटा बुक की बारीकियां

अवधनामा संवाददाता

■ उपभोक्ता परिषद ने विद्युत उपभोक्ताओं को दिया मंत्र

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद द्वारा प्रत्येक सप्ताह चलाई जाने वाले प्रादेशिक साप्ताहिक वेबीनार में आज बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लेकर जहां अपनी समस्याएं बताई वही उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से जुडे सभी बिजली कंपनियों के विद्युत उपभोक्ताओं को जागरुक करते कनेक्शन लेने संबंधी मीटर बदलने संबंधी मुआवजा लेने संबंधी अस्थाई संयोजन संबंधी भार बढाने संबंधी विद्युत आपूर्ति संबंधी कानून नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि आप सभी उपभोक्ता जागरूक होकर विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए विद्युत वितरण संगीता 2005 कॉस्ट डाटा बुक व समय-समय पर जारी नियमों विनियमों की जानकारी के आधार पर अपनी बात को रखेंगे तो निश्चित तौर पर उसका समाधान होगा और यदि किसी स्तर पर समाधान में व्यवधान उत्पन्न होता है तो उपभोक्ता परिषद आपकी लडाई को आगे बढाएगी और आपकी समस्या का समाधान होने तक आपकी मदद करेगा जरूरत पडने पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व बिजली कंपनियों के प्रबंधन से भी आपकी समस्याओं पर बात करेगा।

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने अपने उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए कहा जब भी आप अपनी समस्या को बिजली कंपनियों के सामने रखें तो सबसे पहले नियमों कानून की बारीकियां के आधार पर अपनी बात को रखें बाराबंकी से जुडे एक विद्युत उपभोक्ता ने कहा उसे एक परिसर पर दो कनेक्शन नहीं मिलेगा कहकर कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है इस पर उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने तुरंत जानकारी देते हुए कहा अगर आपकी वायरिंग अलग-अलग है।

# बच्चों में प्रारम्भ से ही जीवन मूल्यों का विकास करें

### बालक के चरित्र निर्माण के लिए एक स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षकों व अभिभावकों का आहवान करते हुए डा. गाँधी ने कहा कि बच्चों में प्रारम्भ से ही जीवन मूल्यों का विकास करें। परमात्मा के दिव्य गुणों जैसे सदाचार, ईमानदारी, अहिंसा, न्याय, सहयोग आदि जीवन मूल्यों को बच्चों में प्रारम्भ से ही रोपित करें। डा. गाँधी ने आगे कहा कि इस धरा पर बच्चों का अवतरण स्वार्थ सिद्धि के लिए नहीं, अपितु परमार्थ के लिए हुआ है।



इसके साथ ही, सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में भी मेधावी छात्रो को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती त्रासी द्विवेदी ने कहा कि बालक के चरित्र निर्माण के लिए एक स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए। यही छात्र आगे चलकर सामाजिक उत्थान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार, सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय प्रांगण में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में बोलते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती आभा अनन्त ने कहा कि बालकों को ज्ञान-विज्ञान, कला, शिल्प, खेलकूद आदि में उत्कृष्टता अर्जित करने के लिए प्रत्येक प्रयास पूरे मनोयोग तथा एकाग्रता के साथ करना चाहिए। सर्वांगीण शिक्षा के माध्यम से प्रत्येक छात्र परिवार, समाज और विश्व के लिए एक आदर्श नागरिक बन सकता है।

'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस के छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहाँ एक ओर ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण गीत-संगीत ने आध्यात्मिक उल्लास से सभी को सराबोर कर दिया तो वहीं दूसरी ओर लघु नाटिका, नृत्य, एरोबिक्स आदि अनेकानेक शानदार प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस समारोह के माध्यम से छात्रों ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही उद्देश्यपूर्ण शिक्षा पद्धति से अभिभावकों को रूबरू कराया जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले व वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया।

## शास्त्रीय एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति ने मन मोहा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नेशनल इंटर कॉलेज, हज़रतगंज में चल रहे खादी प्रदर्शनी मेला में आज सबसे पहले बी आर टी डांस अकादमी के द्वारा लिपिका के निर्देशन मैं शास्त्रीय एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई द्य उसके बाद नृत्यांजलि फाउंडेशन ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए खादी फैशन शो का आयोजन किया गया। कोरियोग्राफर मधु सिंह ने सभी मॉडल्स को खादी के बने कपड़ो के साथ रैंप वॉक करवाया वहा उपस्थित सभी दर्शकों ने सभी मॉडल्स की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में नृत्यांजलि फाउंडेशन की अध्यक्षा रागिनी श्रीवास्तव ने सभी मॉडल्स और बच्चो को सम्मानित किया और वहा उपस्थित सभी दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डॉ. सीमा शाक्य का जगह-जगह हुआ स्वागत

- चयन आयोग सदस्य नियुक्त होकर आगमन पर डा. सीमा शाक्य का स्वागत

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की सदस्य नियुक्त होने के बाद डॉक्टर सीमा शाक्य के शनिवार को लखनऊ से गृह जनपद आगमन पर आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर चौपुला कट से लेकर इटावा तक जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं, समाज के लोगों व समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक रघुराज सिंह शाक्य की धर्मपत्नी डॉक्टर सीमा शाक्य को विगत दिवस उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का सदस्य बनाए जाने की सूचना पर इटावा में हर्ष था शनिवार को जब उन्होंने अपने काफिले के साथ लखनऊ से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर होती हुई जिले में प्रवेश किया तो सबसे पहले चौपुला कट पर भाजपा नेता संजीव भदौरिया, प्रशान्त राव चौवे, पूर्व सभासद राजेन्द्र कुशवाहा, विवेक रंजन गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, रामकरन शाक्य, पूर्व अधिशाषी अभियंता आदेराम शाक्य, ताखा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र शाक्य व शिवनारायण शाक्य सहित भाजपा कार्यकर्ताओं, समाज के लोगों व समर्थकों ने फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया उसके बाद ग्राम लुहिया के पास समाज के लोगों ने किया, बसरेहर में घुसते ही सैफई भाजपा मंडल अध्यक्ष असनेत यादव, बसरेहर मंडल अध्यक्ष विजय शाक्य, ताखा मंडल अध्यक्ष सुदेश शर्मा, महामंत्री जितेन्द्र पाल, सहित अनिल शाक्य, श्यामवीर यादव, रविन्द्र शाक्य, राहुल राज, दीपक नन्दन जाटव, वीटू यादव, राहुल शुक्ला, पंकज कुशवाहा, गजेन्द्र शाक्य, दीपक यादव, डा.महेन्द्र शाक्य, अनोद शाक्य व ममता शाक्य एडवोकेट ने स्वागत किया, बसरेहर के निकट ब्लाक प्रमुख दिलीप यादव ने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया। इसके बाद दतावली पहुंचने पर पूर्व प्रधान जितेन्द्र शाक्य ने समाज के कार्यकर्ताओं के साथ तथा फ्रेंड्स कॉलोनी पहुंचने पर शिशुपाल शाक्य आदि समर्थकों ने पगड़ी व 51 किलो फूलों की माला पहनाकर जोशीला स्वागत किया। आवास पहुंचने पर डा.सीमा शाक्य व पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने संक्षिप्त वार्ता में बताया चूंकि अब सभी शिक्षा बोर्ड को मिलाकर एक ही आयोग बना दिया गया है इसलिए उनकी ज़िम्मेदारी ज्यादा बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि अब चुनाव बाद सभी भर्ती परीक्षाएं पूरी सुचिता से सम्पन्न कराई जायेंगी ताकि नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे बेरोजगारों को अवसर प्राप्त हो सके।

# आज पूरे प्रदेश को समान दृष्टि से मिलती है विद्युत आपूर्तिः सरिता भदौरिया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** डबल इंजन की सरकार में सबको निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है पूर्व की सरकार में कुछ ही जिलों में बिजली आपूर्ति मिलती थी आज पूरे प्रदेश को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हो रही है जिससे डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में बिजली कोई मुद्दा ही नहीं बचा है इससे पूर्व बिजली पानी पर ही राजनीति होती थी उक्त बात सदर विधायक सरिता भदौरिया ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधिसाशी अभियंता कार्यालय एस डी फील्ड से पहुंचा पुराना सूत मील स्थित आवास विकास प्रांगण में अपने नवीन भवन में पहुंचने पर सदर विधायक सरिता भदोरिया ने फीता काटकर शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किये। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भी बैठेंगे आवास विकास स्थित नवनिर्मित विद्युत विभाग के भवन में। विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि आवास विकास द्वारा विद्युत विभाग के भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन में विद्युत विभाग के उपखंड कार्यालय के साथ-साथ खंड कार्यालय भी रहेगा और इसी कार्यालय में अधिशासी अभियंता लोगों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करेंगे। पूर्व कार्यालय में जगह कम होने के कारण नहीं हो पाता था कार्य जिस कारण विद्युत विभाग के कार्यालय को नवीन भवन में करना पड़ा शिफ्ट। नवीन भवन बहुत ही बड़ा है पुराने दफ्तर की अपेक्षा और इसमें आने वाले कंज्यूमरों को भी मिलेगी ज्यादा सहूलियत। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी भाजपा नेता सागर दुबे किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदोरिया किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान टीटू व्यापारी नेता विनीत कुमार पांडे ओम रतन कश्यप श्याम चौधरी चंदन पोरवाल पूर्व सभासद राजेश प्रजापति आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## विश्व ब्राह्मण सनातन संघ ने कर्मयोगी सम्मान से गोपाल चतुर्वेदी को सम्मानित किया

**मथुरा।** जनपद के वरिष्ठ पत्रकार एवम अखिल भारत हिन्दू महासभा के व्रज प्रांत अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी के सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए विश्व ब्राह्मण सनातन संघ के राष्ट्रीय संयोजक पंडित धर्मेंद्र शुक्ला द्वारा कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया। कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित होने पर गोपाल चतुर्वेदी द्वारा संगठन को धन्यवाद देते हुए कहा कि गऊ,ब्राह्मण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए जरूरत पढ़ी तो अपने खून का एक एक कतरा तक बहाने से पीछे नहीं हटेंगे। गोपाल चतुर्वेदी को कर्मयोगी सम्मान मिलने पर मथुरा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश पंकज, भानू प्रकाश शर्मा, गिरधारी लाल, ठाकुर तेज सिंह, प्रवीण कुमार, नंद किशोर शर्मा, प्रतीक चतुर्वेदी, दिनेश आचार्य, निर्भय यादव, रवि वर्मा, गणेश माहोर,राजकुमार, सहित आचार्य अखिलेश चतुर्वेदी, आदि लोगो ने बधाई दी।

## दो सड़को का पार्षद मुन्ना मलिक ने किया शिलान्यास

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड 31 के पार्षद मुन्ना मलिक द्वारा नगर के विकास को आगे बढ़ाते हुए नवनीत नगर में 2 सड़कों मुश्ताक के मकान से अशोक कुमार गोला के मकान तक व शाकिर के मकान से इकबाल के मकान तक नाली व इंटरलॉकिंग जिसकी लागत 14 लाख 83 हजार 130 रुपए के निर्माण के कार्य का नेता पार्षद दल मुन्ना मलिक ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से में पार्षद बना हूँ। में इसका सदुपयोग करते हुए जिन क्षेत्रों में पर प्राथमिकता पर कार्यों की आवश्यकता है। उन क्षेत्रों में कार्य करवा रहा हूं। इसके अतिरिक्त मेरा लगातार प्रयास रहता है। कि विकास के कार्यो को लगातार आगे बढ़ा रहा हू। लगातार मेरे द्वारा विकास कार्यो को ही प्राथमिकता दी जाती है। इस मौके पर मुख्यरूप से डॉ शाहिद, कमरुद्दीन मलिक, बंटी सिद्दीकी, लियाकत मलिक, साहिल मलिक, पवन चौधरी, मुकेश गुप्ता, योगेश चौधरी, भानु पेंटर, पप्पू भाई, अशोक कुमार, आदि उपस्थित थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवसः ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने शिकायती पत्र ज़िलाधिकारी को दिये

- 26 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाये, अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर तत्काल समस्या का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील चकरनगर के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण अंचलों से आये फरियादियों ने अपने-अपने शिकायती पत्र जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत किये, जिन्हें पृष्ठांकित कर संबंधित अधिकारियों को समय से निस्तारण हेतु उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कुल 26 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सामाजिक निदेशक वानिकीय अतुल कांत शुक्ला, अपर मुख्य चिकित्सा धिकारी, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन

**मथुरा।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों यूनिटों के संयुक्त स्वयंसेवकों ने 7 दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ नवीन अग्रवाल के निर्देशन में सुभाष इंटर कॉलेज बंगाली घाट मथुरा पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें देश सेवा, देश प्रेम, महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत, मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा आदि पर विविध प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है इसे निस्वार्थ करना चाहिए जब देश बढ़ेगा तो हम बढ़ेंगे विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डॉ मनवीर सिंह सुभाष इंटर कॉलेज ने अपने विद्यालय की तरफ से सभी का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो0 राजेश अग्रवाल प्रो0 विनोद खंडेलवाल डॉ राजेश सारस्वत लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक, डॉ अजय उपाध्याय, रिंकू, संजय, नितिन, प्रवेश एवं सुभाष इंटर कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीएम, एसएसपी ने अधिकारियों, पुलिस बल के साथ भ्रमण कर उतरवाए होर्डिंग्स

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** डीएम प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों, पुलिस बल के साथ भ्रमण कर उतरवाए होर्डिंग्स, एमसीसी का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश डीएम, एसएसपी ने जनपद के प्रेस प्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचन के संबंध में दी जानकारी सम्पूर्ण जनपदभर में राजनैतिक बाल पेंटिंग, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को तत्काल हटाते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है जनपद में 1137 पोलिंग स्टेशन लोकेशन, 1528 पोलिंग स्टेशन हैं, जिसमें 33 बल्नेर्बल पोलिंग स्टेशन, 317 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं जिले में कुल 1295340 मतदाता हैं, जिसमें महिला मतदाता 601365, पुरूष मतदाता 693942 हैं। जिले में दिव्यांग मतदाता 11742, ट्रांसजेण्डर मतदाता 33, 80 वर्ष से अधिक आयु के 25072 मतदाता हैं। निर्वाचन को आयोग की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु 14 जोनल मजिस्ट्रेट, 160 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, राजनैतिक दलों के पदाधिकारीगण, जनपद के मीडिया बंधु आदि मौजूद रहे। उतरवाए होर्डिंग्स, एमसीसी का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश डीएम, एसएसपी ने जनपद के प्रेस प्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निर्वाचन के संबंध में दी जानकारी सम्पूर्ण जनपदभर में राजनैतिक बाल पेंटिंग, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर को तत्काल हटाते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है।

जनपद में 1137 पोलिंग स्टेशन लोकेशन, 1528 पोलिंग स्टेशन हैं, जिसमें 33 बल्नेर्बल पोलिंग स्टेशन, 317 क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन हैं। जिले में कुल 1295340 मतदाता हैं, जिसमें महिला मतदाता 601365, पुरूष मतदाता 693942 हैं। जिले में दिव्यांग मतदाता 11742, ट्रांसजेण्डर मतदाता 33, 80 वर्ष से अधिक आयु के 25072 मतदाता हैं।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे जन जागृति का उत्सव हुआ

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशीष सिंह आशु मौजूद रहे
- कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ने की और संचालन एआरपी रजनीश द्विवेदी ने किया
- बच्चे व अभिभावक/ शिक्षकों को सम्मानित किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**बिलग्राम।** तलसील बिलग्राम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा हमारा आंगन हमारे बच्चे जन जागृति उत्सव के तहत निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले बच्चे,अभिभावक व शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार के निर्देशन में बीआरसी पर आयोजित हुआ इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं अध्यापक व अधियापिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम नगर पालिकाओं परिषद के अध्यक्ष अनिल राठौड़, भाजपा नेता मंगत राम भी उपस्थित रहे। विधायक आशीष सिंह आशु ने अपने अभिभाषण में कहा की सरकार की मंशा को स्पष्ट करते हुए कहा की प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी मिलकर स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम में अनुक्रम में बच्चों को सिखने के लिए उत्साहित एवं तत्पर करना ही इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा की व अध्यापकों के समकेति प्रयास करने से विद्यालय में सहज बरताव उत्पन्न हो और बच्चें अच्छी शिक्षा ग्रहण का सके। इस कार्यक्रम में जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शकील अहमद, राजकुमार, एआरपी शैलेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, एआरपी श्रीचंद, रजनीश द्विवेदी, लइक अहमद, सुधीर ,अकील अहमद, राहुल, रोहित द्विवेदी, रेहाना परवीन, नासर परवीन, मुनीर खान, गुलशाद खान, नीरज कुमार, विनोद कटियार, अस्मत फातिमा,अपर्णा, मंगत राम, रीता रानी मौर्या, नूर हसन, फरीद अहमद, हिमाशी कुशवाह, पुष्पा, प्रतिभा आदि शिक्षक शिक्षिकाएँ और अभिभावक मौजूद रहे।

# युवा पर्यटन क्लब से जुड़े छात्र-छात्राओं ने भांडीर वन, वंशीवट का भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

- जिला पर्यटन विभाग की पर्यटन नीति के अंतर्गत गठित हैं युवा पर्यटन क्लब

**मथुरा।** उप्र पर्यटन विभाग की पर्यटन नीति के अंतर्गत गठित युवा पर्यटन क्लब का भाडीर वन व वंशीवट का का भ्रमण आयोजित किया गया। क्लब से जुड़े छात्र व छात्रों ने भ्रमण के दौरान चित्रांकन भी किया। युवा पर्यटन क्लब से जुड़े स्कूली छात्र-छात्राओं को मांट के भांडीर वन का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने भ्रमण के दौरान अलग-अलग पेटिंग भी तैयार कीं। उनको ब्रज के इस पर्यटन स्थल की जानकारी दी गयी। बच्चों को अवगत कराया गया कि बालक कृष्ण का विवाह राधा जी के साथ इसी स्थल पर ब्रह्मा जी ने कराया था। वर्तमान में भांडीर वन का कायाकल्प उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा कराया गया है। युवा पर्यटन क्लब के भ्रमण कार्यक्रम पर्यटन अधिकारी डी के शर्मा के निर्देश पर आयोजित किये जा रहे हैं। भांडीर वन व वंशीवट का भ्रमण युवा पर्यटन क्लब की ओर से प्राचार्या श्रीमती कविता सक्सेना की उपस्थिति में हुआ। उनके साथ अन्य शिक्षिकाएं श्रीमती बीनेश शर्मा, श्रीमती प्रियंका,बरखा सारस्वत, पूजा शर्मा, ममता, रश्मि व लता पाण्डेय थीं।

इस अवसर पर उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन के कोआर्डीनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने युवा पर्यटन क्लब के छात्र व छात्राओं को बधाई दी। विदित हो कि इससे पूर्व क्लब की ओर से सूरदास जी की साधना स्थली परासोली (गोवर्धन) व रसखान समाधि का भ्रमण किया गया था। वहां उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो को बच्चों को दिखाया गया। सूरदास जी व अन्य अष्टछाप के अन्य कवियों के बारे में और ब्रजभाषा में उनके द्वारा बनाए पदों आदि की जानकारी भी दी गयी। बच्चों ने चंद्र सरोवर पर लगीं अष्टछाप के कवियों की प्रतिमाओं का अवलोकन किया था। उप्र पर्यटन विभाग की नीति के अनुसार युवा व छात्र- छात्राओं को पर्यटन से जोड़ने के लिए युवा पर्यटन क्लब गठित किए गये हैं।

## समाजवादी पार्टी ने इटावा से जितेन्द्र दोहरे को बनाया लोकसभा प्रत्याशी

**इटावा।** समाजवादी पार्टी ने इटावा लोकसभा से जितेन्द्र दोहरे को लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया। जितेंद्र दोहरे के प्रत्याशी घोषित होते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सिविल लाइंस स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर जितेंद्र दोहरे के पहुंचने पर जितेंद्र दोहरे को कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एवम माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नेतृत्व ने इटावा की जनता को जुझारू एवं मिलनसार प्रत्याशी दिया है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के संघर्ष दम पर इटावा लोकसभा में ऐतिहासिक परचम लहराने जा रही है। घोषित प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने कहा कि समाजवादी पार्टी इटावा में बड़े मार्जन से चुनाव जीतेगी। इटावा लोकसभा की जनता ने हमेशा समाजवादी पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। भाजपा वालो ने भ्रम फैलाकर एवं वैमनस्यता की राजनीत कर धोखे से सीट जीती थी। समाजवादी पार्टी को पीडीए के साथ-साथ सभी वर्गों का प्रचंड समर्थन मिलने जा रहा है। इटावा लोकसभा में जितना भी विकास कराया है वो नेताजी, अखिलेश जी, शिवपाल जी एवं प्रो रामगोपाल यादव जी की देन है। ये तो जुमला लाकर जनता को ठगने का कार्य करते है। अपने टिकट के लिए मैं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी, प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव जी एवम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव जी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

## सेल्समैन की हत्या से क्षेत्र में सनसनी

**मथुर।** थाना सुरीर क्षेत्र के अंतर्गत बीती रात सेल्समेन की हत्या से क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है घटना स्थल पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना के संबंध में लोगों से पूछताछ कर पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आदेशित किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरीर भदनवारा मार्ग पर मंदिर के पास शुक्रवार रात एक युवक का रक्त रंजित शव पड़े होने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई सूचना पाकर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुंच गई मृतक की शिनाख्त सुरीर निवासी हेमंत के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों का कहना है मृतक का गांव के ही लोगों से प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर रंजिश चल रही है इसी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है पुलिस का मानना है की घटना का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। घटना से गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है पुलिस के आला अधिकारियों ने गांव में सुरक्षा के में सुरक्षा के लिए पुलिस को सतर्क कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने दो हत्या आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को पढ़ाएंगे आईआईटी के प्रोफेसर

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और नेशनल स्किल डवलपमेंट कार्पोरेशन(एनएसडीसी) के मध्य दिल्ली में हुए एक महत्वपूर्ण समझौते में तय हुआ है कि अबसे आईआईएम अहमदाबाद और आईआईटी द्वारा संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को कोई एक विषय पढ़ाया जाएगा। कौशल विकास एवं नवोन्मेष के उद्देश्य को पूरा करने के क्षेत्र में यह समझौता विशेष रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में हुए इस समझौते पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और एनएसडीसी के सीईओ वेदमनी तिवारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत संस्कृति विवि के इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को आईआईटी द्वारा हर सेमेस्टर में एक विषय पढ़ाया जाएगा। यानि कि संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को आईआईटी के प्रोफेसर से पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। आईआईटी द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय की परीक्षा में आने वाले नंबर विद्यार्थियों की मार्कशीट में क्रेडिट होंगे। वहीं संस्कृति विवि के मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को आईआईएम द्वारा वेल्युएडेड सर्टिफिकेट कोर्स करने का अवसर मिलेगा, जो उनकी प्रतिभा और बायोडाटा में और परिकृता प्रदर्शित करेगा। इन कोर्सों को पूरा करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र आईआईएम द्वारा दिया जाएगा।

विवि के अकादमिक प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस समझौते के अनुसार अस्ट्रेलिया की विश्वप्रसिद्ध युनिवर्सिटी डेकेन युनिवर्सिटी द्वारा भी संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रोग्राम कराए जाएंगे। संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने इस समझौते पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के स्किल डवलपमेंट के क्षेत्र में यह समझौता एक मील का पत्थर साबित होगा साथ ही 'कुशल भारत, विकसित भारत' की सोच को भी पूरा करेगा। इस मौके पर संस्कृति विवि की सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा, डा. रजनीश त्यागी, संस्कृति विवि के इंक्युबेशन सेंटर के सीईओ गजेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

## बरसाना में खेली जाएगी लड्डू मार होली

**मथुरा।** रंगों का त्योहार होली आने वाला हैं. ऐसे में पूरा देश अभी से होली की खुशियों में सराबोर हो गया है। भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में तो इस त्योहार को कई दिनों पहले से ही मनाना शुरू कर दिया जाता है। मथुरा, वृंदावन और बरसाना में जमकर होली खेली जाती है. इसी कड़ी में आज लड्डू मार होली खेली जाएगी, जिसमें सैकड़ों किलों लड्डुओं की बरसात होगी। रविवार को राधा रानी महल बरसाना से राधा रानी की सखियां निमंत्रण के रूप में गुलाल लेकर कान्हा के घर नंदगांव जायेंगी।

# गोपाल आश्रम जीर्णोधार के लिए पर्यटन मंत्री ने किया लोकार्पण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** फ़िरोज़ाबाद जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल गोपाल आश्रम के जीर्णोद्वार के लिये पर्यटन मंत्री ठा जयवीर सिंह से 156.35 लाख का किया लोकार्पण। प्रमुख धार्मिक स्थलों पर श्रद्वालुओं को हर संभव सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही मंदिर परिसर का कायाकल्प किया जाएगा। सुहागनगरी के प्रमुख धार्मिक स्थल गोपाल आश्रम के कायाकल्प पर करीब 156.35 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। निगम और पर्यटन विभाग की संयुक्त कार्ययोजना व प्रस्ताव को शासन की मंजूरी मिल गई है। शहर की जनता की आस्था का केंद्र गोपाल आश्रम के आंतरिक भाग में सौंदर्यीकरण कराए जाने के साथ ही भव्य प्रवेश द्वार एवं बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण होगा। मंदिर की पगडंडियों पर रंगीन टाइल्स लगाए जाएंगे।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा आज गोपाल आश्रम मंदिर के कायाकल्प के लिए आज लोकार्पण किया गया है। शहर का प्रमुख मंदिर है गोपाल आश्रम। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पर्यटन के लिये अरबो रुपये दिये है। हर मन्दिर का जीणोद्धार किया जा रहा है। और लिख सभा चुनाव में सभी सीटों पर बीजेपी की प्रचण्ड जीत होगी। सरकार द्वारा हर वर्ग के व्यक्ति को योजनाओ का लाभ दिया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में लोगो को बैठने की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में सदर विधायक मनीष असीजा, कामिनी राठौर मेयर व जिले के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता भी रहे मौजूद।

# महोत्सव में भगत-सांगीत नौटंकी के संरक्षण के संकल्प

**अवधनामा संवाददाता**

- वृंदावन शोध संस्थान में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जीएलए विवि का त्रिदिवसीय भगत-सांगीत नौटंकी महोत्सव-2024 का समापन

**वृंदावन (मथुरा)।** वृंदावन शोध संस्थान में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं जीएलए विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रही त्रिदिवसीय भगत-सांगीत नौटंकी महोत्सव-2024 के अंतर्गत 'भगत-सांगीत नौटंकी का संरक्षण और भविष्य' विषयक संगोष्ठी व आधी -रोटी' नौटंकी का प्रदर्शन किया गया।

संगोष्ठी के दौरान गीता शोध संस्थान के समन्वयक चन्द्रप्रताप सिकरवार ने कहा कि भगत-सांगीत नौटंकी केवल मनोरंजन ही नहीं अपितु अपने इतिहास, परंपरा से जोड़ने एवं सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।

मथुरा के डॉ0 दीपक गोस्वामी ने लोक विधाओं के संरक्षण के लिए राजाश्रय पर बल दिया। मथुरा के पूर्व निदेशक सर्वेश कुमार ने रामगोपाल सत्यार्थी के प्रतिनिधि के रूप में उनके लेख को पढ़ा। वृंदावन के मोहनलाल गौतम 'मोही' ने कहा लोक नाट्य प्राचीनकाल से विद्यमान रहे हैं और आगे भी विद्यमान रहेंगे। लोक नाट्य विशेषज्ञ डॉ0 खेमचंद यदुवंशी ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से लोक नाट्यों के संरक्षण का बीज वृन्दावन शोध संस्थान में बोया जा रहा है, जो कि आगे चलकर वट वृक्ष बनेगा।

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में संस्थान के निदेशक डॉ0 राजीव द्विवेदी ने कहा कि हमारे समेकित प्रयास एक दिन इस विधा को अवश्य स्वर्णिम युग में पहुँचायेंगे। मुंबई के डॉ0 अष्टभुजा मिश्र ने त्रिदिवसीय भगत-सांगीत नौटंकी महोत्सव की समीक्षा की।

इस अवसर पर आचार्य खेमचन्द यदुवंशी शास्त्री ने मथुरा में भगत-सांगीत नौटंकी के संरक्षण, संवर्धन व प्रचार-प्रसार हेतु ब्रज भगत-सांगीत नौटंकी अकादमी की स्थापना का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनित से पारित किया गया। द्वितीय सत्र में द्वारिका लोक नाट्य कला उत्थान समिति, कौशाम्बी द्वारा नौटंकी 'आधी-रोटी' का प्रदर्शन किया। पहले दिन सभी अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ0 राजीव द्विवेदी तथा उप-निदेशक डॉ0 एस0पी0 सिंह द्वारा पटुका उढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती चंद्रिका कुमार तथा सुश्री दीपिका शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ0 देवप्रकाश, बी0एस0 गौतम, हरिओम पंडित, श्री विनोदबिहारी गुप्ता, डॉ0 ब्रजभूषण चतुर्वेदी, अशोक कुमार नीलेश, ए0के0गौतम, डॉ0 रामदत्त मिश्र एवं समस्त संस्थान कर्मी उपस्थित रहे।

## सेहत के लिए अच्छा नहीं पोटेटो चिप्स का सेवन, इन स्वादिष्ट और हेल्दी विकल्पों से संतुष्ट करें अपनी क्रेविंग



आलू चिप्स हमें आकर्षित करते हैं। इनकी खुशबू और स्वाद को देखकर खुद पर काबू करना मुश्किल हो जाता है। ये जानते हुए भी कि इनमें बहुत अधिक तेल होता है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है, फिर भी हम इनका सेवन करते हैं। हालाँकि, जरुरी नहीं है कि आप अपनी क्रेविंग को संतुष्ट करने के लिए अपने हेल्थ गोल्स का त्याग करें। आलू चिप्स सेहत के लिए अच्छे नहीं है, कोई बात नहीं, इनमें अलविदा कहें और खुद को हेल्दी रखने के लिए अन्य स्वस्थ विकल्पों जैसे कि तंदूरी सब्जी चिप्स, केल की चिप्स, और वेजिटेबल चिप्स को अपनी डाइट में शामिल करें। ये विकल्प स्वास्थ्य के लिए आलू चिप्स से लाख गुना बेहतर है और स्वाद तो आपको चखकर ही पता चलेगा। चलिए आलू चिप्स के स्वस्थ विकल्पों के बारे में जानते हैं।

**वेजी चिप्स :** शकरकंद, गाजर, चुकंदर या तोरी जैसी पतली कटी हुई सब्जियों से चिप्स बनाएं। उन्हें जैतून के तेल और अपनी पसंदीदा जड़ी-बूटियों और मसालों की हल्की कोटिंग के साथ ओवन में बेक करें।

**केल चिप्स :** केल के पत्तों को छोटे टुकड़ों में तोड़ें, उन पर थोड़ा सा जैतून का तेल और मसाला डालें, फिर कुरकुरा होने तक बेक करें। केल चिप्स विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं।

**बेक्ड टॉर्टिला चिप्स :** साबुत अनाज टॉर्टिला को त्रिकोण में काटें, उन पर थोड़ी मात्रा में जैतून का तेल लगाएं, नमक और मसाले छिड़कें, फिर कुरकुरा होने तक बेक करें। आप अतिरिक्त फाइबर के लिए मकई या साबुत गेहूं टॉर्टिला का उपयोग कर सकते हैं।

**पॉपकॉन :** एयर-पॉप्ड पॉपकॉर्न एक साबुत अनाज का नाश्ता है, जिसे स्वाद के लिए विभिन्न जड़ी-बूटियों और मसालों के साथ पकाया जा सकता है। अधिक मक्खन या नमक डालने से बचें।

**भुने हुए चने :** चने को धोकर छान लें, फिर उनमें जैतून का तेल और लहसुन पाउडर, लाल शिमला मिर्च या जीरा जैसे मसाले मिलाएँ और कुरकुरा होने तक ओवन में भूनें।

**चावल केक :** साबुत अनाज वाले चावल के केक चुनें और एक संतोषजनक नाश्ते के लिए उनके ऊपर मैश किया हुआ एवोकाडो, हुम्मस या नट बटर डालकर इनका लुफ्त उठायें।

**सेब के चिप्स :** सेब को पतले-पतले टुकड़ों में काट लें और कुरकुरा होने तक ओवन में बेक करें। अतिरिक्त स्वाद के लिए इनपर दालचीनी पाउडर छिड़क सकते हैं। दालचीनी के अलावा चाट मसाले का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

**पकी हुई सब्जियों की स्टिक :** गाजर, ब्रोकोली, शकरकंद, मूली या बेल मिर्च जैसी सब्जियों को स्टिक में काटें, जैतून का तेल और मसाला डालें, फिर कुरकुरा होने तक बेक करें।

**मेवे और बीज :** कुरकुरे और पौष्टिक नाश्ते और स्नैक्स के लिए बिना नमक वाले मेवे और बीज जैसे बादाम, काजू या कद्दू के बीज चुनें। ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और सेहत को कई फायदे देते हैं।

# ड्राई हेयर से लेकर स्किन का कालापन दूर करने तक में फायदेमंद है घरेलू नुस्खे, हफ्ते भर में दमकने लगेगा चेहरा



अगर आपको भी मेकअप करना पसंद है, तो हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको अपनाने से आपको स्किन संबंधी कई समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही आपकी त्वचा ग्लोइंग बनेगी। हर साल फैशन और ब्यूटी इंडस्ट्री में नए बदलाव देखने को मिलते हैं। वहीं इस साल भी काफी कुछ बदलने वाला है। क्योंकि यह साल ट्रांसफॉर्मेशन का साल होने वाला है। इस बार आप ब्यूटी के नए ट्रेंड्स सेट होंगे। ऐसे में अगर आपको भी मेकअप करना पसंद है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको अपनाने से आपको स्किन संबंधी कई समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही ग्लोइंग और क्लियर त्वचा पर मेकअप लुक खिलकर आएगा।

### सॉफ्ट लुक दिखेगा सुंदर

इस साल लाउड मेकअप पसंद नहीं किया जाएगा। इस बार सिंपल सॉफ्ट लुक फैशन में होगा। वहीं फ्रेश और यंग लुक पाने के लिए आप मेकअप के लिए सॉफ्ट कलर्स का इस्तेमाल करें। बेस मेकअप ऐसा करें कि आपका पूरा लुक नेचुरल दिखे।

### *ब्यूटीफुल ब्लू टोन का ट्रेंड*

इस साल यानी की साल 2024 में आई मेकअप के तौर पर ब्लू आईशैडो पसंद किया जाएगा। वहीं आप इवनिंग पार्टी या किसी खास मौके पर स्मोकी आई मेकअप ट्राई कर सकते हैं।

### *ग्लॉसी चीक्स*

आपको बता दें कि इस साल ब्लशर का टेक्सचर ज्यादा ग्लॉसी हो जाएगा। ग्लैमरस दिखने के लिए ग्लॉसी ब्लशर का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इसके लिए चीक बाम और लिप ट्राई कर सकती हैं।

### *ऑम्ब्रे लिप्स*

इस साल भी ऑम्ब्रे लिप्स ब्यूटी वर्ल्ड में छाए रहेंगे। मेकअप किट में रखें लिप कलर इस साल भी आपको ग्लैमरस बनाए रखने में मदद करेगी। इस साल भी ग्लॉसी इफेक्ट को पसंद किया जाएगा।

### *अपनाएं घरेलू नुस्खा*

केमिकल बेस्ट ब्यूटी प्रोडक्ट्स का अब काफी कम इस्तेमाल होने लगा है। खूबसूरती को निखारने के लिए महिलाएं अक्सर घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में आप नेचुरल ग्लो पाने के लिए किचन में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### *बादाम से निखरेगी स्किन*

गर्म पानी में बादाम को भिगोकर इसका छिलका निकालकर उन्हें सुखा लें। फिर इसको पीसकर पाउडर बना लें। इस पाउडर को एयरटाइट जार में भरकर सुबह 2 चम्मच बादाम पाउडर में थोड़ा सा दही, एक चुटकी हल्दी या ठंडा दूध मिलाएं। इस पेस्ट को त्वचा पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर फेस पानी से धो डालें। इससे आपकी त्वचा में एक नई चमक आ जाएगी।

### *गर्दन का कालापन*

पपीते और खीरे के गूदे में एक चम्मच शहद, एक चम्मच दही, 4 चम्मच दलिया और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। फिर इस मिश्रण को सप्ताह में दो बार गर्दन और चेहरे पर अप्लाई कर आधे घंटे बाद धो डालें।

### *स्किन मसाज*

तिल के तेल से रोजाना शरीर की मालिश करने पर त्वचा की चमक बढ़ती है। साथ ही इससे त्वचा हेल्दी नजर आती है। इसके साथ ही नींबू के रस में दही, बेसन और थोड़ी सी हल्दी मिलाकर सप्ताह में तीन पर करीब आधे घंटे के लिए गर्दन, हाथ और पैरों पर लगाएं।

### *डार्क सर्कल*

अगर आप भी डार्क सर्कल से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बादाम का तेल आंखों के आसपास अप्लाई करते हुए हल्के हाथ से एक मिनट तक मसाज करें। फिर 15 मिनट तक इसे लगा रहने दें और पानी में रुई डुबोकर आंखें पोंछ लें। इससे डार्क सर्कल कम होने के साथ ही झुर्रियों से राहत मिलती है।

### *होममेड ब्लीच*

होममेड ब्लीच के लिए आप त्वचा पर आलू का रस अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आलू का रस निकाल लें। फिर रूई की मदद से इसे आंखों के चारों ओर लगाएं। फिर 20 मिनट तक लगाए रहने के बाद फेस पानी से धो लें। इस उपाय को रोजाना करने से डार्क सर्कल से जल्द छुटकारा मिलेगा।

### *हेयर केयर रूटीन*

बालों को हेल्दी और सॉफ्ट बनाने के लिए होममेड हेयर केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। होममेड हेयर केयर रूटीन फॉलो करने से आप केमिकल वाले प्रोडक्ट्स से बचे रहेंगे। साथ ही बालों की खूबसूरती बढ़ जाएगी।

### *सॉफ्ट बनाएं ड्राई हेयर*

ड्राई हेयर को सॉफ्ट बनाने के लिए सप्ताह में एक बार एक चम्मच सेब का सिरका, एक अंडा और शहद मिलाएं। फिर इसको अच्छे से मिक्स करें, अब इस मिक्स्चर को स्कैल्प पर मसाज करते हुए अप्लाई करें। 20 मिनट तक इसे बालों में लगाए रखने के बाद बाल धो डालें। इस उपाय को करने से बाल सॉफ्ट बनते हैं।

### *होममेड हेयर कंडीशनर*

2 बड़े चम्मच नारियल तेल या ऑलिव ऑयल, एक चम्मच ग्लिसरीन और दो बड़े चम्मच नींबू का रस लें। फिर इसको अच्छे से मिक्स कर कांच के जार में भरकर रख दें। वहीं शैंपू करने से पहले इससे बालों में मसाज करें। फिर इसको करीब 2 घंटे तक लगा रहने दें और बालों को शैंपू से धो लें।

### *सन प्रोटेक्शन*

कभी भी धूप में निकलने से पहले आंखों के नीचे थोड़ा सा सनस्क्रीन लोशन जरूर लगाना चाहिए। बता दें कि आंखों के आसपास की स्किन के पर हैवी क्रीम नहीं लगाना चाहिए। आंखों के आसपास वाली त्वचा पर लोशन या सीरम अप्लाई करना चाहिए।

### *मेकअप जरूर हटाएं*

रात को सोने से पहले आंखों का मेकअप हटाना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। ऐसे में आप गीली रुई और क्लींजिंग जेल से आंखों का मेकअप हटाकर सोएं। वहीं मेकअप हटाने के दौरान त्वचा को रगड़ने से बचना चाहिए।

### *ब्यूटी टूल्स*

अगर मेकअप ब्रश या ब्लेंडर गंदा है, तो मेकअप प्रोडक्ट्स खराब हो जाता है। साथ ही इससे त्वचा में इंफेक्शन हो सकता है। इसलिए ब्यूटी टूल्स की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### *ब्यूटी डाइट*

अपनी डाइट में सलाद, पत्तेदार सब्जियां, दाल, फरूट, अंकुरित अनाज, दूध, पनीर जैसे पौष्टिक आहार शामिल करना चाहिए। वहीं रोजाना एक्सरसाइज और प्राणायाम करने से त्वचा हेल्दी रहती है। इससे ब्लड सर्कुलेशन के साथ ही ऑक्सीजन लेवल सही रहता है। इससे तनाव कम होता है। वहीं पर्याप्त नींद और आराम भी सुंदर त्वचा के लिए बहुत जरूरी होता है।

## कपड़ों ही नहीं, किचन में भी इन तरीकों से काम आ सकता है फैब्रिक सॉफ्टनर



किचन में हम कई तरह के अप्लाइंस का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप स्टेनलेस स्टील के अप्लाइंस को क्लीन करना चाहते हैं तो ऐसे में फैब्रिक सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में पानी के साथ फैब्रिक सॉफ्टनर को मिक्स करें।

कपड़ों की बेहतर क्लीनिंग के लिए अधिकतर लोग फैब्रिक सॉफ्टनर का इस्तेमाल करते हैं। फैब्रिक सॉफ्टनर ना केवल कपड़ों की शेल्फ लाइफ बढ़ाते है, बल्कि इसके कारण कपड़ों से भीनी-भीनी खुशबू भी आती है। यही कारण है कि फैब्रिक सॉफ्टनर की डिमांड पिछले कुछ समय में काफी बढ़ गई है।

हालांकि, अगर आप ऐसा सोचते हैं कि फैब्रिक सॉफ्टनर का इस्तेमाल केवल कपड़ों के लिए ही किया जा सकता है, तो आप गलत हैं। वास्तव में, फैब्रिक सॉफ्टनर एक मल्टीपर्पस प्रोडक्ट है और आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से काम में ला सकते हैं। आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन फैब्रिक सॉफ्टनर किचन में भी आपकी मदद कर सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको फैब्रिक सॉफ्टनर को किचन में इस्तेमाल करने के कुछ अमेजिंग आइडियाज के बारे में बता रहे हैं-

### *स्टेनलेस स्टील अप्लाइंस को करें क्लीन*

किचन में हम कई तरह के अप्लाइंस का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप स्टेनलेस स्टील के अप्लाइंस को क्लीन करना चाहते हैं तो ऐसे में फैब्रिक सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें। इसके लिए एक स्प्रे बोतल में पानी के साथ फैब्रिक सॉफ्टनर को मिक्स करें। अब इसका उपयोग अपने रेफ्रिजरेटर, ओवन या माइक्रोवेव जैसे स्टेनलेस स्टील के उपकरणों को साफ करने के लिए करें। फैब्रिक सॉफ्टनर ग्रीस को तोड़ने में मदद करता है, जिससे अप्लाइंस शाइन करने लगते हैं।

### डस्टबिन की स्मेल करें दूर

हम सभी अपनी किचन के वेस्ट आइटम को फेंकने के लिए डस्टबिन का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, कुछ वक्त बाद इनमें से स्मेल आने लगती है। अगर आप इस दुर्गंध को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में फैब्रिक सॉफ्टनर का इस्तेमाल करें। आप फैब्रिक सॉफ्टनर को पानी में मिक्स करें। इससे अपने डस्टबिन में स्प्रे करें। यह हैक उनके लिए बेहद उपयोगी हो सकता है जिनमें बचा हुआ भोजन या अन्य बदबूदार कचरा रखा जाता है।

### *डिश टॉवल में लाएं फ्रेशनेस*

लगातार इस्तेमाल के बाद डिश टॉवल या फिर रैग्स में से अजीब सी स्मेल आने लगती है। इसके लिए भी फैब्रिक सॉफ्टनर की मदद ली जा सकती है। बस आप एक छोटी बाल्टी में पानी और थोड़ी मात्रा में फैब्रिक सॉफ्टनर डालें। अब उसमें डिश टॉवल और रैग्स को कुछ घंटों के लिए भिगो दें। फिर, उन्हें अच्छी तरह से धो लें और सूखने के लिए लटका दें। इससे दुर्गंध दूर करने में मदद मिलेगी और आपके डिश टॉवल एक बार फिर से नए जैसे महसूस होंगे।

## हेल्दी नाश्ते के लिए घर में बनाएं फेमस साउथ इंडियन पुट्टू, देखें रेसिपी

क्या आप उन लोगों में से हैं जिन्हें भाप से पकाया हुआ नाश्ता पसंद है? तो फिर इस आसान साउथ इंडियन पुट्टू रेसिपी को देखें जो आपके दिन की शुरुआत के लिए एक स्वस्थ और पौष्टिक विकल्प हो सकता है। हम आपके लिए घर पर इस स्वादिष्ट साउथ इंडियन व्यंजन को तैयार करने और अपने प्रियजनों के साथ इसका आनंद जरुर लें।

साउथ इंडियन व्यंजन अपने विविध प्रकार के स्वादों और अनूठे व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा ही एक प्रिय नाश्ता है पुत्तु, जो केरल का एक पारंपरिक व्यंजन है, लेकिन भारत के दक्षिणी राज्यों में इसे पसंद किया जाता है। पुट्टू चावल के आटे और कसा हुआ नारियल से बना एक पौष्टिक और पेट भरने वाला स्टीम्ड केक है। बस कुछ सरल सामग्री और बुनियादी उपकरणों के साथ, आप अपने आप को स्वादिष्ट नाश्ता दे सकते हैं जो आपको केरल के बैकवाटर या दक्षिण भारत की हलचल भरी सड़कों पर ले जाएगा। यह रेसिपी आपको शेफ संजीव कपूर के यूट्यूब चैनल पर आसानी से मिल जाएगी। इसकी मुलायम बनावट और मनमोहक सुगंध इसे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के बीच पसंदीदा बनाती है। यहां, हम आपके लिए घर पर इस स्वादिष्ट साउथ इंडियन व्यंजन को तैयार करने और अपने प्रियजनों के साथ इसका आनंद जरुर लें। आइए बताते हैं इसकी आसान रेसिपी।



### *पुट्टू को कैसे बनाएं*

- चावल के आटे को एक मिक्सिंग बाउल में लेकर पुट्टू रेसिपी शुरू करें। स्वादानुसार नमक डालें, आटे को उंगलियों से लगातार मिलाते हुए धीरे-धीरे इसमें पानी डालें। स्थिरता ऐसी होनी चाहिए कि जब आप मुट्ठी भर आटा पकड़ें और इसे दबाएं, तो यह अपना आकार बनाए रखे लेकिन आसानी से टूट जाए।

- दूसरे कटोरे में, कसा हुआ नारियल और चुटकी भर नमक मिलाएं। इससे नारियल का स्वाद बढ़ जाता है और पुट्टू में एक स्वादिष्ट स्वाद आ जाता है।

- पुट्टू मेकर की बेलनाकार ट्यूब लें। छिद्रित डिस्क को ट्यूब के नीचे रखें।

- ट्यूब पर बारी-बारी से चावल के आटे का मिश्रण और कसा हुआ नारियल डालना शुरू करें, अंत में ऊपर कसा हुआ नारियल की परत डालें। नारियल की परत पुट्टू को अच्छी सुगंध और स्वाद सुनिश्चित करती है।

-एक बार जब पुट्टू कुट्टी भर जाए, तो इसे उबलते पानी से भरे स्टीमर के ऊपर रखें। इसे लगभग 8-10 मिनट तक या जब तक पुट्टू पक न जाए और सख्त न हो जाए, तब तक भाप में पकाएं। (आप देखेंगे कि ट्यूब के ऊपर से भाप निकल रही है, जो दर्शाता है कि पुट्टू तैयार है।)

- स्टीमर से बेलनाकार ट्यूब को सावधानीपूर्वक हटा दें। - तैयार पुट्टू को धीरे से प्लेट में निकाल लीजिए. 7. गरम पुट्टू को कडाला करी (काले चने की करी), मछली करी या चिकन करी के साथ परोसें।

इन टिप्स को जरुर ध्यान में रखें

-सुनिश्चित करें कि चावल के आटे का मिश्रण बहुत सूखा या बहुत गीला न हो। पुट्टू की सही बनावट प्राप्त करने के लिए सही स्थिरता महत्वपूर्ण है।

- आप अपनी पसंद के अनुसार चावल के आटे और कसा हुआ नारियल का अनुपात समायोजित कर सकते हैं।

- यदि आपके पास पुट्टू मेकर नहीं है, तो आप विकल्प के रूप में इडली पैन का आसानी से उपयोग कर सकते हैं। बस प्रत्येक इडली सांचे में पुट्टू के आटे और नारियल की बारी-बारी परतें लगाएं, फिर पूरी तरह पकने तक भाप में पकाएं।

## बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए किचन में रखी इन चीजों का करें इस्तेमाल, बेहद काम आएगा ये नुस्खा



बालों को हेल्दी रखने और उनकी ग्रोथ बढ़ाने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे अपनाए जा सकते हैं। आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से बालों का झड़ना कम हो जाएगा।

लंबे-घने बाल हर किसी की चाहत होती है। कई बार बालों को हेल्दी रखने के लिए हेयर स्पा करवाते हैं। इसके लिए हम सभी अलग-अलग प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। जिससे कि बालों की ग्रोथ अच्छी होने के साथ ही बाल हेल्दी नजर आएं। कई बार बदलती लाइफस्टाइल और मौसम का बालों पर असर होता है। जिसके कारण बालों का झड़ना शुरू हो जाता है। ऐसे में आप किचन में रखे सामान की मदद से बालों को हेल्दी रख सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से बालों का झड़ना कम हो जाएगा।

### *मेथी के बीज*

बालों के लिए मेथी के बीज काफी अच्छे होते हैं। इसलिए बालों में मेथी का इस्तेमाल करना चाहिए। मेथी में निकोटिनिक एसिड पाया जाता है। जो बालों को टूटने से रोकने में मदद करता है। यह बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है। आप मेथी का हेयर पैक बनाकर बालों में अप्लाई कर सकती हैं या फिर इसका ऑयल बनाकर इससे मसाज कर सकती हैं। बालों में मेथी अप्लाई करने के लिए इसे रातभर के लिए भिगोकर रख दें। फिर इस पेस्ट में एसेंशियल ऑयल मिलाकर बालों में 30 मिनट के लिए अप्लाई करें। इस उपाय को करने से कुछ ही महीनों में बालों की ग्रोथ अच्छी हो जाएगी।

### *चुकंदर*

आजकल चुकंदर हर मौसम में आता है। जिसका इस्तेमाल आप बालों पर भी कर सकते हैं। सिर में चुकंदर लगाने से बालों का झड़ना और पतले होने की समस्या दूर हो जाती है। चुकंदर में आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है। चुकंदर के रस में शहद मिलाने से बालों की ग्रोथ दोबारा शुरू हो जाएगी। इसलिए आपको यह नुस्खा जरूर ट्राई करना चाहिए।

### *इन बातों का रखें खास ख्याल*

यदि आपके बाल बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं, तो आपको एक्सपर्ट्स की सलाह लेनी चाहिए।

बालों की ग्रोथ के लिए टेक्सचर के हिसाब से चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए।

इन उपायों को करने के साथ ही अपना खानपान अच्छा रखें और पर्याप्त नींद रखें।

## किचन में रखा ये एक मसाला रामबाण है हाई यूरिक एसिड के लिए, दूर होगी सूजन और मांसपेशियों का दर्द



आजकल काफी लोगों में यूरिक एसिड का बढ़ने की समस्या देखने को मिल रही है। अगर इसका इलाज न किया जाए तो शरीर की हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ये गाउट, गठिया, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियों की जड़ भी होती है। अदरक किस तरह से यूरिक एसिड लेवल को कम करने में मदद कर सकता आइए जानते हैं।

शरीर में यूरिक एसिड लेवल बढ़ने की समस्या कई लोगों को परेशान कर रही है। यूरिक एसिड ब्लड में पाया जाने वाला एक रसायन है, जो प्यूरीन नामक पदार्थ के टूटने पर बनता है। हेल्थ एक्सपर्ट की मुताबिक अगर एक बार यूरिक एसिड बढ़ जाए तो यह हड्डियां को पूरी तरह खराब कर सकता है। यूरिक एसिड बढ़ने से गाउट, गठिया, किडनी डिजीज, दिल की बीमारी हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, फैटी लिवर डिजीज और मेटाबोलिक सिड्रोम जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। किचन में रखा ये मसाला रामबाण है और हाई यूरिक एसिड की छुट्टी कर सकता है। अदरक किस तरह से यूरिक एसिड लेवल को कम करने में मदद कर सकता आइए जानते हैं।

### *जानिए किस तरह से अदरक करेगा यूरिक एसिड को कंट्रोल*

हरुरूपर प्रकाशित एक शोध के अनुसार अदरक बढ़े हुए यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल कर सकती है। क्योंकि इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुण होते हैं, जो यूरिक एसिड को कम करने और शरीर के जोड़ों में होने वाले दर्द को कम करता है।

### *मांसपेशियों का दर्द होगा बंद*

अदरक में जिंजरोल नाम का गुण पाया जाता है, जो यूरिक एसिड के कारण होने वाली सूजन को कम कर देता है। जब आप अदरक का सेवन करते हैं तो यह सूजन को कम करने में मदद करता और मांसपेशियों का दर्द को भी कम करता है।

### *अदरक से किडनी हेल्थ ठीक होती*

यूरिक एसिड के बढ़ने से सबसे बुरा असर किडनी पर होता है। क्योंकि, किडनी यरिक एसिड को फिल्टर नहीं कर पाती है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में अदरक की चाय का सेवन करने से यूरिक एसिड में संतुलन होता है और किडनी हेल्थ भी बेहतर होती है।

## ड्रैगन रूट से बनाएं ताजगी से भरपूर सोडा, जानिए पूरी रेसिपी



ड्रैगन फरूट से मजेदार सोडा बनाने की रेसिपी आज हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं। ड्रैगन फरूट से बना सोडा हेल्दी है बल्कि आपकी प्यास को तुरंत बुझा भी देगा।गन फरूट का इस्तेमाल जैम और फ्लेवर आइसक्रीम, शरबत और अन्य मीठी डिशेज में किया जाता है। बिना देर किए आइए आपको घर पर ड्रैगन फरूट्स का सोड़ा कैसे तैयार करें।

ड्रैगन फरूट को पिताया नाम से भी जाना जाता है। इस फल में कैलोरी कम, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट अधिक मात्रा में होती है। वहीं इसे स्ट्रॉबेरी पियर के नाम से जाना जाता है। गुजरात में इस फल को कमलम के नाम भी जाना जाता है। यह फरूट में पोषक तत्वों का खजाना है अगर इसे सुपर फूड कहे तो गलत नहीं। ड्रैगन फरूट को कच्चा खाते है, लेकिम आप चाहे तो इससे कई तरह के व्यंजन बना सकते है। ड्रैगन फरूट की स्मूदी या जैली ज्यादा बनाई जाती है, इसका आप ड्रिंक्स भी बना सकते हैं। ड्रैगन फरूट का इस्तेमाल जैम और फ्लेवर आइसक्रीम, शरबत और अन्य मीठी डिशेज में किया जाता है। आज हम इस लेख में ड्रैगन फरूट का मजेदार सोडा की रेसिपी बताने जा रहे हैं।

### *सामग्री*

*-ड्रैगन फरूट - 1 कटा हुआ*

*-नींबू - 1 चम्मच*

*- पुदीना के पत्ते- 3 चम्मच*

*- काला नमक- आधा चम्मच*

*-चीनी - 1 कप*

*- काली मिर्च पाउडर - आधा चम्मच*

*- सोडा वाटर*

*-बर्फ के टुकड़े*

### *ड्रैगन फरूट सोडा की विधि*

- सबसे पहले ड्रैगन फरूट को अच्छी तरह छिलके उतार लें। फिर इसके छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर एक बाउल में निकाल लें।

- अब एक गिलास में कटे हुए ड्रैगन को डालें। उसमें चम्मच की मदद से ड्रैगन फरूट का गूदा बनाएं। अगर आप चाहे तो मिक्सर ग्राइंडर में डालकर गूदा तैयार कर सकते है।

- इसके बाद इसमें नींबू का रस, पिसी हुई चीनी और ऊपर बताए गए सभी मसाले डाल दें।

- अब गिलास में बर्फ के टुकड़े और सोडा डालकर मिलाएं और ठंडा करने के बाद सर्व करें।

## चुनाव प्रचार में प्रत्याशी नहीं कर पाएगा सरकारी गाड़ी और विमान का इस्तेमाल




**नई दिल्ली।** आज यानी 16 मार्च, 2024 को लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान किया जाएगा। एक बार चुनावी तारीखों की घोषणा होने पर आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो जाएगी। राजनीतिक दलों को इसका पालन करना अनिवार्य होगा। आचार संहिता की शुरुआत सबसे पहले 1960 में केरल आम चुनाव के दौरान की गई थी। इसके बाद 1967 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान भी इसे लागू किया गया था। समय के साथ-साथ इसके नियमों में भी कई बदलाव किए गए। इस लेख के जरिए हम आज आपको बताएंगे कि आखिर आचार संहिता होती क्या है और राजनीतिक दलों को कौन-कौन से नियमों के पालन करने होते हैं। निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग आचार संहिता को लागू करती है। आज जब लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान होगा तो आचार संहिता भी अपने आप लागू हो जाएगी। ऐसे में चुनावी राज्यों में राजनीतिक दलों को इसका पालन करना बेहद जरूरी हो जाएगा। इसके कुछ नियम होते है जो की पूरे चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा, कांग्रेस और अन्य पार्टियों के दलों को मानने पड़ते है। आचार संहिता चुनाव खत्म होने तक लागू रहते है। राजनीतिक दल या कोई उम्मीदवार आचार संहिता का पालन नहीं करता है तो उस पर चुनाव आयोग की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाती है। जैसे- चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा। आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जा सकता है।

## शराब घोटाले में के कविता के खिलाफ पर्याप्त सबूत और गवाहों के बयान, दिल्ली की अदालत में ईडी की दलील

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को ईडी ने बीआरएस एमएलसी के कई परिसरों की तलाशी की और के कविता को हिरासत में ले लिया। आज उन्हें दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया है, जहां उनकी याचिका पर सुनवाई होगी।

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा दिल्ली की अदालत में पेश किए जाने पर बीआरएस नेता के कविता ने कहा, मेरी गिरफ्तारी अवैध है, हम इसे अदालत में लड़ेंगे। कविता को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल की अदालत में पेश किया गया है।

कविता के वकील ने कोर्ट से कहा कि गिरफ्तारी की लिखित आधार पर मुझे आपत्ति है। मुझे उसे पढ़ने की अनुमति दी जाए। कविता के वकील विक्रम चौधरी ने कविता से बात करने के लिए 5 मिनट का समय मांगा, जिसकी अनुमति दे दी गई। के कविता के वकील ने ईडी की गिरफ्तारी को गलत बताया। उन्होंने कहा, जब सुप्रीम कोर्ट में मामला लंबित है तो कविता को कैसे गिरफ्तार किया जा सकता है। ईडी ने खुद सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग दी

**आपत्ति**

> कविता के वकील ने कोर्ट से कहा कि गिरफ्तारी की लिखित आधार पर मुझे आपत्ति है।

थी कि कविता को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। ऐसे में यह गिरफ्तारी गैरकानूनी और शक्ति का दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि ईडी की पूरी कार्रवाई ही गलत है। उन्होंने कहा, यह गिरफ्तारी के कविता को परेशान करने के लिए की गई है। अधिवक्ता ने कहा तीन जनवरी को के कविता को समन मिला था, जिसका जवाब उक्त अधिकारी को दे दिया था। के कविता के वकील ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई पर ईडी ने कोई जवाब नहीं दिया। कविता ने कहा कोर्ट में अंडरटेकिंग देने का मतलब यह होता है कि अंडरटेकिंग



के लिए उक्त अधिकारी बाध्य रहेगा। उनके वकील ने कहा,इस मामले में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से कविता की गिरफ्तारी पर से रोक हटाने की मांग की, लेकिन इसकी इजाजत कोर्ट ने नहीं दी। कल सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के कुछ ही घंटे बाद कविता के घर पर सर्च अभियान चलाया गया और शाम 5:20 पर गिरफ्तारी की सूचना दी गई। कविता के वकील ने कहा कि हमारे मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने के कविता की गिरफ्तारी पर 19 मार्च तक के लिए रोक लगा रखी है। ऐसे में ईडी की गिरफ्तारी अवैध है। के कविता के वकील के बाद ईडी के वकील ने दलील देनी शुरू की। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट में भी ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया है कि हम कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे। ऐसा कोई बयान नहीं दिया गया कि दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी

ईडी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सितंबर में हमने कहा था कि हम के कविता को 10 दिन का समय देने के बाद समन जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट का कोई स्पष्ट आदेश नहीं है, तो के कविता अपने पक्ष में अंतरिम राहत नहीं मान सकतीं। के कविता इसे अंतरिम आदेश कैसे मान सकती हैं? ईडी ने कहा कि के कविता के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का कोई लिखित अंतरिम आदेश नहीं है।

## प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल, चार साल से खाली पड़ा था पद

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती का नया अध्यक्ष सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली पड़ा था। ए सूर्य प्रकाश के




स्थान पर सहगल को यह पद मिला है। सूर्य प्रकाश का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी एक आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति, चयन समिति की सिफारिश पर, नवनीत कुमार सहगल, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता हैं। उनके पद का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त करने तक वह इस पद पर नियुक्त रहेंगे। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को देश के सार्वजनिक प्रसारक के अध्यक्ष के चयन के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। उपराष्ट्रपति, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं, प्रसार भारती के अध्यक्ष पद के लिए चयन पैनल के प्रमुख होते हैं। भारतीय प्रेस परिषद के अध्यक्ष और राष्ट्रपति द्वारा नामित एक व्यक्ति तीन सदस्यीय पैनल को पूरा करते हैं। बैठक में प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना देसाई (सेवानिवृत्त) और सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने भाग लिया।

## हिंदू और बौद्ध भी धार्मिक फोबिया के शिकार,संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाक को फिर दिखाया आईना

**न्यूयॉर्क।** फोबिया चाहे इस्लामिक हो या हिंदू, ईसाई और बौद्ध के खिलाफ, सभी की हम निंदा करते हैं। केवल इस्लामोफोबिया की बात करना सही नहीं, सभी प्रकार के धार्मिक भय को हमें पहचानना होगा। यह बात भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कही। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय के प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान ने पेश किया था, जिसपर भारत ने उसे ही आईना दिखाने का काम किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि किसी के धर्म या आस्था से संबंधित भय केवल इस्लाम संबंधी नहीं है, इससे दूसरे धर्म के लोग भी पीड़ित हैं। कंबोज ने कहा, भारत सभी प्रकार के धार्मिक भय के खिलाफ खड़ा है, चाहे वह यहूदी-विरोधी हो, ईसाई-विरोधी हो, या इस्लामोफोबिया हो, जैसे हम सभी हिंदू-विरोधी, बौद्ध-विरोधी और सिख-विरोधी भावनाओं के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने इस्लामोफोबिया से निपटने के उपायों पर प्रस्ताव पर भारत की स्थिति के बारे में बताया और कहा, आज हमारी दुनिया में, हम बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और असमान विकास का सामना कर रहे हैं, जिसके




परिणामस्वरूप असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म के आधार पर हिंसा में चिंताजनक वृद्धि हुई है। कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि विविध धर्मों को अपनाने वाले एक बहुलवादी और लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत का समृद्ध इतिहास लंबे समय से अत्याचार झेल रहे लोगों के लिए शरणस्थली के रूप में काम करता रहा है। सर्व धर्म सम भाव पर प्रकाश डालते हुए कंबोज ने कहा कि चाहे पारसी, बौद्ध, यहूदी, या किसी अन्य धर्म के लोग हो, उन्हें भारत में भेदभाव मुक्त वातावरण मिला है। इस बीच यूएनजीसी में पाकिस्तान द्वारा भारत के राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम का नाम लिए जाने पर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना की। कंबोज ने कहा कि मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित और गुमराह दृष्टिकोण को देखना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये इनकी मानसिकता दिखाता है। यूएनजीए में इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय पर प्रस्ताव को अपनाया गया, जिसमें 115 देशों ने पक्ष में मतदान किया, किसी ने विरोध में नहीं और 44 देशों ने मतदान नहीं किया, जिनमें भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन और यूके शामिल थे।

## श्रमिकों के लिए कांग्रेस की 5 न्याय गारंटी, स्वास्थ्य सुविधा से लेकर सुरक्षित रोजगार देने का किया वादा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को अपने पाले में लाने में जुट गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस

**गारंटी**

> सामाजिक सुरक्षा कांग्रेस सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित व्यापक सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है।

भी लगातार कई बड़ी घोषणाएं कर रही है। महिलाओं, युवाओं और किसानों के लिए पांच बड़े वादे करने के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रमिकों के लिए पांच बड़ी गारंटियों का एलान किया है। इनमें श्रमिकों के बेहतरी के लिए वादे किए गए हैं।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, आज



बेंगलुरु में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खरगे जी, जिन्होंने खुद एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया, ने कांग्रेस पार्टी की ओर से #ShramikNYAY के लिए पांच गारंटी की घोषणा की।

आज बेंगलुरु में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष खरगे जी, जिन्होंने खुद एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया, ने कांग्रेस पार्टी की ओर से #ShramikNYAY के लिए पांच गारंटी की घोषणा की स्वास्थ्य अधिकारः कांग्रेस स्वास्थ्य के अधिकार कानून की गारंटी देती है। इसके अंतर्गत मुफ्त आवश्यक डायग्नोस्टिक, दवाएं, उपचार, सर्जरी, और पुनर्वास उपचार और पैलिएटिव केयर-सहित यूनिवर्सल स्वास्थ्य देखभाल की सभी सुविधाएं होंगी। श्रम का सम्मानः कांग्रेस 400 रुपए प्रति दिन की राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सभी मनरेगा श्रमिकों के लिए न्यूनतम होगी।

**शहरी रोजगार गारंटी** कांग्रेस शहरी क्षेत्रों के लिए एक रोजगार गारंटी अधिनियम लाएगी, जिसमें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, शहरों को जलवायु परिवर्तन के अनुसार ढालने और सामाजिक सेवाओं में गैप को पाटने पर ध्यान दिया जाएगा।सामाजिक सुरक्षाः कांग्रेस सभी असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा सहित व्यापक सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देती है।सुरक्षित रोजगारः कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा पारित श्रमिक-विरोधी लेबर कोड्स की व्यापक समीक्षा और श्रम के अधिकारों को मजबूत करने के लिए उपयुक्त संशोधन करने की गारंटी देती है। कांग्रेस मुख्य सरकारी कार्यों में रोजगार के लिए कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम को बंद करेगी। कांट्रैक्ट आधारित काम करवाने की इजाजत एकदम अंतिम उपाय के रूप में होगी और इसके लिए भी स्पष्ट वजह और श्रमिकों के अधिकारों के लिए सुरक्षा की आवश्यकता होगी। निजी क्षेत्र में कॉन्ट्रैक्ट रोजगार के लिए सामाजिक सुरक्षा के न्यूनतम मानकों को पूरा करना आवश्यक होगा।

## वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**अमरावती।** आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने आंध्र प्रदेश में 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके साथ ही पार्टी ने विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सभी 175 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की भी घोषणा की है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को इडुपुलापाया में उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी की। जगन मोहन रेड्डी ने एक ही बार में सभी 175 विधानसभा क्षेत्रों और 25 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची शनिवार को जारी की।

## पाकिस्तान में आर्थिक संकटः दयनीय हालात देख सऊदी के क्राउन प्रिंस ने बढ़ाए मदद के हाथ, पूर्ण नकद समर्थन का वादा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गहराते आर्थिक संकट के बीच

**चुनौतीपूर्ण**

> पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण हालात का सामान कर रही है।

सऊदी के क्राउन प्रिंस ने समर्थन करने का वादा किया है। सऊदी के क्राउन प्रिंस ने कहा कि नकदी संकट से निपटने के लिए सऊदी पाकिस्तान का पूरा समर्थन करेगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण हालात का सामान कर रही है। सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को भरोसा दिलाया है कि वे नवनिर्वाचित सरकार का पूरा समर्थन करेंगे। निवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार का पूरा समर्थन करने का वादा करते हुए क्राउन प्रिंस ने कहा, कठिन दौर से गुजर रहे पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को भरने के



लिए बड़ी मात्रा में ग्रीन बैक जमा किया जाएगा। इससे पहले सऊदी अरब ने दिसंबर 2024 के अंत तक एक और साल के लिए स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान में जमा तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर की जमा राशि को वापस ले लिया था। सऊदी अरब ने पाकिस्तान का पूरा सहयोग करने का वादा किया है। इसकी पुष्टि करते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने भी बयान दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से जारी बयान के मुताबिक पीएम शहबाज शरीफ और क्राउन प्रिंस सलमान के बीच फोन पर बातचीत हुई। क्राउन प्रिंस ने पीएम शहबाज को उनकी भावनाओं के लिए धन्यवाद दिया। क्राउन प्रिंस ने कहा, दोनों देशों के बीच भाईचारा होने के साथ-साथ घनिष्ठ संबंध हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सऊदी के साथ ऐतिहासिक रिश्तों पर गर्व है। दोनों देश सुख-दुख में एक साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए सऊदी अरब की सराहना की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने दो पवित्र मस्जिदों के संरक्षक किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज की अच्छी सेहत की दुआएं कीं।

## परीक्षा खत्म होते ही बच्ची ने ली चैन की सांस

**नई दिल्ली।** परीक्षाओं के खत्म होने के बाद छात्रों के चेहरे खुशी से खिल जाते हैं। बच्चे हों या बड़े छुट्टियों का इंतजार हर कोई बेसब्री से करता है। बच्चों को स्कूल जाने से राहत मिल जाती है। परीक्षा खत्म होते ही बच्चों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी देखने को मिलती है। हाल ही में ऐसा ही कुछ देखने को मिला है। इस वीडियो को देखने के बाद आपके भी चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान आ जाएगी। सोशल मीडिया पर ऐसी ही एक बच्ची का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें बच्ची के चेहरे पर एग्जाम खत्म होने की खुशी साफ नजर आ रही है। परीक्षा खत्म होते ही बच्चों के चेहरे पर एक अलग ही खुशी देखने को मिलती है। वीडियो में एक बच्ची अपना आखिरी पेपर देकर घर पहुंचती है। घर में शायद पहले से ही जमाल कुडू गाना बज रहा था। इस गाने की धुन सुनते ही बच्ची थिरकने लगती है और स्कूल बैग को सिर पर रखकर डांस करते हुए अपने घर में एंट्री लेती है।

## उत्तरी वजीरिस्तान में आंतकी हमला सेना के दो अफसरों सहित सात जवानों की मौत

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के दो अफसरों सहित 7 सैनिक मारे गए हैं। जवाबी कार्रवाई में सेना ने छह आतंकवादियों को मार गिराया।

पाकिस्तान में एक बार फिर से आतंकी हमला हुआ है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के दो अधिकारी और करीब सात सैनिक मारे गए हैं। हालांकि जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना ने सभी छह आतंकियों को ढेर कर दिया। यह आतंकी हमला अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान में हुआ। पाकिस्तानी सेना द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि छह आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, जिनके प्रयासों को सेना द्वारा विफल किया गया। इसके बाद आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे

**ऑपरेशन**

> पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के अनुसार क्षेत्र में मौजूद अन्य आतंकवादियों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

वाहन को चौकी में घुसा दिया, जिसके बाद कई बम धमाके हुए। जवाबी कार्रवाई में सेना ने सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों तरफ से हुई भीषण गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल सैयद काशिफ अली और कैप्टन मुहम्मद अहमद बदर मारे गए।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग



के अनुसार क्षेत्र में मौजूद अन्य आतंकवादियों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस आतंकी हमले की निंदा की है।

सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 मौतें हुई जबकि 1,463 घायल हुए। यह छह साल का रिकॉर्ड उच्चतम स्तर है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत आतंकी हमलों के प्राथमिक केंद्र रहे हैं। इन क्षेत्रों में 84 प्रतिशत हमले हुए और 90 प्रतिशत से अधिक मौतें हुई हैं।

## चीन के नोबेल पुरस्कार विजेता मो यान के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा


**बीजिंग।** चीन के नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार मो यान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा चीन के राष्ट्रवादी ब्लॉगर माने जाने वाले वू वानझेंग ने दायर कराया है। वू का आरोप है कि मो यान ने अपनी किताब में चीन की सेना की आलोचना की है और जापान के सैनिकों को गौरवशाली परिपेक्ष्य में दिखाया। मो यान की यह फिक्शनल किताब जापान के चीन पर हमले के समय पर आधारित है।

वू वानझेंग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और अक्सर राष्ट्रवादी मुद्दों पर अपने विचार साझा करते रहते हैं। वू वानझेंग ने मुकदमे में मो यान से 1.5 अरब युआन का हर्जाना मांगा है। यह हर्जाना हर चीनी नागरिक के लिए एक युआन के आधार पर मांगा गया है और साथ ही मुकदमे में मो यान से माफी की मांग भी की गई है।

## हाईकोर्ट ने अपने ही मंत्रालय को लगाई फटकार, भारतीय नागरिक के निर्वासन से जुड़ा है मामला

**इस्लामाबाद।** भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर सिंध हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। हाईकोर्ट ने इस मामले में गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। दरअसल अब्दुल मुगनी नाम के एक भारतीय नागरिक को ग्यारह साल पहले यानी 2013 में इस्पहानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया था। उस पर विदेशी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान सत्र अदालत ने अब्दुल मुगनी को 6 महीने की सजा सुनाई थी। इस बाद मुगनी ने सिंध उच्च न्यायालय में अपनी सजा के खिलाफ अपील दायर की थी।

ग्यारह साल का समय बीत जाने के बाद भी मुगनी को रिहा नहीं किया गया। ऐसे में सिंध उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को



फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संबंधित सचिव को यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि उनका विभाग ऐसे मामलों में कैसे काम कर रहा है। न्यायमूर्ति मोहम्मद करीम खान आगा की अध्यक्षता वाली सिंध उच्च न्यायालय (एसएचसी) की एकल पीठ ने आंतरिक मंत्रालय को मामले के तथ्यों से अच्छी तरह जानकारी रखने वाले किसी एक अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई में अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान के डॉन अखबार की रिपोर्ट में शनिवार को बताया गया है कि सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि अपीलकर्ता एक भारतीय नागरिक था। प्रयासों की कमी के कारण गृह मंत्रालय उसकी राष्ट्रीयता की पुष्टि करने में सक्षम नहीं था।

सिंध उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि चूंकि अपीलकर्ता पहले ही अपनी सजा काट चुका है, इसलिए जेल अधीक्षक को गृह विभाग के माध्यम से उसके निर्वासन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, पिछली सुनवाई में, यह भी नोट किया गया था कि इस मामले में आंतरिक मंत्रालय के साथ एक पत्राचार किया गया था। इसके बाद भी आंतरिक मंत्रालय की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में अदालत ने सचिव को एक नोटिस जारी किया था। नोटिस में कहा गया कि अपीलकर्ता को अभी तक निर्वासित क्यों नहीं किया गया है। शुक्रवार को मंत्रालय के एक अनुभाग अधिकारी ने कोर्ट में आकर कहा कि कुछ मुद्दों के कारण निर्वासन नहीं हो पाया। पीठ ने अपने आदेश में कहा 'यह काफी असाधारण लगता है कि सात साल बीत जाने के बाद भी गृह मंत्रालय यह पुष्टि नहीं कर पाया है कि अपीलकर्ता भारतीय नागरिक है या नहीं। प्रथम दृष्टया यह गृह मंत्रालय के प्रयासों की कमी के कारण हुआ है।

## इस्राइल-हमास संघर्ष के चलते गाजा में भारी तबाही, 2.3 करोड़ टन मलबा इकट्ठा, हटाने में लगेंगे वर्षों

**नई दिल्ली।** इस्राइल और हमास के बीच गाजा में जारी संघर्ष ने बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे लगभग 2 करोड़ 30 लाख टन मलबा जमा हो गया है और जगह-जगह बना फटी विस्फोटक सामग्री भी बिखरी पड़ी है। यूएन मानवीय सहायता कर्मियों का कहना है कि इस मलबे को हटाने में वर्षों का समय लगेगा।

फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन सहायता एजेंसी UNRWA ने शुक्रवार को कहा है कि गाजा पट्टी को फिर से एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए, वर्षों का समय लगेगा। गाजा में इस्राइल की हर रोज भीषण बमबारी से 20 लाख से भी अधिक गाजावासियों का जीवन तबाह हो गया है। गौरतलब है कि मौजूदा युद्ध सात अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के हमलों से भड़का था, जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद से गाजा में इस्राइल के हमलों में 31 हज़ार से अधिक फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और 70 हजार से अधिक घायल



हुए हैं।

UNRWA, गाजा में सबसे बड़ी राहत एजेंसी के रूप में, दक्षिणी इलाक़े में विस्थापित लगभग 15 लाख लोगों को, जीवन रक्षक सहायता व सामग्री उपलब्ध करा रही है। ये एजेंसी लगभग 10 लाख लोगों के लिए आश्रय स्थल चलाती है, जहां लोगों को मानवीय राहत और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी मुहैया कराई जाती हैं। इस्राइल की लगातार जारी हवाई बमबारी और ज़मीनी हमलों और इस्राइली सेनाओं व फलस्तीनी सशस्त्र बलों के बीच युद्ध के बीच भी, जीवनरक्षक सहायता मुहैया कराने का काम जारी रखा गया है। संयुक्त राष्ट्र की मानवीय राहत समन्वय एजेंसी OCHA ने गाजा आपदा के बारे में नवीनतम जानकारी में, लगभग पूरे गाजा क्षेत्र में युद्धक हिंसा जारी रहने की खबर दी है। एजेंसी ने कहा है कि युद्ध में आम लोगों की मौतें होना जारी है, साथ ही लोग विस्थापित हो रहे हैं और लोगों के घर व अन्य बुनियादी ढांचा भी तबाह हो रहा है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा: उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू, कड़ी सुरक्षा के हैं इंतजाम

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद शनिवार से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू हो गया है। 260 केंद्रों पर शिक्षक मूल्यांकन का काम कर रहे हैं। पूरी प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा में चल रही है, केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन 31 मार्च तक समाप्त करना होगा। कॉपियों के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में 260 केंद्र बनाए गए हैं। यूपी बोर्ड के करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कॉपियों को जांचेगे। इसके अतिरिक्त 52 लाख से अधिक परीक्षार्थी की कॉपियों का मूल्यांकन 13 दिन के अंदर करेंगे। इस दौरान बीच में तीन दिन 24 से 26 मार्च तक का अवकाश भी रहेगा। हाई स्कूल के लिए 131 और इंटर के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र ऐसे हैं, जहां पर हाई स्कूल एवं इंटर दोनों की कॉपियां जांची जाएगी। बोर्ड ने कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इसमें 83 राजकीय तथा 177 आशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक शिक्षा विद्यालय हैं। इस साल हाई स्कूल परीक्षा में 29, 47, 311 एवं इंटर में 25,77 ,997 समेत कुल 55, 25, 308 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें करीब 3 लाख परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे है। हाई स्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओ के मूल्यांकन के लिए 94.502 एवं इंटर परीक्षा के लिए 1.25 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। जिसमें 52, 295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 14,70, 97 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

बोर्ड सचिव दिव्याकांत शुक्ला ने बताया की कॉपियों के मूल्यांकन में पूरी तरह शुचिता बरती जा रही है। इसके लिए परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में अब मूल्यांकन कराया जाएगा। प्रयागराज में 9 मूल्यांकन केंद्रों पर यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों को मूल्यांकन शुरू हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएम सिंह के मुताबिक मूल्यांकन के दौरान परीक्षक अपने साथ मोबाइल अंदर नहीं ले जा सकेंगे। प्रयागराज में जीआईसी, एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज, केपी इंटर कॉलेज, क्रास्थवेट गर्ल्स इंटर कालेज, डीएवी, भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज, कुल भास्कर इंटर कॉलेज, केसर विद्यापीठ इंटरमीडिएट कॉलेज में कापियां जांची जा रही हैं।

## चौधरी नौनिहाल की जीत में शिवाकांत, अंशुमान और बृजेंद्र चमके

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 231 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में शिवाकांत शुक्ला (87 नाबाद, 52 गेंद, सात चौके, चार छक्के), अंशुमान पाण्डेय (57 रन एवं एक विकेट) और बृजेंद्र त्रिपाठी (56 रन, 45 गेंद, सात चौके, एक छक्का) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। केपी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 6 विकेट पर 373 रन (शिवाकांत शुक्ला 87 नाबाद, अंशुमान पाण्डेय 57, बृजेंद्र त्रिपाठी 56, शुभ शर्मा 36 नाबाद, अंबिकेश्वर मिश्रा 27, शशांक उपाध्याय 22, विकास यादव 2/58) बनाकर विप्लव स्पोर्टिंग क्लब को 40 ओवर में 7 विकेट पर 142 रन (आदित्य विक्रम बिंद 59, प्रतीक शुक्ला 35, अंबिकेश्वर मिश्रा 2/28, अंशुमान पाण्डेय व शुभ शर्मा एक-एक विकेट) पर समेट दिया।

# इविवि प्रशासन द्वारा होली मनाने पर प्रतिबंध को लेकर भड़की अभाविप, किया विरोध प्रदर्शन

**24 घण्टे के भीतर इस निर्णय को वापस करें: अभाविप**




अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय में होली मनाने पर लगाए गए प्रतिबंध के विरुद्ध छात्रसंघ भवन पर विरोध प्रदर्शन कर प्रतिबंध को 24 घण्टे के भीतर हटाने की बात कही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भारतीय संस्कृति के वाहक भारतीय त्योहारों पर इस तरह से प्रतिबंध लगाए जाने का विरोध करती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थान में होली जैसे त्योहार पर प्रतिबंध अभाविप कभी स्वीकार नहीं करेगी। होली संबंधी हुडदंग÷ जैसे शब्दों का प्रयोग होली जैसे पावन और सांस्कृतिक त्योहार को दूषित करने का कृत्य है, अभाविप ऐसे शब्दों के इस्तमाल की कड़ी निंदा करती है। परीक्षाओं के नाम पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगाई गई रोक केवल प्रशासनिक अराजकता का परिचायक है। कुछ विभाग ही ऐसे हैं जहां परीक्षाएं आयोजित की का रही हैं, जिन विभागों में परीक्षाएं चल रही हैं वहां परीक्षाओं के दौरान छात्र होली नहीं मनाते हैं तथा उस निर्धारित समय के बाद ही होली मनाई जाती है। ऐसे में पूरे कैंपस में होली पर प्रतिबंध अनुचित व तर्कहीन है। अभाविप की यह स्पष्ट मांग है कि लगाए गए प्रतिबंध पर विश्वविद्यालय प्रशासन पुनर्विचार कर इसे 24 घण्टे के भीतर हटाने का कार्य करें अन्यथा अभाविप क्रमिक आंदोलन को बाध्य होगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा होली जैसे पावन त्योहार को मनाने पर प्रतिबंध तर्कहीन है तथा जारी की गई नोटिस में होली संबंधी हुडदंग जैसे शब्दों का प्रयोग विश्वविद्यालय प्रशासन की कुत्सित मानसिकता को दर्शाती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन को पुनः इस निर्णय पर विचार कर इसे हटाने का कार्य करना चाहिए अन्यथा अभाविप आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## प्रयागराज और प्रतापगढ़ में होगा 25 में को मतदान

**प्रयागराज।** 2024 के लोकसभा चुनाव की तिथि आज शनिवार को चुनाव आयोग ने घोषित कर दी है। उत्तर प्रदेश की कल 80 सीटों पर चुनाव होने हैं। वहीं प्रयागराज मंडल के प्रयागराज जनपद में दो इलाहाबाद और फूलपुर तथा प्रतापगढ़ की सीट पर चुनाव छठवें चरण को 25 मई को होगा। 4 जून तक चुनाव परिणाम घोषित हो जाएगा। चुनाव की तारीख तो घोषित हो गई लेकिन प्रयागराज की दोनों सीटों पर अभी तक किसी पार्टी की ओर से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही पूरे देश में आचार संहिता लागू हो गई है। प्रशासन की ओर से प्रमुख चौराहों पर लगे होल्डिंग ऑफ बैनर उतरवाने का काम भी शुरू हो गया है। आचार संहिता लागू होने के बाद आज से नए विकास कार्यो के लोकार्पण एवं शिलान्यास पर भी विराम लग गया। चुनावी रणभेरी बजने के बाद प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट भी अलर्ट मोड में है।

# आचार संहिता लगते ही हटाये गये बैनर पोस्टर

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** लोक चुनाव के तारीख का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गया है। आचार संहिता लगते ही जिला प्रशासन फुल फार्म में आ गया हैं। आचार संहिता लगते ही कर्मचारियों को बैनर-पोस्टर हटाने के निर्देश दे दिए है। अपरान्ह के बाद कर्मचारी बैनर-पोस्टर को हटाने में लगे रहे। शहर से बैनर पोस्टर हटते ही अब स्वरूप पूरा बदल गया है। शहर सहित गांव तक ताबड़तोड़ बैनर-पोस्टर को हटाया जा रहा है। इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही प्रशासन ने चैक, चैराहा, शासकीय कार्यालय व बिजली पोलों पर लगे राजनेताओं के फ्लैक्स बोर्ड और योजनाओं के बोर्ड को उतारने का काम शुरू कर दिया है। नगर पालिका द्वारा शहर की और जिले की सड़कों पर उतार दिया है, वह टीम विद्युत विभाग के पोल एवं चैक-चैराहा के साथ साथ शासकीय कार्यालय ओर जगह-जगह लगे राजनेताओं के होर्डिंग व योजनाओं के होर्डिंग हटाने में व्यस्त हो गई है। जैसे ही चुनाव की घोषणा हुई, वैसे ही टीम ने अपना काम ग्राउंड से युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया जिसकी शुरुआत शासकीय कार्यालयों से की गई। अब देखना यही है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहती है या पहले दिन ही अपनी जागरूकता दिखाकर यहीं खत्म हो जाती है।

## साइबर सुरक्षा और अपराध के प्रति सचेत किया

**जौनपुर।** सल्तनत बहादुर महाविद्यालय बदलापुर में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि आज का युग संचार क्रांति का युग है। स्मार्टफोन वह सुविधा देता है जिससे हम पूरी दुनिया को मुट्ठी में कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राकेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन हमें ई लाइब्रेरी की सुविधा देता है। महाविद्यालय के प्रबंधक श्याम सिंह ने कहा कि आज ज्ञान-विज्ञान, शिक्षा क्षेत्र की कोई भी जानकारी हम लोग अपने स्मार्टफोन से प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.ब्रजेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति सचेत किया। संचालन करते हुए प्रो.धीरेंद्र कुमार पटेल ने मूलभूत आवश्यकताओं की श्रेणी में मोबाइल के योगदान को बताया। मुमताज अहमद अंसारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हमारे लिए हर बूथ कुरुक्षेत्र का मैदान होगा: राजेंद्र मिश्रा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद संसदीय लोकसभा शहर दक्षिणी विधानसभा की संचालन समिति की बैठक शायद दक्षिणी विधानसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय शिशु संगम कीडगंज में आयोजित की गई। इस अवसर पर इलाहाबाद संसदीय लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल ने शायद दक्षिणी विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्यों को लोकसभा चुनाव के अंतर्गत उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी और अब तक हुए कार्यों की चर्चा की।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि हमें इस संकल्प के साथ लोकसभा के चुनाव में अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा कि हर बूथ पर कमल खिलाएंगे। हमारे लिए हर बूथ कुरुक्षेत्र का मैदान होगा और हमें अपने बूथ पर कुरुक्षेत्र की भूमि समझ कर विरोधियों से लड़ना होगा।

कार्यक्रम का संचालन शहर दक्षिणी विधानसभा के संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से शायद दक्षिणी विधानसभा के प्रभारी सुरेश मौर्य, नवरत्न कत्याल, पूर्व पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर, रणजीत सिंह, पार्षद किरन जायसवाल, पदुम जायसवाल, राजेश केसरवानी, अभिषेक ठाकुर, संजीव जायसवाल, देवेंद्र मिश्रा, गिरजेश मिश्रा, चंद्रशेखर मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, विवेक अग्रवाल, नरेश कुंद्रा, प्रवीण मालवीय, गोपाल मालवीय, अनिल केसरवानी, शैलेंद्र मिश्रा,अशोक मालवीय, मनोज मिश्रा दिनेश विश्वकर्मा, अजय शर्मा ,नरेंद्र जायसवाल, अजय हेला, मंजूषा सिंह, क्षमा दुबे, मधुमिता दास, अजय अग्रहरि, दिलीप केसरवानी रणविजय सिंह, राघवेंद्र मिश्रा, दीप द्विवेदी, हरीश मिश्रा, एवं चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 20 से

**प्रयागराज।** सोनावती क्रिकेट क्लब की ओर से 12 से 16 वर्ष के बालक एवं बालिकाओं का नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर 20 मार्च से झूंसी रेलवे स्टेशन के निकट स्थित सोनावती क्लब के मैदान पर होगा। शिविर में बच्चों को क्रिकेट के साथ ही फिजिकल ट्रेनिंग भी दी जायेगी। इच्छुक बालक एवं बालिका क्रिकेट कोच धीरज सिंह (9935020735) से संपर्क करके रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### अभिजीत और कुणाल ने किशोरी लाल क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** अभिजीत मिश्रा के अर्धशतक (64 रन नाबाद, 33 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) और वामहस्त स्पिनर कुणाल मिश्र की अचूक गेंदबाजी (8-1-42-6) की बदौलत किशोरी लाल क्लब ने सोनावती क्लब को 9 विकेट से हराकर शशि द्विवेदी बालक एवं बालिका अंडर-14 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सोनावती क्लब ने 17 ओवर में 189 रन (विभव तिवारी 18, हनुष यादव 17, कुणाल मिश्र 6/42, प्रतीक पाण्डेय 3/32) बनाए। जवाब में किशोरी लाल क्लब ने 6.4 ओवर में एक विकेट पर 90 रन (अभिजीत मिश्र 64 नाबाद, हनुष यादव 1/25) बना लिए। मैच में राहुल सिंह व नितिन मिश्र ने अंपायरिंग एवं मोहम्मद सैफ ने स्कोरिंग की।

### दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को मतदान के प्रति किया जागरूक




**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत स्वीप योजनान्तर्गत आज उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज में विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग बच्चों एवं अभिभावकों की गोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें इन्द्रसेन सरोज जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रयागराज, अनुपम परिहार सहायक प्रभारी अधिकारी (स्वीप), शेषनाथ सिंह सहायक प्रभारी अधिकारी (स्वीप) यमुनापार, सन्देश मिश्र, दिव्यांग ऑइकान, डा0 के0एन0 मिश्र प्रधानाचार्य उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज एवं विद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी, अध्ययनरत श्रवण बाधित छात्र छात्राएं एवं उनके अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए अपने माता-पिता, भाई-बहन, मित्रगण, सगे-सम्बन्धी आदि को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान अवश्य करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे जनपद के शत्-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जाये। गोष्ठी के उपरान्त विद्यालय में अध्ययनरत श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावक एवं कार्यरत शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर जनसामान्य को मतदान हेतु जागरूक किया गया।

### मुलायम यादव बने युवजन सभा के जिलाध्यक्ष



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी युवजन सभा की गंगापार इकाई का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। मुलायम यादव हंडिया विधान सभा के कंदला मवाईया गाँव के निवासी हैं तथा जिला पंचायत के सदस्य रह चुके हैं। पार्टी में लम्बे अरसे से सक्रिय हैं और पहले भी कई पदों पर रह चुके हैं। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक हाकिम लाल बिन्द, प्रभाकर यादव,डॉ आकाश यादव, अतर सिंह आदि ने बधाई दी हैं।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 मरीजों का परीक्षण



**जौनपुर।** केराकत क्षेत्र के छितौना गांव के पंचायत भवन पर शनिवार की सुबह ग्राम प्रधान ममता यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सघन स्वास्थ्य एवं संचार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर कैंप लगाकर लोगो की नि:शुल्क जांच की गई।शिविर विशेष कर देश-विदेश से आये प्रवासी लोगो की जांच परीक्षण के लिए लगाया गया था। जिसमें सभी सामान्य रोंगो के साथ-साथ एच.आई.वी, विजीरायरल एच.टी.आई, की जांच एक साथ करने के साथ ही सभी सामान्य रोंगो पर वरीयता दी गई। 150 मरीजों जाँच परीक्षण कर दवा वितरित किया गया था। इस अवसर पर डॉ सौरभ तिवारी ऑफ्टो, मिलन एच आई वी काउंसलर, साहब लाल लैब सहायक, भारतीय जन सेवा आश्रम टी.आई. जौनपुर मैनेजर प्रमोद कुमार, सुपरवाइजर अजीत कुमार,प्रधान प्रतिनिधि फौजी सुबास यादव,किरन यादव, नीलम देवी एस.टी.आई काउंसलर सविता मौर्या, संजय सरोज,विशाल मौर्य, पंचायत सहायक प्रियंका यादव, आनंद सरोज,वेद प्रकाश मौर्य के साथ तमाम ग्रामीण नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में भाग लिये।

### 11 समस्याओं का निस्तारण

**जौनपुर।** केराकत तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान 159 फरियादी तहसील सभागार पहुंचकर अपनी फरियाद सुनाये। मौके पर 11 समस्याओं का निस्तारण किया गया तथा शेष फरियादियों के हाथ मायूस लगी। उपजिलाधिकारी ने शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिया। बता दें कि ज्यादातर मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे। इस अवसर पर तहसीलदार महेंद्र बहादुर, बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरख नाथ पटेल, खण्ड विकास अधिकारी समेत तमाम राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

## 31 करोड़ 76 लाख से होगा मार्ग का चैड़ीकरण

**जौनपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास की कड़ी में एक और बड़ी परियोजना खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चन्द्र यादव के अथक प्रयास से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति हुयी। उत्तर प्रदेश शासन का एक पत्र प्रमुख अभियंता (विकास ) एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को आया जिसमे शासन द्वारा राज्य सड़क निधि से जनपद जौनपुर में डोभी - पोरयीखुर्द -जमदहा -अब्बोपुर -जैगहा -लखमापुर - मानिकला से होते हुए मेहरावा मार्ग तक चैडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य हेतु कुल लागत रुपया इकतिस करोड़ छियत्तर लाख छत्तीस हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष के अनर्गत राज्य सड़क निधि से कुल रूपये छः करोड़ पैतिस लाख सत्ताइस हजार रुपये मात्र की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। खेल मत्री ने बताया कि इस सड़क मार्ग कि लम्बाई लगभग 20 किलोमीटर है इस सड़क परियोजना से बहुत से गांव लाभान्वित होंगे, यह जानकारी खेल मन्त्री के मिडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी।

# नस्र की ज़रुरत व उसकी धुंधलाती तस्वीर पर आयोजित हुई नशिस्त

**साहित्यिक संस्था राहे अदब की हालात-ए-हाज़िरा में हुआ आयोजन**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** रानी मण्डी में गैर लाभकारी संस्था राहे अदब की ओर से एक अदबी नशिस्त का आयोजन किया गया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय फारसी विभाग की एचओडी प्रोफेसर सालेहा रशीद की अध्यक्षता व हसन नक़वी के संचालन में नशिस्त के विषय हालात ए हाज़िरा में नस्र की ज़रुरत और उसकी धुंधलाती तस्वीर पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। यादगार हुसैनी इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अहमद हसनैन, ख्यातिलब्ध शायर अनवार अब्बास, वर्तमान प्रधानाचार्य यादगार हुसैनी इंटर कालेज डॉ रिज़वान हैदर रिज़वी, डॉ मीसम ज़ैदी व तफसीर नक़वी ने अपने तास्सुरात का इज़हार किया और विषय पर मक़ाले पढ़कर मौजूद लोगों को इस अहम मुद्दे सिनफ ए अदब की ओर आकर्षित किया। जनाब मोहम्मद शाहिद के द्वारा उक्त विषय पर इस नशिस्त के आयोजन पर आयोजकों की हौसला अफजाई की। राहे अदब संस्था के संस्थापक शुजा मिर्ज़ा संस्था के सदस्य फ़ैज़ जाफरी ने बताया कि यह एक गैर लाभकारी साहित्यिक संस्था है। इस संस्था द्वारा उर्दू साहित्य के योगदान के साथ भविष्य में हिन्दी और अंग्रेजी पर भी इन महत्वपूर्ण ज़बान के बचाव पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न भाषाओं के ज्ञानियों को आमंत्रित किया जाएगा। नशिस्त में बड़ी संख्या में उर्दू के मानिंद व जानकार लोग, भाषा पर पकड़ रखने वाले दानिशवरों, मानिंद शायरों ने भागीदारी की। जावेद उर्फी व मोहम्मद शाहिद के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बूथ स्तर की तैयारी पर मंथन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** लोकसभा मछलीशहर के अंतर्गत केराकत विधानसभा में भाजपा चुनाव संयोजन समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को देवकली के एमजीएस हॉल में सम्पन्न हुई। इस बैठक में विधानसभा केराकत कार्यसमिति के विभिन्न पदाधिकारियों सहित लोकसभा प्रभारी, विस्तारक, विधानसभा प्रभारी, संयोजक और पांचो मंडलो के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विधानसभा कार्यसमिति के विभिन्न प्रमुख उपस्थित रहें । परिचयात्मक और दायित्व संचालन सम्बंधी उक्त बैठक की अध्यक्षता लोकसभा मछलीशहर प्रभारी हरिओम मिश्र नें की जबकि संचालन विधानसभा कार्यसमिति संयोजक बृजेश सिंह नें किया, स्वागत संभाषण विधानसभा प्रभारी नीरज सिंह नें किया । सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित अन्य विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर भारत माता का जयघोष किया गया ततपश्चात मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया जिसमें लोकसभा प्रभारी हरिओम मिश्र और विस्तारक अवनीश उपाध्याय मुख्य रहें। पंकज मिश्रा नें बताया की आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यह बैठक अहम रहीं। बैठक में चुनावी प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगे के गतिविधियों और कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई जिनमें चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, मंडल बैठके, बूथ बैठके इत्यादि मुख्य रहें। लोकसभा मछलीशहर प्रभारी हरिओम मिश्र नें कहा कि इस बार सिर्फ हर बूथ पर दस प्रतिशत ज्यादा मतदान करवाने का लक्ष्य है इस अवसर पर सभी मंडल के पदाधिकारी और आईटी विभाग के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## दुकानदार से अभद्र व्यवहार करने पर मुख्य आरक्षी निलंबित

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने मुख्य आरक्षी ना0 पु0 सुभाष सिंह रघुवंशी (पीएनओ- 902761577) थाना मेंहनाजपुर को दुकानदार से अभद्र व्यवहार करने तथा आम जनमानस में पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में निलम्बित कर विभागीय जांच के आदेश दिया गया है स मुख्य आरक्षी सुभाष सिंह रघुवंशी द्वारा थाना मेहनाजपुर क्षेत्रान्तर्गत दुकानदार से अभद्र व्यवहार करने, थाने पर नियुक्त अधि0ध्कर्म0गण से बिना वजह वाद-विवाद व अभद्र व्यवहार करने तथा आम जनमानस में पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा उक्त मुख्य आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए प्रकरण की प्रारम्भिक जाँच क्षेत्राधिकारी सगड़ी को आवंटित की गयी है।

### बच्चों को शारीरिक स्वच्छता के बारे में दी गई जानकारी



**आजमगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी हेमंत कुमार सिंह महोदय के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन न्यू एरा पब्लिक स्कूल सिधारी आजमगढ़ में किया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों को शारीरिक स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला मुख्यमंत्री ,बाल सेवा योजना निराश्रित विधवा पेंशन ,स्पॉन्सरशिप योजना तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे में जागरूक किया गया। सभी हेल्पलाइन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076 के विषय में विस्तार से बताया गया। उक्त कार्यक्रम मे वन स्टॉपसेंटर केंद्र प्रबंधक मती सरिता पाल,जिला समन्वयक मती अन्नूसिंह, केशवर्कर ममता यादव, मैनेजर तुषार तिवारी, प्रिंसिपल गुलिस्ता तथा अन्य अध्यापक गण और अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# 52 किशोरियों को स्मार्टफोन वितरण

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मिलान फाउंडेशन एवं सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा बीआरपी इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉक्टर सुबाष चंद्र सिंह श्रीप्रकाश चंद्र यादव कार्यक्रम अधिकारी नेहा श्रीवास्तव एवं सुरभि श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 सुबाष चंद्र सिंह ने कहा कि किशोरी सशक्तीकरण के तहत उनके लीडरशिप एवं कैपेसिटी बिल्डिंग को लेकर 52 किशोरियों को गर्ल आइकन कार्यक्रम से जोड़ा गया है ये किशोरिया अपने हम उम्र पियर समूह द्वारा समुदाय में लड़कियों की शिक्षा हेतु जागरूक करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजय उपाध्याय पूर्वअध्यक्ष चाइल्ड वेलफेयर कमेटी ने कहा कि गर्ल आईकॉन प्रोग्राम किशोरियों को शिक्षा की क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा और नई दिशा व नई रोशनी प्रदान करेगा। रंजना शुक्ला एवं सुरभि श्रीवास्तव ने बताया कि किशोरी सशक्तीकरण लीडरशिप ट्रेनिंग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य डिजिटल साक्षरता और करियर काउंसलिंग के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास किया जाता है। नेहा श्रीवास्तव उजमा और मुन्नी बेगम ने बताया कि संस्था वंचित समुदाय की किशोरियों को सूशिक्षित सुयोग्य और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है मिलान द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण और लोकप्रिय कार्यक्रम गर्ल आइकन कार्यक्रम है। परिणीता व सुपूर्णा ने बताया कि किशोरियों के शिक्षा हेतु गर्लआईकान प्रोग्राम के तहत 52 किशोरी को स्मार्टफोन बैग और टीशर्ट वितरित किया गया है। संचालन सुरभि श्रीवास्तव और अनुभव ने किया। कार्यक्रम में बालिकाओं के अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ऋषि श्रीवास्तव मुन्ना मौर्य विनय यादव विवेक सुरभि उजमा सुपर्णा रंजना अनुभव परिणीता शामिल रही। संजय उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया।

# सिधारी एसओ के खिलाफ भाजपा नेता ने किया प्रर्दशन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आज दोपहर करीब 12 बजे जिलाधिकारी आफिस के सामने उस समय दुविधा की स्थिति बन गयी जब भाजपा नेता अजय सिंह और एसओ सिधारी के खिलाफ कुछ लोगों द्वारा नारेबाजी की जाने लगी। वहीं इस बात का प्रतिरोध करते हुए भाजपा नेता के समर्थकों द्वारा भी जमकर नारेबाजी शुरू कर दी गयी। एक गुट द्वारा सिधारी थानाध्यक्ष पर अनेक आरोप लगाते हुए सिधारी थानाध्यक्ष वापस जाओ की नारेबाजी की जा रही थी वहीं दूसरे पक्ष द्वारा भाजपा नेता के खिलाफअभद्र टिप्पणी करते हुए जमकर नारेबाजी की जाने लगी। स्थिति असामान्य होने पर पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंचे शहर कोतवाल शशिमौली पाण्डेय ने मामले को शान्त कराने की कोशिश की। पुलिस को सामने देख एक पक्ष मौके से रफूचक्कर हो गया। इस बावत भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि वे गत दिनों सिधारी क्षेत्र में गांव चलो अभियान के तहत भ्रमण पर थे इस दौरान उन्हें यह पता चला कि एक विधवा कुसुम का प्रधानमंत्री आवास फर्जी तरीके से एग्रीमेंट करवाकर उसमें ताला लगा दिया गया है। जब इस बावत सिधारी थानाध्यक्ष को अवगत कराया गया तो उन्होंने उसे खाली करवाकर लाभार्थी को दिलवाने का आश्वासन दिया, लेकिन बात में यह पता चला कि स्थानीय एक व्यक्ति बृजेश पाण्डेय द्वारा सिधारी थानाध्यक्ष को पैसा दे दिया गया जिसके बाद एसओ ने सीधे तौर पर आवास को खाली कराने से मना कर दिया। इसी तरह जिला कमाण्डेड द्वारा अपने अधीनस्थों से महीने पर पैसे की वसूली करने के साथ-साथ कंपनी कमाण्डेड का फर्जी तरीके से इस्तीफा दिलवाने का मामला सामने आया। इन दोनों मामलों को लेकर आज जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए आया था, जहां पहले से मौजूद एसओ सिधारी के गुर्गो द्वारा हमारे खिलाफ नारेबाजी की जाने लगी।

# चीन में लोकतंत्र नहीं, इसलिए उसकी भारत जैसे मूल्यों वाले देश से तुलना सही नहीं: सीतारमण

**नई दिल्ली।** भारत की तुलना चीन से करने वालों की आलोचना करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने



कहा है कि भारत जैसे मूल्यों वाले देश की तुलना चीन से करना सही नहीं, क्योंकि चीन में लोकतंत्र नहीं है। उन्होंने कहा है कि भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। इसे आर्थिक शक्ति बनना चाहिए।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए वर्तमान में आर्थिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है और आश्वासन दिया कि देश निकट भविष्य में विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।

श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद सीतारमण ने कहा, ÷देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ साल बाद हम तीसरा स्थान हासिल करेंगे।÷ उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर एकत्रित छात्रों से राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने की अपील करते हुए कहा, ÷आप जैसे छात्रों के प्रयासों से हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। कुछ लोगों की ओर से चीन की प्रगति और भारत के साथ तुलना करने का जिक्र करते हुए सीतारमण ने कहा कि दोनों देश 30 साल पहले एक स्तर पर थे। उन्होंने कहा, %उन्होंने (चीन) विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिसका यहां पालन नहीं किया जा सकता। उदाहरण के लिए, चीन में कोई लोकतंत्र नहीं है। लेकिन हमारे पास नागरिक स्वतंत्रता है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता यहां है और हमारी प्रणाली में मूल्य निहित हैं। एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए, हमें सकारात्मक रूप से सोचना चाहिए।

सीतारमण ने करीब 400 साल पहले भारत के एक समृद्ध देश होने का जिक्र करते हुए कहा कि आज भी इंडोनेशिया और अन्य पूर्वी एशियाई देशों में भारत के संबंधों का संदर्भ मिलता है। चोल इंडोनेशिया गए थे और वहां एक राज्य स्थापित किया था। आज भी इसके संदर्भ मौजूद हैं।

सीतारमण ने कहा कि मैं यह कहने का प्रयास कर रही हूं कि आज के दिन जब हम महात्मा गांधी को याद करते हैं, हमें आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करनी चाहिए और साम्राज्यवादी ताकतों से मुक्त होना चाहिए। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में आपके (छात्रों के) सभी योगदान के साथ देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत (अभियान) के बारे में बात करते हैं।

भारत को पारंपरिक रूप से संस्कृति में समृद्ध बताते हुए उन्होंने कहा कि कई लोगों ने इस देश की विरासत की सराहना की है। सीतारमण ने कहा, करीब 20 साल पहले कई देश टिप्पणी कर रहे थे कि भारत सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश है। लेकिन आज दुनिया के अधिकांश राष्ट्र यह देखकर चकित हैं कि हमने डिजिटल प्रौद्योगिकी के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके कैसे प्रगति की है। वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने में भारत को एक उदाहरण के रूप में देखते हैं।

# दंगल टीवी के दंगल फैमिली अवार्ड 2024 में परिवार, रिश्तों और प्यार का उत्सव

**मुंबई।** भारत का नंबर वन टीवी चैनल दंगल टीवी लाया है दंगल फैमिली अवार्ड 2024। इस चमचमाती शाम में चैनल की उपलब्धियां, शानदार कंटेंट के प्रति चैनल की प्रतिबद्धता, एकता और चैनल के सहयोगकर्ताओं का धन्यवाद देने के लिए एक उत्सव मनाया जाएगा, जिसकी बदौलत ही आज दंगल टीवी देशभर में परिवारों की पहली पसंद बना है।

दंगल फैमिली अवार्ड 2024 की शाम अविस्मरणीय अनुभवों और मनोरंजन से भरपूर होगी। इस कार्यक्रम में ना सिर्फ दंगल टीवी के सफलता का जश्न मनाया जाएगा बल्कि, इस चैनल से जुड़े सभी लोगों के परिश्रम को भी पहचान और प्रशंसा मिलेगी जिसमें शामिल है इसके दर्शक, प्रतिभावान एक्टर, लेखक और इससे जुड़े सभी प्रोडक्शन हाउस।

शाश्वत सुंदरी हिना खान और एक दिलकश व्यक्तित्व के स्वामी वरुण शर्मा दंगल फैमिली अवार्ड 2024 की मेजबानी करेंगे। इस कार्यक्रम में



फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ बड़े नाम जैसे की जैकलीन फर्नांडीज, मीका सिंह, रश्मि देसाई, अपनी शानदार और आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे और साथ ही मेंटालिस्ट सुहानी शाह अपनी मन पढ़ने की अपनी कला का खूबसूरत प्रदर्शन भी करेंगे।

इसके अलावा जो अन्य महत्वपूर्ण लोग दंगल फैमिली अवार्ड 2024 का हिस्सा बनने जा रहे हैं उसमें शामिल है कुछ लोकप्रिय चेहरे जैसे कि सुभाष घई, रवि किशन, मनोज तिवारी, राकेश चौरसिया, रितु शिवपुरी, अनीता हसनंदानी रेडी, उर्वशी ढोलकिया, शमा सिकंदर, रवि दुबे, रोहित वर्मा, स्नेहा वाघ, रिधिमा पंडित, दीपशिखा नागपाल, अयूब खान, पारुल चौहान, अपार मेहता, मानव गोयल, मौली गांगुली, तरुण खन्ना, इंद्र कृष्णन, नीलू बाघेला आदि।

दंगल फैमिली अवार्ड 2024 की शाम एक यादगार अनुभव देने का वादा करने के साथ ही परिवार, रिश्तों और प्यार को साथ लाकर दंगल टीवी के सफलता का जश्न मनाने और दंगल टीवी की आत्मा को परिभाषित करने के लिए तैयार है।

## मुक्त व्यापार समझौते पर भारत-ब्रिटेन की बातचीत थमी

**नई दिल्ली।** भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो जाएगा, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा। भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो जाएगा, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा। ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है।

# लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2024 में अपना नाम दर्ज कराने वाली अद्भुत महिलाओं को सलाम



**नई दिल्ली।** लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने बड़े ही गर्व से सर्वश्रेष्ठ महिला अचीवर्स और उनकी उपलब्धियों को प्रस्तुत किया है। इन महिलाओं ने पारंपरिक अपेक्षाओं को चुनौती देकर और अपनी सीमाओं से बाहर निकलकर उत्कृष्टता के नए मानक बनाए हैं। उन्होंने खासतौर से खेल की दुनिया में इतिहास रचा है, ये औरों को बड़े सपने देखने और बंधनों को तोड़कर आगे आने के लिए प्रेरित कर रही हैं।द लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स उनकी कमाल की जीत को दर्शाते हुए उनके जज्बे को पेश करती है। उनकी कहानियां उम्मीद और साहस का प्रतीक हैं। ये हमें याद दिलाती हैं कि जब कोई अपने जुनून को पूरा करने और दुनिया में कुछ अलग करने के लिए निकलता है तो उसकी कोई सीमा नहीं होती।

यहां कुछ ऐसी ही अद्भुत महिलाओं की एक झलक पेश की गई, जिनका नाम हमेशा के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है । यह उनके जज्बे, साहस, हिम्मत और उत्कृष्टता की मिसाल है-

आयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी टेबल टेनिस में एशियन गेम्स 2022 में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला जोड़ी हैं। इनकी जोड़ी ने चीन की तब की दुनिया की नंबर 2 और नंबर 4 खिलाड़ी चेन मेंग और वांग यिडी पर जीत हासिल कर कांस्य पदक जीता था।

शॉटपुट या गोलाफेंक खिलाड़ी किरण बालियान ने इस विधा में एशियन गेम्स 2022 में भारत का पहला पदक जीता था। 1951 में एशियन गेम्स की स्थापना के बाद से शॉटपुट के क्षेत्र में यह भारत का पहला पदक है।

ज्योति याराजी एशियन गेम्स 2022 में पदक जीतने वाली पहली भारतीय 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी थीं। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी इस खिलाड़ी ने 12 मिनट और 91 सेकेंड की समयावधि में रजत पदक जीता।

# नई दिल्ली में प्रथम स्टार्टअप महाकुम्भ में चमक बिखेरेंगे एआई स्टार्टअप्स

**नई दिल्ली।** यहां पहली बार लगने जा रहे स्टार्टअप महाकुम्भ में एआई और एआई की अगुवाई वाले स्टार्टअप्स लोगों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र होंगे। स्टार्टअप महाकुंभ 18 मार्च 2024 से नईदिल्ली में शुरू होगा।

स्टार्टअप महाकुम्भ आयोजन समिति कि सदस्य और रुकम कैपिटल की मैनेजिंग पार्टनर अर्चना जहागिरदार ने कहा, ÷एआई सभी उद्योगों में एक प्रमुख प्रौद्योगिकीय घटक रहा है और डीप टेक, एग्रिटेक, विनिर्माण, फिनटेक एवं अन्य कई क्षेत्रों में काम कर रहे ज्यादातर स्टार्टअप इस स्टार्टअप महाकुम्भ में शामिल होंगे।

उन्होंने कहा, सोमवार से लगने वाला यह स्टार्टअप महाकुम्भ आकार, पैमाना और प्रभाव के लिहाज से अपनी तरह का पहला आयोजन होगा जिसमें भारत और विश्वभर से 1,000 से अधिक भारी संभावनाओं वाले स्टार्टअप्स के हिस्सा लेने की संभावना है।

जहागिरदार ने कहा, हमारा मानना है कि एआई आने वाले वर्षों में पासा



पलटने वाला साबित होगा और हम सही डीप टेक और एआई स्टार्टअप्स में निवेश कर रहे हैं जो हमारी सरकार की डिजिटल इंडिया पहल में मदद कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, हम एआई फॉर पब्लिक कंटेस्ट का भी आयोजन कर रहे हैं जिससे टेक्नोलॉजी के महज कॉमर्शियल यूज़स से परे जाकर उन प्रदर्शन को पहचानने में मदद मिलेगी जिनका एक सामाजिक प्रभाव भी हो।

# शिक्षक प्रशिक्षण में दिखाए शिक्षण के हुनर



**लखनऊ।** नवयुग रेडिएंस की शिक्षिकाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का स्नातक समारोह शनिवार 16 मार्च 2024 को हलवासिया कोर्ट हजरतगंज लखनऊ में आयोजित किया गया। स्नोई आउल ने तितली (प्रारंभिक बचपन प्रशिक्षण संस्थान) के सहयोग से प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर आधारित 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से उद्योग की मांगों और कौशल आवश्यकता के बीच अंतर को पाटने के लिए प्रमुख अवधारणाओं को अंतर्दृष्टि प्रदान करने और समझने के लिए डिज़ाइन किया गया था। स्नातक समारोह का अवसर स्कूल प्रबंधक सुधीर एस हलवासिया और हमारी प्रधान निदेशक बी. सिंह की सम्मानित उपस्थिति में हुआ, जिसमें स्नोई आउल की संस्थापक श्वेता खन्ना और तितली के निदेशक श्री प्रांजल मोदी भी संसाधन के साथ शामिल हुए। साथ में संसाधन विशेषज्ञ श्रीमती केतकी मोदी भी शामिल हुईं।

यह अवसर दीप प्रज्वलन से जगमगा उठा, जो सच्चे ज्ञान का एक प्रतीकात्मक संकेत था। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था और प्रारंभिक बचपन के संरक्षकों के लिए उनकी अवधारणाओं और कौशल को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संक्षिप्त दृष्टिकोण ने प्राथमिक शिक्षकों को प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन करने के लिए कार्यक्रम ज्ञानवर्धक सत्र और गतिविधियों का एक सेट बनाया। शिक्षकों को प्रोत्साहित करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रमाणपत्रों के वितरण के साथ इस अवसर का बहुत महत्व है। भारत में सीखने को बदलने में तितली बचपन के शिक्षकों और देखभाल करने वालों के लिए एक सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान है, जिसके लिए वे सरकार द्वारा अनुमोदित प्रमाणपत्र प्रदान कर रहे हैं, प्रमाणन भागीदार स्थ्क्क्स्ष्ट (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) है। यह कार्यक्रम आवश्यक नई दक्षताएँ प्राप्त करने के साथ-साथ पूर्व ज्ञान को एकीकृत करता है।

# जापानी प्रमुख टोयोटा त्सुशो और सेकॉम 1,000 करोड़ रुपये में भारत में दूसरा मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करेंगी

**बेंगलुरु।** बड़े समुदायों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के अपने निरंतर प्रयास में, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने शनिवार को बेंगलुरु में एक नई अत्याधुनिक सुविधा के लिए अपनी दूरदर्शी योजना की घोषणा की। यह महत्वपूर्ण अवसर अग्रणी एमएनसी अस्पताल समूह की 10वीं वर्षगांठ समारोह का था। सकरा भारत का पहला 100त्न एफडीआई मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है जो स्वास्थ्य सेवा प्रमुख सेकॉम मेडिकल सिस्टम और व्यापारिक समूह टोयोटा त्सुशो के बीच सहयोग के माध्यम से जापानी नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है।

यह कार्यक्रम, श्री तात्सुरो फ़्यूज़, कार्यकारी निदेशक, सेकॉम कंपनी लिमिटेड और अध्यक्ष, सेकॉम मेडिकल सिस्टम कंपनी लिमिटेड जापान, श्री हिरोशी योनेनागा, डिवीजन सीईओ वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी, टोयोटा त्सुशो कॉर्पोरेशन जापान की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के प्रबंध निदेशक श्री युइची



नागानो, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के उप प्रबंध निदेशक श्री नाओया मात्सुमी, और सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के समूह मुख्य परिचालन अधिकारी श्री लवकेश फासु, सकरा की विस्तार योजनाओं और अन्य अभूतपूर्व पहलों के गवाह बने। 1,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनासवाड़ी बेंगलुरु उत्तर में रणनीतिक रूप से स्थित, सकरा की नई सुविधा, उल्लेखनीय 500 बिस्तरों की क्षमता और 600,000 वर्ग फुट (55,740 वर्ग मीटर) में फैले विशाल निर्मित क्षेत्र का दावा करेगी। यह विस्तार स्थानीय समुदाय और उससे परे अद्वितीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की सकरा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके अलावा नवीनतम स्वास्थ्य देखभाल परियोजना भारतीय तटों पर चिकित्सा प्रगति और तकनीकी नवाचारों का एक अद्वितीय तालमेल लाती है। एकीकृत तृतीयक देखभाल में सबसे आगे, नई इकाई उन्नत ऑन्कोलॉजी उपचार और अत्याधुनिक पुनर्वास कार्यक्रमों सहित विशिष्टताओं और सुपर विशिष्टताओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगी। नई परियोजना की घोषणा करते हुए श्री तात्सुरो फ़्यूज़ ने कहा, ÷हमें बेंगलुरु में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान करने के लिए सेकॉम मेडिकल सिस्टम और टोयोटा त्सुशो की विशेषज्ञता को संयोजित करने पर गर्व है। नई सुविधा स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदायों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का विस्तार है। कार्यक्रम में, सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल के वैश्विक नेतृत्व ने विभिन्न पहलुओं पर अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसमें भारत में अस्पताल की दस साल की यात्रा, जापान से अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण और 1,000 बिस्तरों वाले चरण के साथ इसकी आगामी योजनाएं शामिल थीं। 2 विस्तार. नेताओं ने अपनी निवेश रणनीतियों और टोयोटा त्सुशो और सेकॉम मेडिकल सिस्टम से प्राप्त अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के समावेश पर भी प्रकाश डाला, जो देखभाल के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हैं।

# इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में 'इसुजु आई-केयर प्री-समर कैम्प आयोजित करेगा



**लखनऊ।** सबसे बेहतर सर्विस और स्वामित्व का अनुभव देने की इसुजु की प्रतिबद्धता को पुष्ट करने के अपने प्रयास में, इसुजु मोटर्स इंडिया पूरे देश में 'इसुजु आई-केयर प्री-समर कैम्प आयोजित करेगा। यह कैम्प कंपनी की इसुजु डी-मैक्स पिक-अप्स और एसयूवी रेंज के लिये है। इस सर्विस कैम्प का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतरीन लाभ और देशभर में इस मौसम में परेशानी-मुक्त ड्राइविंग का अनुभव प्रदान करने के लिये प्रीवेंटिव मेंटेनेंस चेक्स प्रदान करना है।

19 मार्च से 24 मार्च, 2024 (दोनों दिन शामिल) के बीच, इसुजु केयर की एक पहल, प्री समर कैम्प का आयोजन इसुजु के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर किया जायेगा। इस अवधि के दौरान, ग्राहक अपने वाहनों के लिये विशेष ऑफर्स और लाभ भी ले सकते हैं।

यह प्री-समर कैम्प अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, बिमावरम, भुज, भुवनेश्वर, कैलिकट, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, दीमापुर, दुर्गापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद (कुकटपल्ली और एल.बी.नगर), इंदौर, जयपुर, जयगांव, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोल्हापुर, कुरनूल, लेह, लखनऊ, मदुरै, मंडी, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, नवी मुंबई, नागपुर, नासिक, नेल्लोर, नोएडा, पुणे, रायपुर, राजमुंदरी, राजकोट, सिलीगुड़ी, सूरत, तिरूपति, त्रिवेन्द्रम, त्रिची, वडोदरा, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम में स्थित इसुजु की सभी अधिकृत सर्विस फैसिलिटी पर आयोजित किया जायेगा।

## फर्जी कलाकृतियों को करोड़ों में बेचने का चल रहा था गोरखधंधा, ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर मारे छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई में फर्जी कलाकृतियों का कथित तौर पर व्यापार करने और फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले एक गिरोह के खिलाफ छह स्थानों पर छापेमारी की है। जिनमें यह कार्रवाई की गई हैं उनमें कई प्रमुख कला दीर्घाएं और लोग शामिल हैं।

ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। बयान के अनुसार तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए और जब्त की गई वस्तुओं ने नकली कलाकृति का व्यापार, नकली प्रामाणिकता और उद्गम प्रमाण पत्र बनाने और नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने सहित कार्टेल के संचालन का उजागर किया। जिसमें प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी सामने आई है।

ईडी ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की थी। इस मामले में पुनीत भाटिया नामक एक वयक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने जाली और नकली प्रमाणपत्रों के साथ नकली पेंटिंग्स की बिक्री की। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनसे 17.9 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने की साजिश रची गई।

तलाशी के दौरान, ईडी ने दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख आर्ट गैलरी, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सर्राफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पता लगाया, जिसमें मूल चित्रों की नकली कलाकृति को असली बताकर बेच देते थे। इनमें जामिनी रॉय, एमएफ हुसैन, एफएन सूजा, जहांगीर सबावाला, एसएच रजा, एनएस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य जानेमाने कलाकारों की कृतियां शामिल थीं। मनी ट्रेल से पता चला है कि प्राप्त राशि घरेलू ÷हवाला÷ ऑपरेटरों द्वारा कार्टेल के सदस्यों को कमीशन या मुफ्त और रियायती कलाकृति के रूप में भेजी गई थी। नकली कलाकृति की बिक्री से उत्पन्न नकदी का इस्तेमाल सर्राफा व्यापारियों के साथ मिलकर प्राचीन वस्तुओं (एंटिक्स) की खरीद के लिए किया गया।

## लक्षद्वीप की जनता को राहत, इन द्वीपों में पेट्रोल-डीजल के दामों में 15.3 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने लक्षद्वीप के द्वीपों में पेट्रोल और डीजल दामों में 15.3 रुपये की प्रति लीटर तक की कटौती की है। आईओसी ने उस लागत को हटाया है, जो दूरदराज के द्वीपों में ईंधन के परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च की वसूली के लिए लगाया गया था। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आईओसी से मिली जानकारी के हवाले से एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें कहा गया, अंदरोत और कलपेनी द्वीपों में पेट्रोल और डीजल के दामों में 15.3 रुपये प्रति लीटर और कवरत्ती और मिनिकॉय द्वीपों में 5.2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है।

कवरत्ती और मिनिकॉय में पेट्रोल की कीमत 105.94 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर और अंदरोत और कलपेनी में 116.13 रुपये से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह कवरत्ती और मिनिकॉय में डीजल की कीमत 110.91 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर और अंदरोत व कलपेनी में 111.04 रुपये प्रति लीटर से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर हो गई है। नई दरें आज से प्रभावी हो गई हैं।

मंत्रालय ने कहा, ÷लक्षद्वीप में आईओसी चार द्वीपों कवरत्ती, मिनिकॉय, अंदरोत और कलपेनी को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कर रही है। आईओसी के कवरत्ती और मिनिकॉय में डिपो हैं और इन डिपो में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कोच्चि (केरल) स्थित आईओसी डिपो से की जाती है। इसमें आगे कहा गया, कवरत्ती और मिनिकॉय में खुदरा आउटलेट को हमारे डिपो से पाइपलाइन के जरिए सीधे आपूर्ति की जाती है। अन्य द्वीपों अंदरोत और कलपेनी को कवरत्ती डिपो से आपूर्ति की जाती है।÷ लक्षद्वीप के द्वीपों कवरत्ती और मिनिकॉय में डिपो के निर्माण किए गए। जिसके कारण डिपो के निर्माण में खर्च किए गए पैसे की वसूली के लिए डीजल और पेट्रोल की कीमत में 6.90 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी गई। तीन साल से यह खर्च वसूला जा रहा था। मंत्रालय ने कहा, पूंजीगत व्यय की पूरी वसूली कर ली गई है।

# माउंटेन ड्यू ने जारी किया ऋतिक रोशन के साथ अपना समर कैम्पेन

**कानपुर।** माउंटेन ड्यू ने आज अपना 2024 का समर कैम्पेन जारी किया है जिसमें बहादुरी की मिसाल पेश करने वाली एक ऐसी कहानी है जो एक दोस्त की जान बचाने के लिए अपने डर को दरकिनार करने का संदेश देती है। माउंटेन ड्यू के ब्रैंड एंबैसडर, जो कि ब्रैंड के साथ पिछले एक दशक से जुड़े हैं, ब्रैंड की टैगलाइन ÷डर के आगे जीत है÷ के पर्याय बन चुके हैं। माउंटेन ड्यू के असल अंदाज़ को साकार करने वाली इस फिल्म में कई रोमांचकारी स्टंट हैं और साथ ही हैं जोश से भर देने वाली मनोरंजक कहानी।

इस कैम्पेन के बारे में, आकांक्षा दलाल, कैटेगरी हैड, माउंटेन ड्यू, पेप्सिको इंडिया ने कहा, ÷हम हमेशा से ऐसे ब्रैंड बने रहे हैं जो साहस का प्रतीक है, हमारी टैगलाइन ÷डर के आगे जीत है÷ भी इसी संदेश को दोहराती है और यह केवल हमारे ब्रैंड पर ही लागू नहीं होती बल्कि भारत जैसे देश के मामले में भी सही है जहां लगातार अपनी सीमाओं को आगे धकेलना ही नया मानक है। इस ब्रैंड का हमेशा से यह मानना रहा है कि डर बेशक, स्वाभाविक होता है, लेकिन यह प्रतिरोध को जन्म देता है, लेकिन वास्तव में, साहस है जो हमें खुद को 'आजाद' करने या 'जीत' के लिए प्रेरित होता है। अब तक हमने इसे निजी जीत के तौर पर देखा है, लेकिन यह पहला अवसर है जबकि माउंटेन ड्यू ने अपने नए समर कैम्पेन के जरिए 'उद्देश्यपूर्ण साहस' के नरेटिव को सामने रखा है। यह किसी की जान बचाने के लिए अपने डर से उबरने की कहानी है। जब आपके पास 'डर के आगे जीत है' जैसी टैगलाइन होती है और ऋतिक जैसे ब्रैंड एंबैसडर हों तो तो वह ब्रैंड के ऐसे पर्याय बन जाते हैं कि आपको सही मतलब तलाशने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं होती।

# पेटीएम एफएक्यू: पेटीएम ऐप, क्यूआर, साउंडबॉक्स, कार्ड मशीनें 15 मार्च के बाद भी रहेंगी चालू, यूजर्स इन बातों का अवश्य रखें ध्यान

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख पेमेंट और फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी पेटीएम अपने यूजर्स और व्यापारियों को निर्बाध भुगतान सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल की घटनाओं को देखते हुए यूजर्स के मन में पेटीएम ऐप की कार्यक्षमता के बारे में सवाल हो सकते हैं। यूजर्स और व्यापारियों को इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि पेटीएम ऐप काम कर रहा है और 15 मार्च 2024 के बाद भी ये काम करना जारी रखेगा।

पेटीएम के प्रवक्ता ने कहा, हम प्रमुख संस्थानों के साथ साझेदारी में अपने वित्तीय सेवा वितरण प्लेटफॉर्म का विस्तार कर रहे हैं। पेटीएम देश भर में अपने यूजर्स के लिए एक समावेशी अगली पीढ़ी की वित्तीय व्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

1. क्या पेटीएम ऐप और उसकी सेवाएं 15 मार्च के बाद भी काम करती रहेंगी

हां, यूजर्स बिना किसी रुकावट के पेटीएम ऐप पर सेवाओं का उपयोग जारी रख सकते हैं।

2. क्या पेटीएम क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स, कार्ड मशीनें आगे भी बिना किसी परेशानी के काम करती रहेंगी

हां, पेटीएम क्यूआर कोड, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीनें भी पूरी तरह चालू रहेंगी। यह उन लाखों यूजर्स और व्यापारियों के लिए निरंतर मिलने वाली सुविधा सुनिश्चित करता है जो अपने दैनिक लेनदेन के लिए इन सेवाओं पर निर्भर हैं।

3. क्या मैं पेटीएम ऐप पर दूसरी सभी सेवाओं जैसे फिल्मों, इवेंट, यात्रा (मेट्रो, फ्लाइट, ट्रेन, बस) की टिकट बुकिंग का लाभ लेना जारी रख सकता हूं

पेटीएम ऐप पर फिल्मों, इवेंट, यात्रा (मेट्रो, फ्लाइट, ट्रेन, बस) की टिकट बुकिंग सहित अन्य सभी सेवाएं पूरी तरह से चालू रहेंगी।

4. क्या मैं पेटीएम ऐप पर मोबाइल/इंटरनेट रिचार्ज, यूटिलिटी बिलों का भुगतान और अन्य सेवाएं जारी रख सकता हूं

यूजर्स अपने मोबाइल फोन, डीटीएच या ओटीटी सब्सक्रिप्शन को रिचार्ज करना जारी रख सकते हैं, और सभी यूटिलिटी बिलों (बिजली, पानी, गैस, इंटरनेट) का भुगतान सीधे पेटीएम ऐप के माध्यम से आसानी से कर सकते हैं।

5. क्या मुझे पेटीएम डील्स पर रेस्तरां ऑफर का लाभ मिलता रहेगा

हां, पेटीएम डील 15 मार्च के बाद भी पहले की तरह निर्बाध रूप से काम करती रहेगी। उपयोगकर्ता बिना किसी व्यवधान के सभी ऑफर्स और छूट का आनंद उठा सकेंगे।

6. क्या मैं पेटीएम ऐप पर सिलेंडर बुक कर सकता हूं और अपने पाइप्ड गैस बिल, अपार्टमेंट बिजली बिल का भुगतान भी पेटीएम ऐप पर कर सकता हूं

हां, आप इसका प्रयोग जारी रख सकते हैं।

7. क्या मैं पेटीएम ऐप का उपयोग करके बीमा खरीद सकूंगा और अपने बीमा के प्रीमियम का भुगतान भी कर सकूंगा

हां, उपयोगकर्ता बाइक, कार, स्वास्थ्य और अन्य के लिए नई बीमा पॉलिसी खरीदना जारी रख सकते हैं और पेटीएम ऐप का उपयोग करके प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं।

8. क्या मैं पेटीएम ऐप पर फास्टैग खरीद सकता हूं या अपने अन्य बैंकों के फास्टैग को रिचार्ज कर सकता हूं

हां, पेटीएम पहले से ही एचडीएफसी बैंक फास्टैग्स ऑफर कर रहा है और पेटीएम ऐप पर अन्य भागीदार बैंकों के फास्टैग रिचार्ज का भी ऑफर है। हालांकि, आप पेटीएम पेमेंट्स बैंक फास्टैग्स नहीं खरीद सकते हैं, हालांकि आप इसे 15 मार्च से पहले रिचार्ज कर सकते हैं और शेष राशि समाप्त होने तक इसका उपयोग कर सकते हैं।

9. क्या इक्विटी, म्यूचुअल फंड या एनपीएस में मेरा निवेश सुरक्षित है

हां, पेटीएम मनी के साथ इक्विटी, म्यूचुअल फंड या एनपीएस में ग्राहकों का निवेश काम कर रहा है। पेटीएम मनी लिमिटेड सेबी-रेग्युलेटेड है और पूरी तरह से नियमों का अनुपालन करता है।

## आईटीएम गीडा में एक्सपर्ट टाक शो का किया आयोजन

**गोरखपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर मे व्यवसाय एवं प्रबंधन के छात्रों के लिए एक एक्सपर्ट टॉक शो का आयोजन संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार मे किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाही बिज़नेस एंड मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के प्रमुख एवं मोटिवेशनल वक्ता हरिशंकर शाही रहे। कार्यक्रम के आरम्भ मे संस्थान के डीन ऐकडेमिक डॉ आर पी सिंह ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन मे उद्देश्य का होना बहुत जरुरी हैं बिना उद्देश्य के अप जीवन मे कुछ भी नही कर सकते है। आपको उद्देश्य को पूरा करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से ठीक रहना होगा और साथ ही सकारात्मक सोच के साथ अपने आप पर भरोसा रखना होगा। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि ऐसे विशषज्ञों के अनुभव से छात्रों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने किया।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही चुनाव सामग्री पर चला प्रशासनिक डंडा, हटाए गए बैनर-पोस्टर

**एडीएम सीटी के साथ एसपी सिटी व सिटी मजिस्ट्रेट ने अपर नगर आयुक्त के साथ उतरवाए पोस्टर बैनर**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने देश में आम चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी कर दिया है। गौरखपुर और बांसगांव लोकसभा के लिए मतदान 7वें चरण में 1 जून को होगा। जबकि 4 जून को लोकसभा आम चुनाव के नतीजे आएंगे। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है।

आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है, वहीं प्रत्याशियों की भागदौड़ और प्रचार भी अब शुरू हो गया है। जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर के निर्देश पर एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह सिटी मजिस्ट्रेट अपने अन्य अधिकारियों के साथ नगर निगम व नगर पंचायत नगर पालिका के सार्वजनिक स्थानों पर लगी चुनाव प्रचार सामग्री को भी हटाना शुरू कर दिया है। शनिवार की दोपहर लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद अधिकारी आदर्श आचार संहिता को लेकर सर्तक हो गए। जिला मुख्यालय पर आलाधिकारियों के निर्देश पर नगर निगम व नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्र में अधिकारी सक्रिय हो गए। एडीएम अंजनी कुमार सिंह एसपी सिटी कृष्ण बिश्नोई अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह पैडलेगंज चौराहे से अपने दलबल और साजो सामान के साथ सड़कों पर उतरे पूरे शहर में राजनीतिक पार्टियों द्वारा लगाए गए बैनर होर्डिंग को उतार कर नगर निगम भेजा गया। इस दौरान कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थलों, सरकारी संपत्तियों और अन्य स्थानों पर लगी चुनाव प्रचार सामग्री को हटाया। इस दौरान प्रत्याशियों और पार्टियों के प्रचार से जुड़े बड़े–बड़े बैनर और होर्डिंग्स पर भी प्रशासनिक पंजा चला। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता लागू होने पर अब प्रत्याशियों के प्रचार पर भी पहरा बैठ गया है।

चुनाव में धनबल और बाहुबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के खर्च से लेकर प्रचार तक पर नजर रखेंगी। कहीं पर भी कोई खामियां मिलने पर फौरन प्रत्याशी पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### नगर पंचायतों में उतरने लगे होर्डिंग-बैनर

चुनावी आचार संहिता लागू होते ही जिले की सभी नगर पंचायतों में पार्टियों के होर्डिंग पोस्टर उतरने लगे। इसी क्रम में घघसरा बाजार में शनिवार को तहसील प्रशासन व नगर पंचायत अधिकारियों की अगुवाई में दीवारों और बिजली खंभो पर लगे होर्डिंग-बैनर उतरवाए गये। लोगों से अपील की गई कि- कोई भी व्यक्ति प्रचार संबधी कोई भी पोस्ट-बैनर बिना परमिशन लिये न लगाए। कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार- दुर्गेश चौरसिया, नगर पंचायत घघसरा के अधिशासी अधिकारी-अमित नायक, अखिलेश गुप्ता, सिपाही शैलेश यादव समेत कई लोग मौजूद थे। नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया और अधिशाषी अधिकारी अमित नायक के देखरेख मे सभी तरह के लगे प्रचार समाग्री को उतारा गया। प्रचार समाग्री उतारने के दौरान पुलिस बल की तैनाती रही।

## समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रदेश सचिव रमेश तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह को सौंपा। न्यायालय के आदेश के बाद भी मामले का निस्तारण नही कराया जा रहा है। किसानो से खतौनी केडी नाम पर धन उगाही की जा रही है। खारिज दाखिला के बाद भी किसान प्रेषण हो रहे है। रास्ते की भूमि सीमांकन करने के बाद भी दबंग उस पर कब्जा किए हुए है। रास्ते पर लोहे का लगा गेट अभी तक नही हटाया गया। मृतक व्यक्तियों के नाम राशन सूची में दर्ज है। उसके काटकर पात्र व्यक्तियों को राशन दिया जाय। यदि सभी मांगों को 15 दिन के अंदर निस्तारण नही कराया गया। तो किसान आंदोलन। करने के साथ चुनाव का वहिष्कार करने को मजबूर होगे। इस दौरान गुड्डी देवी, सतीश, दीनबंधु तिवारी, रिंकू, कृष्णमणि मिश्र, विनय कुमार गिरी, पुरुषोत्तम चौबे सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सहकारिता मंत्री ने गोदाम का किया शिलान्यास



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहकारिता विभाग किसानों के सुविधा के लिए अनेक प्रयास कर रही है। तथा साधन सहकारी समितियों को को समृद्धि बनाने के लिए जोर दे रही है। शनिवार को सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत पचौरी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत निर्मित होने वाले 100 मैट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का सहकारिता मंत्री जेपी एस राठौर ने वर्चुअल शिलान्यास किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख कवलदीप नारायण चौहान, अपर जिला सहकारी अधिकारी विभा श्रीवास्तव, एडीओ सहकारिता सुनील कुमार पांडेय, अवर अभियंता उग्रसेन सिंह, सचिव मनोज, राम आशीष, रमेश, राणा प्रताप, राम प्रकाश, श्रवण कुमार, पशुपतिनाथ, सिद्धनाथ, सुरेंद्र यादव, जय प्रताप सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सलेमपुर के रोडवेज बस स्टेशन का भूमिपूजन

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सलेमपुर बस स्टेशन के नवनिर्माण का शिलान्यास एवम भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन सलेमपुर स्थित बापू इण्टर कालेज के बगल में किया गया। कार्यक्रम का भूमिपूजन परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह,राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम एवम सांसद रविन्दर कुशवाहा ने वैदिक मंत्रों के साथ किया।

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही हैं। सलेमपुर में रोडवेज बस स्टेशन यहां की समस्या थी। अत्याधुनिक बस स्टेशन बनाने को लेकर सरकार ने बजट जारी कर दिया है। रोडवेज बस स्टैंड के शुरू होने से क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि सलेमपुर के बस स्टेशन को लेकर लोगों मे काफी खुशी का माहौल है। रोडवेज बस स्टेशन के लोकार्पण के बेशकीमती जमीन उपलब्ध कराने में सभी का योगदान रहा।

उन्होंने कहा कि लंबे समय के इंतजार के बाद सलेमपुर क्षेत्रवासियों को बस स्टैंड की सौगात मिली। जिससे अब बस संचालकों और यात्रियों को परेशानी नहीं होगी। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार में देश में विकास की गति बेहद तीव्र है। सलेमपुर में बस स्टेशन बन जाने से क्षेत्रीय जनता को अब परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जितेन्द्र प्रताप राव, निर्मला गौतम, अर्चना पाण्डेय, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव, बृजेश उपाध्याय, रविन्दर श्रीवास्तव, अभिषेक जायसवाल, कन्हैया लाल जायसवाल, आनन्द प्रकाश, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अजय दूबे वत्स, अनूप उपाध्याय, रामेश्वर सिंह, अमरेश सिंह, अवधेश यादव, राकेश राय, धनञ्जय चतुर्वेदी, विनय पाण्डेय, अनूप मिश्रा, इन्द्रजित मौर्या, प्रकाश पाण्डेय, अमरनाथ सिंह, अभिजीत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में हुई पत्र लेखन प्रतियोगिता

**अमेठी।** मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को परिषदीय विद्यालयों में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपने माता-पिता के नाम पत्र लिखकर उनसे आगामी लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का अनुरोध किया। पत्र लेखन में बच्चे उत्साह से शामिल हुए। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सभी शिक्षकों से मतदाता जागरूकता के क्रम में बच्चों से उनके अभिभावकों के नाम एक पत्र लिखाकर उन्हें मतदान के लिए सचेत और जागरूक करने के निर्देश दिए थे।

शनिवार को लगभग सभी जूनियर विद्यालयों में बच्चों से पत्र लेखन कराया गया। बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में स अ अवनीश वर्मा और सन्ध्या गुप्ता ने बच्चों से पत्र लेखन कराया। कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया छीड़ा उ प्रा वि हनुमतनगर कम्पोजिट विद्यालय भुचक्कार उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर-1 द्वितीय आदि स्कूलों में पत्र लेखन हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर नारायणपुर त्रिसुंडी आदि विद्यालयों में भी बच्चों ने पत्र लिखे।

## धूमधाम से निकली श्री सीताराम संस्कार महायज्ञ की कलश यात्रा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** घघसरा नगर पंचायत में शनिवार को- श्री सीता संस्कार महायज्ञ की कलश यात्रा बड़ी धूम-धाम से निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ यज्ञ स्थल घघसरा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-8 अटल नगर के श्री मारूति नंदन साधना मंदिर से होते हुए- तुलसीदास नगर, हनुमंत नगर, जयराज नगर, जेठू नगर,अमर सिंह नगर से आगे बढ़ते हुए ग्राम तिलौरा, चणराव, भक्सा, सिसई स्थित राप्ती नदी का पावन जल लेकर पुनः अपने स्थान पर पहुची। यात्रा की अगवाई कर रही गोरखपुर की पूर्व महापौर सत्य पांडे ने कहा कि- यज्ञ हमारे संस्कारों का परिमार्जन करता है और समाज को सही दिशा दिखाता है। उनहोंने कहा कि भारतीय संस्कार आध्यात्मिक और सांसारिक मार्ग की वह सरल कड़ी है,जिस पर चलकर मनुष्य सहज ही सांसारिक सुखों के साथ मोक्ष की आसानी से प्राप्ति कर लेता। श्री रामचरितमानस भारतीय संस्कृति का एक पवित्र दस्तावेज है। यज्ञ के प्रमुख कार्यकर्ता विजय नारायण मिश्र ने बताया कि- यज्ञ 16 मार्च से 24 मार्च तक अनवरत चलेगा। कार्यक्रम में सत्संग कथा प्रवचन का प्रमुख स्थान होगा, जो संत प्रवचन कर्ताओं द्वारा संचालित होगा। उक्त अवसर पर पूर्व महापौर सत्य पांडेय के अलावा विजय कुमार मिश्रा, परमेंद्र राज, रवि राज, अमरेंद्र राज, प्रेम नारायण चौबे, महेंद्र, रुदल प्रसाद गौड़, दीपक राज, शिवेंद्र प्रताप राज, सुंदरम राज, हनुमान चौबे, दिनेश चौबे, ध्रुव चंद गौड़, सुनील, विशाल, नीतीश राज समेत कई लोग मौजूद थे।

# जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव -2024 की घोषणा के साथ ही जनपद में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद की सीमा से संबद्ध तीनों लोकसभा सीटों का मतदान सातवें चरण में होगा, जिसकी अधिसूचना 7 मई 2024 को जारी होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 14 मई 2024 होगी। 15 मई 2024 को आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। 17 मई 2024 को नामवापसी की अंतिम तिथि रहेगी। 01 जून 2024 को मतदान होगा तथा 04 जून को मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी, जो कि निम्नवत हैं **सम्पत्ति का विरूपण-** आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही समस्त शासकीय सम्पत्तियों से 24 घण्टे के अंदर समस्त प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, पैम्पलेट इत्यादि हटाये जाने हैं। समस्त सरकारी कार्यालयों, सभागारों, अधिकारियों के कक्षों इत्यादि में लगी सभी जीवित राजनीतिक महानुभावों की फोटो तत्काल हटायी जानी है। जीवित राजनीतिक महानुभावों में से केवल राष्ट्रपति तथा राज्यपाल की फोटो लगी रह सकती है। पूर्व में दिवंगत राजनीतिक महानुभावों की फोटो भी लगी रह सकती है। **समस्त लोक सम्पत्तियों जैसे-** बस स्टैंड, सड़क, सार्वजनिक चौराहों, बिजली के खम्बे, अंडरपास इत्यादि से 48 घण्टे के अंदर समस्त प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, पैम्पलेट इत्यादि हटाये जाने हैं। निजी सम्पत्ति का विरूपण 72 घण्टे के अंदर हटाया जाना है। निजी सम्पत्ति पर चुनाव प्रचार सम्बन्धी शर्तें अपने निजी भवन पर बैनर, झण्डा, कटआउट इत्यादि प्रतिबन्धित नहीं है, यदि भवन स्वामी द्वारा यह कार्य स्वेच्छा से बिना किसी दबाव के किया गया हो। झण्डों की अधिकतम संख्या 03 हो सकती है। ऐसा करने से किसी अन्य जनसामान्य अथवा उसके आसपास के नागरिकों को परेशानी न हो। यदि उक्त बैनर, कटआउट, झण्डा किसी पार्टी प्रत्याशी का है तो इस सम्बन्ध में धारा-171एच आईपीसी के प्रावधान लागू होंगे (धारा-171एच आईपीसी) अपनी निजी सम्पत्ति पर किसी अन्य प्रत्याशी के चुनाव का प्रचार किसी भी रूप में करना तब तक प्रतिबन्धित है जब तक कि प्रत्याशी द्वारा भवन स्वामी को लिखित रूप में इस हेतु प्राधिकृत न कर दिया हो।

## डिजिटल तकनीक को बढ़ावा दे रही सरकार : विजय कुमार दुबे



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** मोतीचक विकासखंड के असना में स्थित राम विचारे त्रिपाठी महिला महाविद्यालय में कुशीनगर के सांसद विजय कुमार दुबे ने 103 बालिकाओं को स्मार्टफोन वितरित किया। इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा की प्रदेश सरकार डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देते हुए शिक्षा को तकनीकी रूप प्रदान कर रही है। शिक्षा की इस ज्योति को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय परिवार बालिकाओं की शिक्षा में सतत प्रयास कर रहा है और मैं विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सांसद ने लोगों को आने वाले समय में सहयोग करने की बात कही। सरकार द्वारा चलाई जा रही कन्या सुमंगला योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए बालिकाओं को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। देश और प्रदेश की सरकार है डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देकर भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का काम किया है।

# सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए : सांसद

अवधनामा संवाददाता



**मथौली मंडल के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की हुई बैठक**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** शनिवार को भाजपा मंडल मथौली की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के पदाधिकारी, बुथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी व बुथ अध्यक्ष घर-घर पहुंचकर जनता को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को बताए।

कृषि विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट आदि सरकार ने हमारे जिले को दिया है। सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, फ्री राशन आदि सरकार सभी पात्रों को दिया है। एक सवाल में सांसद विजय कुमार दुबे बताया कि काफी दिनों से छातिग्रस्त कस्बे का मुख्य मार्ग जो गंभीरपुर को जोड़ता है, जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा। आगे कहा कि सरकार महिलाओं, किसानो, व्यापारियों व युवाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए सदा खड़ा रहुगा। वही जल्द ही हर मंडल में पन्ना प्रमुखों की बैठक किया जायेगा। बैठक को भाजपा जिला उपाध्यक्ष चुनाव संयोजक अवधेश प्रताप सिंह, चेयरमैन नवरंग सिंह, विधानसभा प्रभारी आलोक तिवारी आदि ने संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद व संचालन रामधनी चौरसिया ने किया। इस दौरान पुर्व मथौली मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय, महिला मंडल अध्यक्ष किरन गुप्ता, प्रिंस जायसवाल, रविन्द्र सैनी, दिनेश राव, प्रिंस मद्धेशिया, नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, आकाश जायसवाल सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अंगूठा लगाने वाली महिला का किया फर्जी हस्ताक्षर, कराया आदेश

**सलेमपुर, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के मंगराइच निवासी इंद्रावती देवी पत्नी शम्भू शुक्ल ने शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि हम प्राथिनी का मौजा सिसई तप्पा सठियांव स्थित आराजी संख्या 148/0%648 हेक्टेयर संक्रमणीय भूमि धर अंकित है। जिस पर धनौती निवासी निखिल श्रीवास्तव पुत्र अनिल श्रीवास्तव आदि के द्वारा उपजिलाधिकारी सलेमपुर के न्यायालय में धारा 80 के अन्तर्गत वाद योजित किया गया जिसमें सहखातेदार के रूप में हमारा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शपथ पत्र दाखिल किया गया है। जबकि मैं अनपढ़ महिला हूं, हस्ताक्षर नही कर पाती हूँ। अतः उक्त मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाये। फर्जी हस्ताक्षर कर मेरे खिलाफ जालसाजी किया गया है। इसको लेकर हम लगातार अधिकारी लोगों के यहां चक्कर लगा रही हूं, अब तक न्याय नहीं मिला है।

# खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** शनिवार को विजय चौक स्थित एस एस एकेडमी व किड्स प्लांट प्लेवे विद्यालय में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन में विद्यालय में इट राइट क्रिएटिविटी चैलेंज फेस 4 का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा. इस कार्यक्रम में पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, डिबेट, स्लोगन राइटिंग वह स्पीच कार्यक्रम संपन्न कराया गया, जिसका विषय इट राइट इट हेल्थी, सैफ और न्यूट्रिएंट्स फूड था। इन सभी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के रूप में 1000, 800 व 700 एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों प्रशस्ति पत्र एवं रिफ्रेशमेंट दिया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे जैसे जे पी सनराइज गोरखनाथ, सेंट मैरी स्कूल, मेट्रोपॉलिटन स्कूल, अयोध्या दास राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज व एस एस अकैडमी के बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभा किया। डिबेट प्रतियोगिता में एस एस अकैडमी की सांवी गुप्ता को प्रथम, जे पी सनराइज के छात्र त्वमेव तरुण को द्वितीय और एस एस एकेडमी के यथार्थ गुप्ता को तृतीय पुरस्कार दिया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में से एस एस एकेडमी के रेयांश शर्मा, सेंट मैरी विद्यालय के आराध्य और एस एस अकादमी की दिव्यांशी कुशवाहा को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्लोगन राइटिंग में एस एस एकेडमी विद्यालय के अर्णव स्वर्णकार, ए डी गर्ल्स इंटर कॉलेज की अनुराधा व एस एस अकैडमी की ऐश्वी गुप्ता को प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्पीच प्रतियोगिता में मेट्रोपॉलिटन स्कूल की अद्रिका मित्तल, एस एस एकेडमी विद्यालय की कनिष्का श्री अग्रवाल व रोशनी उपाध्याय को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित शहर के गणमान्य लोगों ने बैंड के साथ रैली में प्रतिभा किया व लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने वाली तख्तियां व बैनर पोस्टर के साथ बाईकाथन रैली जो शहर के मुख्य चौराहों एवं कॉलोनी से होकर खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री पुष्पदंत जैन, खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त राजकुमार गुप्ता, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी कुमार गुंजन, सहायक आयुक्त खाद्य 2, हितेंद्र मोहन त्रिपाठी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित जिले के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपाइयों ने निर्माणाधीन पुल पर नागरिक सुरक्षा को लेकर ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** सपाइयों ने शनिवार को अमेठी-सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित मुसवापुर में निर्माणाधीन पुल में घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी को सौंपा।कहा कि पुल का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था व लोकनिर्माण विभाग की घोर लापरवाही से राह गीरों को जान देनी पड़ रही है आये इन लोग चोटिल हो रहे है लेकिन विभागीय अफसरों व संस्था के मालिकों के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही है। निर्माणाधीन पुल के कार्य में इतना लापरवाही बरती जा रही की रोड के दोनों तरफ कोई बैरिकेडिंग नहीं की गई है न तो ब्रेकर बनाये गए है न कोई सतर्कता चिन्ह लगाए गये हैं। इसका परिणाम रहा कि पिछले दिनों एक मोटर साइकिल सवार 30 फिट नीचे जा गिरा जिससे उसकी जान चली गई। आये दिन कई लोगो के चोटे लग रही है हाथ पाँव टूट रहा है यह निर्माणाधीन पुल आम जनमानस व राहगीरों के लिए मौत का कुँवा बना हुआ है। उन्होंने उप जिला अधिकारी अमेठी को अवगत कराकर राहगीरों की सुरक्षा हेतु रोड के दोनों तरफ बैरीकेडिंग बोर्ड व सतर्कता चिन्ह लगवाये जाने की मांग की है। इस मौके पर एजाज खां मनु पाल अंकित यादव दीपू तिवारी कप्तान यादव वीरेंद्र चौधरी अंकुर कुंदन पासी अतुल सिंह सुरेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

## बिटिया के कंधे पर स्टार लगाते ही माता-पिता आह्लादित

अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** बेटियां जब कामयाब होकर अपने हुनर का परचम लहराती हैं तो माता-पिता के साथ गांव और समाज का नाम भी रोशन कर जाती हैं। ऐसा ही कुछ नजारा बोदरवार के वरिष्ठ समाजसेवी अवधेश कुमार गिरि की सुपुत्री जागृति गिरि ने सब इंस्पेक्टर बनकर कर दिखाया। जागृति अपने अथक परिश्रम से सब इंस्पेक्टर का एक वर्षीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया। डॉ भीमराव आंबेडकर उ.प्र. पुलिस अकादमी मुरादाबाद में आयोजित दीक्षांत समारोह में जागृति के माता-पिता को भी बुलाया गया था। अपने होनहार बिटिया के कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित होते हुए देख माता पिता की आंखें छलक पड़ीं। अवधेश गिरी और उनकी पत्नी ने कहा कि आज बिटिया ने आगे बढ़कर चुनौतियों का सामना करते हुए जो मुकाम हासिल किया है वह अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी समाज को आईना भी दिखायेगी। बिटिया की इस कामयाबी पर ग्राम प्रधान राजकमल



मद्धेशिया, भाई शिवांश गिरि, जोखू शर्मा, दुर्गेश कनौजिया, राकेश मद्धेशिया, गिरजा शंकर पांडेय सहित तमाम मित्रों और शुभेक्षुओं ने शुभकामनाएं देते हुए बिटिया के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तहसील कैसरगंज में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह मार्च के तृतीय शनिवार को तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, सीओ रूपेन्द्र कुमार गोड़ व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण करायें। डीएम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 171 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 16 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 16 में 03, महसी में प्राप्त 22 में 04, नानपारा में प्राप्त 42 में 07 तथा पयागपुर में प्राप्त 70 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## राजकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने धरनीधर द्विवेदी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राजकीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के शिक्षा विभाग शाखा का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन उपरान्त जीजीआईसी में तैनात धरनीधर द्विवेदी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कर लिया गया। इसके अलावा मंत्री पद के लिए जीजीआईसी में तैनात इरशाद खां, कोषाध्यक्ष पद पर डायट से देवेन्द्र सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष कार्यालय बीएसए से गोविन्द राय, वरिष्ठ अध्यक्ष जीआईसी से रामदीन, ऑडीटर पद पर जीजीआईसी महरौनी से घनेन्द्र सिंह व सदस्य पद पर डीआईओएस से साटूराम, जीआईसी से संजय श्रीधर, डायट से उमाशंकर, जीआईसी माताटीला से गरीबदास, राजकीय पुस्तकालय से अमर सिंह को नियुक्त किया गया। यह चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी जीजीआईसी के कपिल देव शर्मा, डीआईओएस से भानू प्रताप सिंह व डायट से शोभित कुमार की देखरेख में संपन्न हुयी।

# प्रतिदिन चलाया गया महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों की टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर चौपाल लगाकर छात्र-छात्राओ को मिशन शक्ति व साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। जनपद के समस्त थानों द्वारा उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम के लिए उन्हे जागरूक किया गया।उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ''मिशन शक्ति÷ अभियान फेज 4.0 के तहत पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विद्यालयों में जाकर उपस्थित छात्र/छात्राओं को मिशन शक्ति व साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया गया। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/ बीटों/ स्कूल/ कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090,महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अन्य सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया।

# 23 मार्च तक चलेगा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शनिवार को बल्दीराय ब्लॉक सभागार में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजवती सिंह ने कहा कि 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा। इसमें लोगों को जागरूक किया जाएगा। जनजागरूकता पोषण के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की साफ सफाई पर ध्यान देना,आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्वदेशी खिलौना बनाने का गुण बताएंगी और स्वास्थ्य आहार पर जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। मोटे अनाज के बारे लोगों को लेकर जागरूक किया जाएगा।एनीमिया की समस्या और समाधान के बारे में बताया। 11 से 14 वर्ष की किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच, लंबाई माप एवं वजन परीक्षण कर हेल्थ कार्ड वितरित किया जाएगा और सभी सूचनाएं व अन्य गतिविधि को आंगनबाड़ी कार्यकत्री जनांदोलन पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इस दौरान एडीओ आईएसबी शिवकुमार, सचिव अरविंद सिंह, प्रधान सहायक उमेश श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेह लता, सरस्वती पांडेय, नमिता, सूफिया, सुशीला रानी, अशोक कुमारी, मीना देवी, भानमती मिश्रा, शकुंतला, किरण श्रीवास्तव, रेखा, मोनिका आदि मौजूद रहीं।

# सरस्वती विद्या मन्दिर में हुआ डॉ. विनोद का अभिनन्दन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** बाल कल्याण समिति सुल्तानपुर के अध्यक्ष एवं सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर के पूर्व प्रबन्धक डॉ विनोद कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के सदस्य बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर के प्रधानाचार्य श्रीमान् राकेश मणि त्रिपाठी जी के नेतृत्व में आचार्य बन्धु/ भगिनी ने हर्षोल्लास के साथ तिलक एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।संप्रति डॉ विनोद कुमार सिंह, साकेत महाविद्यालय अयोध्या में भौतिक विज्ञान विषय में प्रोफ़ेसर के पद पर सेवारत हैं। पूर्व में डॉ सिंह रतनसेन पीजी कॉलेज बांसी, सिद्धार्थ नगर में प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज में माननीय सदस्य के पद पर भी कार्यरत थे। सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा और व्यवसायिक पाठ्यक्रम में नियुक्तियों के लिए नये चयन आयोग का गठन किया गया है। डॉ विनोद कुमार सिंह उक्त शिक्षा सेवा चयन आयोग में सदस्य पद हेतु चयनित किए गए हैं।

डॉ साहब की इस उपलब्धि से स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान् राकेश मणि त्रिपाठी जी ने डॉ साहब को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार आपका हृदय से स्वागत एवं अभिनन्दन करता है। हमें पूर्ण विश्वास है कि शिक्षा जगत के कीर्ति स्तम्भ, नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा के धनी डॉ साहब का उत्तम वैशिष्ट्य एवं मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को समुन्नत बनाने में अवश्य कारगर साबित होगा। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य सभाजीत वर्मा जी वरिष्ठ आचार्य अनिल पाण्डेय जी, रवीन्द्र तिवारी जी, द्वारिका प्रसाद पाण्डेय जी, कौशलेंद्र तिवारी, महेश कुमार शुक्ल, हनुमन्त सिंह जी, राहुल भट्ट जी, वेद प्रकाश जी वरिष्ठ आचार्या रंजना पाण्डेय, सरिता त्रिपाठी, श्रद्धा सिंह, शशी द्विवेदी आदि आचार्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवकों को प्राचीन धरोहरों के संरक्षण के प्रति किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस छात्र इकाई चतुर्थ के स्वयंसेवकों को शिविर के पांचवे दिन ग्राम टपरियन पनारी में प्राचीन धरोहर संरक्षण और नशा करने से होने वाले आर्थिक, पारवारिक व सामाजिक नुकसान पर ग्राम वासियो को जागरूक करने के साथ साथ श्रम दान किया। अपराह्न 2 बजे से ऐतहासिक धरोहर स्थल संरक्षण जागरूकता विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि इंटेक संयोजक संतोष कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रदीप चौबे सदस्य बुंदेलखंड विकास बोर्ड, और अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण ने की। मुख्य अतिथि संतोष शर्मा ने कहा कि हमारा देश प्राचीन धरोहरों, महान संस्कृति, गौरव शाली इतिहास एवं रमणीय पर्यटन स्थलों से समृद्ध है। इन्ही की बदौलत हमारा देश कभी विश्व गुरु हुए करता था। इन धरोहरों का संतक्षण करना हम सब का नैतिक दायित्व है जहां बुंदेली संस्कृति विश्व की जननी हुआ करती थी वंही उत्तर प्रदेश में ललितपुर जनपद प्राकृतिक, इतिहाशिक, कलात्मक, पुरातत्व सम्प्रदा से भरा पड़ा है। यहां रमणीय पर्यटन स्थल और बुंदेली संस्कृति की अदभुद छटा देखने को मिलती है। इन्हें सजोने सवारने और संरक्षित करने के लिए युवा पीढ़ी से आगे आने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि प्रदीप चौबे ने कहा कि हमारा ललितपुर ऐतिहासिक धरोहर का बहुत बड़ा केंद्र है। यहां पर देवगढ़ में चंदेल कालीन मूर्ति कला का केंद्र हैं। यही और भगवान विष्णु का दशावतार मंदिर, नहर घाटी, सिंह घाटी वेतवा नदी पर स्थित है। मुचकुन्द गुफा, रणछोर धाम, आल्हा ऊदल की चौपाल, कालिंजर, महाराजा मर्दन सिंह का किला, जैसे बहुत सी ऐतिहासिक धरोहरों की भरमार है। हमे इनको संरक्षित करने की जरूरत हैं जिससे भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए उस धरोहर की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने कहा कि अपने ग्रामीण परिवेश से जुड़ने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर लगाए जा रहे हैं। जिससे स्वयं सेवक को वहाँ की सांस्कृतिक पहलुओ को जानकर उसे संरक्षित कर सके और गांव की माटी व आवोहवा से जुड़ सके।

## नरेन्द्र जैन कडंकी ने थामा भाजपा का दामन

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन की प्रबल संस्तुति पर लखनऊ में उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेंद्र जैन कडंकी ने उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर ललितपुर जिले के प्रभारी सुरेश अवस्थी ने उनका स्वागत किया और कहा कि भाजपा परिवार में आपको पूरा अपनापन मिलेगा। कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने उन्हें पट्टिका पहनाते हुए उनसे भाजपा की रीतियों नीतियों के अंगीकार करने अपेक्षा की। ज्ञातव्य हो कि नरेंद्र कड़ंकी पूर्व में भाजपा में ही रहे हैं और ललितपुर नगर के महामंत्री भी रहे हैं। उनके भाजपा परिवार में पुनरू शामिल होने पर जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक प्रदीप चौबे, क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु, गौरव, जिला कार्यालय प्रभारी शशि शेखर पांडेय, कार्यालय मंत्री संदीप सिंह बुन्देला, अजय साईकिल आदि ने स्वागत किया।

# महिला शिक्षकों की निर्वाचन ड्यूटी लगाने से पहले जानें परिस्थितियां



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा उन्होंने अवगत कराया कि चुनाव में नियोजित कार्मिकों की परिस्थिति को ध्यान नहीं दिया जाता जिसके कारण चुनाव में सशक्त टीम नहीं बन पाती जिस कारण चुनाव प्रभावित होता ऐसी परिस्थिति अन्य दक्षताओं के निर्धारण हेतु कुछ परिस्थिति समस्या सामने रखी उनमें गर्भवती महिला कार्मिक की चुनाव डयूटी न लगायी जाये। ऐसी महिला कार्मिक जिनके छोटे शिशु होते है उनकी जयूटी लगा देने से छोटे शिशुओं के कारण कार्य यक्षता प्रभावित होती है, चिकित्सकों के अनुसार छोटे शिशुओं को समय से स्तनपान न करने से ऐसी महिला कार्मिक की मानसिक व शारीरिक अवदशा समन्वित नहीं हो पाती और शिशु स्तनपान के अभाव में भूखा रह जाता है। वहीं दूसरी ओर इन कारणों से चुनाव में कार्य दक्षता प्रभावित होती है। 58 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है उन्हें चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में नियोजित न किया जाये 56 वर्ष की अवस्था में अधिकांश कार्मिक डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर आदि से रोग ग्रस्त हो जाते है। कोमार बिडिटी (सहरूग्णता) की अवस्था में संक्रमण की सम्भावना बढ़ जाती है। ऐसे शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी नहीं लगाने की माँग की है।

## सी.ए.ए. को लेकर भ्रामक अफवाहों से बचें: सीओ



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 व त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद के थाना बालाबेहट पर क्षेत्राधिकारी पाली रक्षपाल सिंह व थाना गिरार पर थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार द्वारा थाना क्षेत्र के संभ्रान्त लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मौजूद सभी लोगों को नागरिकता संसोधन अधिनियम (सी.ए.ए.) के प्रति जागरूक कर भ्रामक अफवाहों से बचने के अपील की गयी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने व चुनाव को प्रभावित करने वाले कारको की सूचना पुलिस को चुनाव हेल्पलाइन नम्बर 7839697416 पर देने की अपील की गयी। आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द पूर्वक मनाने व होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी।

# भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण को लेकर कार्यक्रम संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सैनिक बन्धु बैठक अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें उपस्थित भूतपूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितों की समस्याओं की सुनवाई अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम जि.सै.क. अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने अपरजिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अंकुर श्रीवास्तव का आभार प्रकट किया। तत्पष्चात अधिकारी ने अपरजिलाधिकारी द्वारा दातव्य निधि से 03 नोन पेंशनरों को 2 हजार रुपये प्रति पात्र एवं एक विधवा को ए.डी.एल.आर. 10 हजार रुपये के चेक देकर सम्मानित किया। जि.सै.क. अधिकारी ने कल्याणकारी योजनाओं के वारे में अवगत कराते हुयेबताया कि लाइफ सार्टिफिकेट जमा करना एवं स्पर्श पीपीओ में स्वयं का एवं पत्नी का आधार कार्ड, पेन कार्ड, जन्म तिथि सही करवाना, के एस वी एवं उ.प्र. सरकार द्वारा लाभकारी योजनाओं के वारे में जानकारी दी। उन योजनाओं का लाभ लेने के लिये सभी भूतपूर्व सैनिको, आश्रितों एंव विधवाओं को प्रेरित किया। सैनिक पुनर्वास निधि से संचालित फ्री आफ कोष्ट कोर्स जैसे कम्प्यूटर कोर्स, फैशन डिजाइनिंग कोर्स, एस.एस.वी. की टेनिंग में स्वयं एवं वच्चों को भेजने के लिऐ प्रेरित किया। अधिकारी ने बताया कि जो भूतपूर्व सैनिक इसीएचएस का फायदा नहीं ले रहे हैं वह मेडीकल फिक्स एलाउन्स के लिये प्रार्थना पत्र जिला सैनिक कार्यालय में दें एवं वताया कि सभी भूतपूर्व सैनिक अपना पेंशन खाता ज्वाइंट करायें और नोमिनी दर्ज करायें। अपर जिलाधिकारी को पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायतें लम्वितध्निस्तारण के वारे में अवगत कराया कि पिछली सैनिक वन्धु बैठक में आई शिकायतों का निस्तारण हो गया है। इस सैनिक बन्धु बैठक में एक भूतपूर्व सैनिक की उनके मकान के सामने रोड वनवाने हेतु षिकायती पत्र आया था जिस पर अपरजिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग को अविलम्व कार्यवाही करने का आदेश दिया है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भूमि सम्वन्धी समस्या निस्तारण हेतु उनके वाटसएप पर शिकायत दर्ज करायें जिससे समस्या का समाधान अविलम्व कराय जा सके। अपरजिलाधिकारी ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों, आश्रितों एंव उनकी विधवाओं को सैनिक वन्धु बैठक में ज्यादा से ज्यादा आकर अपनी समस्यायों से अवगत करायें एवं समस्यायों के निस्तारण हेतु आश्वासन दिया। एवं कहा कि सेवारतध्भूतपूर्व सैनिको,आश्रितों एंव उनकी विधवाओं की समस्याओ ंका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **08.04.2024** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 18-CPM-GSU-LKO-2023-24 दिनांक 14.03.2024 |
| 2. | निविदा संख्या | 18-CPM-GSU-LKO-2023-24 |
| 3. | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में आने और जाने वाली वंदे भारत (16 कोच लंबाई) की पिट लाइन जॉच के लिये शेड क्षमता का निर्माण। |
| 4. | अनुमानित लागत | रू0 3564.05 लाख |
| 5. | धरोहर राशि | रू0 19,32,000/- |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से अठ्ठारह माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 25.03.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 08.04.2024 11:30 बजे |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्स वेबसाईट पर उपलब्ध है। 855/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**नई वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा**

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ जं. और देहरादून के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत सेवा की विस्तृत समय–सारणी निम्नानुसार होगी:–

गाड़ी सं. 22545/22546 लखनऊ जं.–देहरादून–लखनऊ जं. वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में छः दिन –सोमवार छोड़कर)

| गाड़ी सं. 22545 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22546 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 05:15 | लखनऊ जं. | 22:40 | — |
| 08:33 | 08:35 | बरेली जं. | 19:03 | 19:05 |
| 09:52 | 09:57 | मुरादाबाद जं. | 17:40 | 17:45 |
| 12:10 | 12:15 | हरिद्वार | 15:26 | 15:31 |
| 13:35 | -- | देहरादून | -- | 14:25 |

शुभारंभ की तिथि: 22545 लखनऊ जं. से और 22546 देहरादून 26.03.2024 से

स्थान: एग्जीक्यूटिव चेयर कार और चेयर कार।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

860/24

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## संक्षिप्त समाचार

### ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपुर ने हरी झंडी दिखाकर टीम को किया रवाना



**बहराइच।** जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल जांच के प्रचार - प्रसार व जागरुकता के लिए शिवपुर में ब्लाक प्रमुख सरिता यज्ञसैनी ने प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी के साथ हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। यह टीम गांव-गांव जाकर लोगों को पानी की जांच के बारे में जागरूक करेगी। स्वजन फाउंडेशन लखनऊ ने जल जीवन मिशन को अमली जामा पहनाने की मुहिम शुरू की है। रिसिया ब्लाक में एडीओ पंचायत गुलामुद्दीन जिलानी व ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव ने टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वजन फाउंडेशन लखनऊ से जिला कोआर्डीनेटर उमेश वर्मा, संजय शर्मा एवं कार्यक्रम गतिविधि टीम से संदीप कुमार, अनुराग शुक्ल तथा ब्लाक कर्मचारी व आमजन मौजूद रहे।

### डीएम ने गर्भवती महिलाओं की करायी गोदभराई



**बहराइच।** तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये पण्डालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं यासमीन, लक्ष्मी, निशां व पिंकी की गोद भराई की तथा 04 बच्चों जुबेर, अब्दुल्ला, अविनाश व सोनाक्षी को अन्नप्रासन्न कराया।

### अपहृता को 12 घण्टे में सकुशल किया बरामद

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को थाना चांदा से एक युवती के अपहरण की सूचना मिली।उनके द्वारा जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना चांदा को टीमें गठित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । थाना चांदा पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत करके महिला को सकुशल बरामद किया गया है।थाना पुलिस द्वारा महिला को परिजनों को सुपुर्द किया गया । महिला द्वारा परिजनों को भ्रमित करने के उद्देश्य से फोन पर कॉल करके अपहरण की सूचना दी गई थी, जो वायरल हुआ था। फिर भी प्रकरण की गहनता से जांच करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कलखुरा ग्राम प्रधान संगम सिंह की प्रशासनिक और वित्तीय पावर हुई सीज

**सुल्तानपुर।** कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार पाए जाने पर डीएम ने कार्यवाही की। किसान नेता राम प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू ने अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला द्वारा करवाई गई जांच में ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी का खेल राज खुल गया। सेक्रेटरी रवि सिंह और सुरेंद्र कुमार पर भी जल्द गाज गिर सकती है । एक माह के अंदर जिला उद्यान अधिकारी और ब्लुुष्ठ के अधिशाषी अभियंता को गांव के अन्य कार्यो के भी जांच के आदेश भी दिए गए है डीएम की कार्यवाही से भ्रष्ट प्रधानों और सेक्रेटरी में हड़कंप मचा हुआ है। धनपतगंज ब्लाक के कलखुरा गांव का मामला बताया गया है।

### कालेज की ई पत्रिका का चतुर्थ अंक लोकार्पित

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के चतुर्थ अंक का शनिवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। कालेज पत्रिका का चतुर्थ अंक होली विशेषांक है । यह विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर किया जा रहा है।

### मोटरसाइकिल सवार को ट्रक ने रौंदा, मौत

**सुल्तानपुर।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अमहट चौराहे पर ट्रक और मोटर साइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पुलिस मौजूद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कर रही तैयारी, खबर लिखने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### राजकीय सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार



**सुलतानपुर।** सड़क हादसे में घायल दूबेपुर विकासखंड के हसनपुर गांव निवासी सेना के हवलदार धीरेन्द्र कुमार गुप्ता का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद लोगों की आंखे नम हो गई थी। सेना के जवान धीरेन्द्र कुमार शुक्रवार की दोपहर जिला मुख्यालय की तरफ से घर लौट रहे थे।लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग स्थित सोनवर्षा हसनपुर गुमटी के पास वैगन आर कार ने टक्कर मार दी। हादसे में धीरेन्द्र मौत हों गई। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि शेखर सिंह, जिला पंचयत सदस्य ज्ञान यादव, हसनपुर पूर्व प्रधान इन्दर तिवारी, डीह ढग्गूपुर प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार गुप्ता, हसनपुर प्रधान ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### रामकृष्ण परमहंस की स्मृति में साहित्य वितरण व भण्डारा आयोजित



**सुलतानपुर।** स्वामी रामकृष्ण परमहंस की स्मृति में कटसारी गांव के कोटवा पुरवा निवासी धीरज कुमार सिंह ने अपने निवास पर भण्डारा आयोजित कर परमहंस साहित्य का निशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम में रामकृष्ण परमहंस के व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की गई। युवा साधक ध्यानेंद्र विक्रम सिंह ऋषि ने कहा कि परमहंस के जीवन की घटनाएं आध्यात्मिकता की ताकत को साबित करती हैं। आज भी उनके शिष्य भारतीय चिंतन परम्परा को पूरी दुनिया में प्रचारित कर रहे हैं। आयोजक धीरज सिंह ने आगन्तुकों को रामकृष्ण परमहंस के विचारों से सम्बंधित पुस्तकें प्रदान कीं। इस अवसर पर संगीता सिंह, पंकज कुमार सिंह, सर्वेश कुमार सिंह, विजय सिंह, दीपक मिश्र , चंद्रशेखर, प्रदीप आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण को दूसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** सड़क निर्माण को लेकर चल रहे अनशन का पांचवा दिन और भूख हड़ताल का दूसरा दिन बता दे ग्राम पंचायत गऊघाट छानी से परसदवा डेरा की सड़क आजादी के बाद से नही बनी उस गांव के लिए न ही कोई खड़ंजा है न ही कोई पक्की सड़क है जिस कारण ग्रामीण भारी मुसीबत का सामना करते है चाहे बच्चों को स्कूल के लिए पैदल 3 किलो मीटर ग्राम पंचायत गऊघाट छानी पहुंचना हो या राशन लेने जाना हो यहां तक की स्वास्थ्य सुविधाओ के लिए एंबुलेंस तक इस डेरा में नही आ पाती न ही पुलिस व्यवस्था की डायल 112 की गाड़ी मूलभूत सुविधा सड़क जब इस गांव को नही मिली तब बुंदेलखंड नव निर्माण सेना ने गांव वालो के साथ मिलकर 12 मार्च से क्रमिक अनशन शुरू किया था और 15 मार्च से क्रमिक को आमरण में तब्दील कर दिया था आज आमरण का दूसरा दिन है बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र निषाद बताते है की आज अनशन का पांचवा दिन है लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अनशन कारियो की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया प्रशासन की उदासीनता बता रही है की वो हमारी सड़क नही बनवाना चाहते ना ही उस दिशा में कोई ठोस कदम हमारे और प्रशासन के मध्य 2 बार की वार्ता हुई जो असफल रही प्रशासन सड़क निर्माण का कोई ठोस आश्वासन भी नही दे पा रहे आज आमरण अनशन में मुख्य रूप से राजेंद्र निषाद व कृष्णा निषाद है आज मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों की टीम ने दोनो अनशन कारियो का परीक्षण किया। अनशन कारियो के स्वास्थ्य में गिरावट लेकिन अनशन अभी भी जारी है।

## दो सप्ताह के अंदर दूसरी मौत से परिजनों में हड़कंप

**हमीरपुर।** बीते दो सप्ताह पहले सड़क हादसे में हुई पिता की मौत के बाद पुत्र द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में परिजनों में हड़कंप मच गया है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। शनिवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंकराव निवासी जीतू कुशवाहा (22) पुत्र बलराम कुशवाहा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है व आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।मृतक अपने परिवार में पांच बहनों और तीन भाईयों में तीसरे नम्बर का जबकि एक भाई और तीन बहनों की शादियां हो चुकी है। मृतक ट्रक चलाकर परिवार चलाने का काम करता था। बताते चलें कि बीते 28 फरवरी को मृतक के पिता बलराम कुशवाहा की नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

## आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस व केंद्रीय पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च



**चोपन/सोनभद्र, अवधनामा संवाददाता।** आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 को शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना के दृष्टिगत शनिवार को थाना चोपन पुलिस बल एवं केन्द्रीय पुलिस बल द्वारा थाना चोपन क्षेत्र के राजनैतिक, धार्मिक एवं सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील क्षेत्रों मे क्रमशः सलखन, कस्बा चोपन, सिंदुरिया रोड आदि इलाकों में एरिया डॉमिनेशन/रूट मार्च/फ्लैग मार्च की कार्यवाही की गई। तथा क्षेत्रवासियों में भरोसा दिलाया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन हर तरह से तैयार है साथ ही सभी लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शान्ति, सहयोग व सौहार्द बनाये रखने की अपील की गयी। वहीं प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे कहीं भी किसी को कोई दिक्कत परेशानी हो अथवा कोई भी अराजक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो तत्काल इसकी सुचना सीयूजी नंबर 9454404275 पर दें पुलिस आपकी सेवा में लगातार तत्पर है।

## संक्षिप्त समाचार

### आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सक्रीय हुआ प्रशासन



**मौदहा हमीरपुर।** नयी सरकार बनने के लिए होने वाले आम चुनाव का बिगुल बजते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई जिसके साथ प्रशासन भी एक्टिव मोड पर आ गया और होर्डिंग और पोस्टर से क्षेत्र से पोस्टर हटाने शुरू कर दिए। लोकसभा आम चुनावों के लिए शनिवार को चुनाव आयोग की प्रेसवार्ता के साथ ही देश में चुनावी बिगुल बज गया जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार सहिता भी लागू हो गई। जिसका अनुपालन करना आम आदमी की नैतिक जिम्मेदारी है। काफी समय से कस्बे सहित क्षेत्र होर्डिंग और पोस्टर से पटा हुआ था जिसे नगरपालिका की टीम और पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर उतारना शुरू कर दिया।हालांकि अभी भी अबकी बार चार सौ के पार का नारा एक विशेष राजनीतिक दल के चुनाव चिन्ह के साथ कस्बे की दीवारों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

### मौदहा क्षेत्र के कई इलाकों का अधिकारियों द्वारा किया गया एरिया डोमिनेशन



**हमीरपुर।** आयुक्त चित्रकूट धाम,मंडल बांदा,जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस बल के साथ थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों एवं विद्यालयों का आगामी सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत एरिया डोमिनेशन किया गया। इस दौरान आमजन से शांतिपूर्ण व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। आमजन को भरोसा दिलाया गया कि हमीरपुर पुलिस व प्रशासन निष्पक्ष व सकुशल चुनाव संपन्न कराए जाने हेतु प्रतिबद्ध है। किसी भी अराजक तत्व या चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जनपद में चिन्हित क्रिटिकल व वल्नरेबुल मतदेय स्थलों व मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी मौदहा, क्षेत्राधिकारी राठ व अन्य संबंधी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को किया गया जागरूक।




**हमीरपुर** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा एनएसएस इकाई प्रथम के सामान्य शिविर का तीसरे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जनजागुरुकता रैली निकाल कर लोगों को जागुरूक किया गया एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार के निर्देशन में रैली जनपद हमीरपुर के आरटीओ कार्यालय पहुंची जहां आरटीओ अधिकारी आर पी सिंह जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर महत्व पूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि  हम सभी नागरिकों गाड़ी चलाते वक्त हेलमेट, सीट बेल्ट अवश्य पहनना चाहिए, दोपहिया वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें,दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न करें आदि जानकारी दी साथ ही परिवहन से सबंधित जानकारी की पुस्तकें बच्चों को प्रदान की और परिवंहन द्वारा छपे  पंपलेट भी दिया बच्चों  को बधाई देते हुए कहा आप बहुत अच्छा कार्य कर रहें हैं, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सुजीत कुमार सिंह, डॉक्टर घनश्याम दास, डॉक्टर पवन कुमार शर्मा डॉक्टर आनंद कुमार साथ ही परिवहन विभाग के सभी कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

### एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम-ढोटी  में तालाब सौदर्यीकरण हेतु किया गया भूमि पूजन



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम-ढोटी,  जिला  सिंगरौली (म.प्र.) में तालाब सौदर्यीकरण हेतु भूमि पूजन दिनांक 15.03.2024  को मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधान)  प्रबीर कुमार बिस्वास के कर कमलों द्वारा  सम्पन्न हुआ। महाप्रबंधक (मानव संसाधान)  प्रबीर कुमार बिस्वास ने अपने उदबोधन में कहा कि यह तालाब ग्रामवासियों द्वारा विविध कार्यों में प्रयोग किया जाता है जिसके सौदर्यीकरण से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होनें यह भी कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल, परियोजना के आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों में हमेशा अपना योगदान देती है जिसका उदाहरण आज ग्राम-ढोटी  में तालाब सौदर्यीकरण का भूमि पूजन है।   इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन)  राकेश अरोड़ा , नगर उप महाप्रबंधक (नगर अनुरक्षण) विकास सिंह , प्रबंधक(नगर अनुरक्षण)  राजेश कुमार सिन्हा के एवं सीएसआर टीम से वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पंकज वशिष्ठ, कार्यपालक(सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं टीम के साथ-साथ वार्ड पार्षद तथा भारी संख्या में ग्रामीणजन उपास्थित रहे।

### आचार संहिता लगते ही हरकत में आया नगर प्रशासन



**सोनभद्र/चोपन।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू होते ही आदर्श नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर सहित आस पास के क्षेत्रों में राजनैतिक दलों द्वारा लगाये गये बैनर व पोस्टरों को हटा दिया। नगर पंचायत के अफसरों ने कहा कि बिना इजाजत के राजनीतिक बैनर, पोस्टर लगाने पर कार्यवाही होगी। चुनाव आयोग के द्वारा आचार संहिता लागू होते ही नगर पंचायत के लिपिक अंकित पांडेय, थाने के उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव ने आदर्श नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, प्रीतनगर,ब्लाक, हॉस्पिटल रोड सहित अन्य स्थानों पर लगाये गये राजनैतिक दलों के बैनरों और पोस्टरों को हटवा दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

### तहसील हमीरपुर मे सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी  राहुल पाण्डेय  की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील हमीरपुर (सदर) में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी  ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात  उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए।

# ग्लूकोमा सप्ताह में 55 मरीजों की जांच

- पिछले 11 मार्च से 16 मार्च तक चलेगा शिविर पखवाड़ां

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला अस्पताल परिसर में ग्लूकोमा सप्ताह अंतर्गत शनिवार को नेत्र शिविर निशुल्क जांच दवा कैंप आयोजित किया गया जिसमें लगभग 55 लोगों की जांच की गई जिनमें गंभीर बीमारी देखते हुए 10 लोगों को सर्जरी करने को सलाह दी गई वहीं सभी मरीजों को दवा वितरित कर जानकारी दी गई।

वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉक्टर केके पांडेय ने बताया कि ग्लूकोमा सप्ताह पिछले 11 मार्च से 16 मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया जिसमें शनिवार को लगभग 55 मरीज आए वही सभी मरीजों के जांच कर कर दवाइयां उपलब्ध कराई गई जिनमें 10 मरीजों की गंभीर बीमारी देखते हुए सर्जरी करने की सलाह दी गई डॉक्टर के के पांडे ने बताया कि हफ्ते में मोतियाबिंद आपरेशन व जांच को लेकर सोमवार से शुक्रवार तक विशेष अभियान चलाया जाता है सुबह 9:00 से 2:00 बजे तक चिकित्सक द्वारा जांच कर ऑपरेशन दवा के लिए सुझाव भी दिए जाते हैं इस दौरान लगभग प्रतिदिन औसत 20 से 25 मरीजों की दवा इलाज किए जाते हैं इस मौके पर डॉ वी के श्रीवास्तव, डॉ रशमी, डॉ अभिषेक , डॉ संदीप कुमार, चिकित्सक ऑप्टोमेट्रिस्ट पारसनाथ,फार्मासिस्ट तन्तीवारी अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाद सुरक्षा जांच टीम नें मौदहा में भरे नमूनें

**हमीरपुर।** राम अवतार सिंह यादव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आयुक्त  खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ एवं जिलाधिकारी हमीरपुर के निर्देश के क्रम में आगामी होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के क्रिय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशसन विभाग, हमीरपुर द्वारा आज दिनांक 16.03.2024 को अधोहस्ताक्षरी के निर्देन एवं नेतृत्व में सचल दल गठित कर अभियान चलाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान इनाया स्वीट्स एण्ड फास्ट फूड, बड़ा चौराह मौदहा से 01 बर्फी, 01 बेसन लड्डू का नमूना, किसान दूध डेयरी एण्ड बेकरी, महोबा रोड, बड़ा चौराहा मौदहा से 01 क्रीम व 01 पनीर, जनक स्वीट्स एण्ड नमकीन गहबरा चौकी से 01 बर्फी एवं 01 खोया का नमूना सहित कुल 06 नमूनें संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

# सभासदों ने बजट बैठक का किया बाहिष्कार

अवधानामा संवाददाता



- चेयर मेन और उसके पिता पर लगाया मनमानी करने व सत्ता पक्ष के नेताओ पर लगाया चेयरमैनी चलाने का आरोप

**हमीरपुर।** नगर पंचायत सुमेरपुर मे चेयरमैन ने आज बोर्ड की बैठक आनन फानन मे  बुलायी क्योकि आज लोक सभा चुनाव की अचार सहिता लगने की सम्भवना को देखते हुए चेयर मेन ने बोर्ड बैठक बुलाने के लिये निर्देश दिया सभासदो ने आरोप लगाया है कि पाँच माह से चेयर मेन ने अभी तक कोई बैठक नही बुलाई है और चेयर मेन ने जब से कुर्सी मे बैठा है तभी से नगर पंचायत हमेशा विवादो मे घिरी रही है और सभासदो ने आरोप लगाया है कि चेयर मेन ने बिना बोर्ड के सहमति के सभी घाटिया निर्माण कार्यो के भुगतान भी कर दिये है और नगर पंचायत मे अपने मित्र और सगे सम्बधियो को निर्माण कार्य का ठेका और नगर पंचायत मे कर्मी बनाये है और हैण्ड सुधरने के लिये पहले चेयर मेन के रखे प्राइवेट कर्मी को प्रार्थना पत्र देना पड़ते है इसके बाद कही कर्मी काम कराते है। विधुत व्यवस्था के लिये जो बड़ी स्ट्रीट लाइट व अन्य समानो की जो खरीद दारी कि गयी है उसमे बड़ा घोटाला किया गया है। चेयर मेनी चेयर मेन न चला कर उसके पिता के निर्देश पर चलायी जाती है जबकी बजट मीटिंग का एजेंडा एक हफ्ता पहुंचाना चाहिए मगर अध्यक्ष महोदय द्वारा आनन फानन मे ये सब कार्य किया जा रहा है और अध्यक्ष महोदय द्वारा अपने आवास मे बैठ कर मिनट बुक पर साइन कराने के फिरक मे है और इसी प्रकार से निर्माण कार्य मे चेयर मेन और उसके गुर्गा द्वारा बेहद मानक विहीन कार्य किये गये है और उनका भुगतान भी भारी कमीशन लेकर कर दिया गया है जिसमे सभासद नीति शुक्ला, गोपाल बजाज, कुलदीप सिंह भदैरिया, सुमित वर्मा, संगम सोनी, राम किशोर सैनी, दीपक शर्मा, राजू गुप्ता , अनीश बाल्मीकी, सीमा रानी, राजेश वर्मा आदि सभासद मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा ग्राम-उर्ती मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्याचल, अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम उर्ती में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 16.03.2024 को सीएसआर अनुभाग द्वारा एनटीपीसी- विंध्याचल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणजनों हेतु किया गया।  उक्त चिकित्सा शिविर में ग्रामिणवासियों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 214 मरीजों  (118 महिलाएं, 96 पुरुष एवं 37 बच्चों) की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। इस शिविर में चिकित्सा विभाग की तरफ से वरिष्ठ विशेषज्ञ (महिला रोग) डा. हेमा उराव, डॉ. तन्मय पटेल एवं  मानव संसाधन सीएसआर की ओर से निखिल जायसवाल के साथ-साथ चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त चिकित्सा शिविर का ग्रामीणजनों द्वारा भरपूर प्रशंसा की गयी एवं इस नेक कार्य की काफी सराहना की गयी।

## एनटीपीसी विंध्याचल मे सीएसआर के अंतर्गत मसाला उत्पादन हेतु पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ



**सोनभद्र/विंध्याचल, अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर एवं उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संस्थान अहमदाबाद के मध्य एमओयू हस्ताक्षर हुआ है। जिसके तहत परियोजना के आसपास की ग्रामीण महिलाओं हेतु मशाला उत्पादों हेतु 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत आज दिनांक 15.03.2024 को वीवा क्लब, एनटीपीसी विंध्यनगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रबीर कुमार विश्वास, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन)  राकेश अरोड़ा, फैकल्टी (ईडीआईआई) डॉ. अंजनी के. सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन)  पंकज वशिष्ट, सचिव (सुहासिनी संघ) सरोज मैडम,  गार्गी मैडम सचिव (वेलफेयर) के साथ-साथ सीएसआर टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्व सहायता समूह का निर्माण कर मशाला उत्पाद सामग्री को मार्केट में बिक्री करने आदि का संपूर्ण प्रशिक्षण दे कर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत एजेंसी द्वारा मशाला प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना कर मार्केटिंग हेतु डिजिटल प्लेटफार्म  भी प्रदान किया जाएगा।

## बांदा-बहराइच मार्ग का जल्द होगा चैड़ीकरण

**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी का प्रयास रंग लाया। शासन ने 136 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है। इससे बांदा-ललौली-चैडगरा (बांदा बहराइच) मार्ग का चैड़ीकरण होगा। इसके साथ ही प्रथम चरण में बांदा से चिल्ला घाट तक फोरलेन मार्ग का निर्माण होगा। शासन ने बांदा से चिल्ला घाट तक (बहराईच बांदा मार्ग) फोरलेन स्वीकृत करते हुये इसके चैड़ीकरण और सुदृढीकरण के लिए 13691.00 लाख रुपए की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति, वित्तीय वर्ष 2023-24 में की गयी है, जिसके सापेक्ष 4791.85 लाख रुपए लोक निर्माण विभाग को अवमुक्त भी कर दिये गये हैं। स्वीकृत मार्ग की लम्बाई 18 किमी है। सदर विधायक द्वारा मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से इस अति महत्वपूर्ण मार्ग के लिए लगातार अनुरोध किया जा रहा था। उनके द्वारा कई बार सदन की कार्यवाही के दौरान नियम 51 एवं नियम 301 के अन्तर्गत इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण और फोरलेन करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गयी

# आदर्श आचार संहिता की बजी बिगुल, हरकत में आया पुलिस प्रशासन

- चट्टी चौराहों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर उतारे गए
- जिला प्रशासन नगर पालिका संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** आदर्श आचार संहिता की घोषणा होते ही शनिवार देर शाम हरकत में आया जिला प्रशासन राजनीतिक दलों के लगे बैनर पोस्टर चट्टी चौराहा से उतरने को गठित टीम उतरवाने में जुटी।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देशानुसार जिले भर के थाना चट्टी चौराहों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने शुरू हो गए इस क्रम में जिला मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती चौक पर सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सदर एसडीएम निखिल यादव व सिटी सिओ राहुल पांडेय व अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव के नेतृत्व में नगर के विभिन्न चट्टी चौराहों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का कार्य किया गया शुरू वहीं एसडीएम ने बताया कि वॉल पेंटिंग दिवार पेंटिंग सहित राजनीतिक पार्टी द्वारा किए गए प्रचार प्रसार को मिटाने का कार्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द हटाकर अवगत कराए।

# अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें अधिवक्ता: न्यायमूर्ति

अवधनामा संवाददाता




- जिला अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी ने समारोह में ग्रहण की शपथ

**बांदा।** जिला अधिवक्ता संघ की नई कार्यकारिणी ने शनिवार को समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण की। न्यायामूर्ति अनीस कुमार गुप्ता ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और बार व बेंच के हवाले से अधिवक्ताओं को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की सलाह दी। अधिवक्ता संघ परिसर में शपथ ग्रहण समारोह इल्डर्स कमेटी अध्यक्ष अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जनपद न्यायामूर्ति ने संघ के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। न्याय और गरिमा का महत्व बताया। संघ अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने निष्ठा और इमानदारी से वकालत करने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि बांदा बार के अधिवक्ता उच्च न्यायालय के जस्टिस पदों तक पहुंचे हैं। महासचिव रामप्रकाश शिवहरे ने कहा कि उन्हें बांदा बार की सदस्यता पर गर्व है। पूर्व अध्यक्षों शंकर सिंह, रामस्वरूप सिंह, राजेश दुबे, अवधेश गुप्ता, रामलखन सिंह राजपूत, आनंद सिंहा, अशोक त्रिपाठी, रामकृष्ण त्रिपाठी, राकेश सिन्हा ने भी संबोधित किया। समारोह में कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं को नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने न्यायाधीशो को बैज पहनाकर सम्मानित किया। डा. चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने कविता पेश की। समारोह में लगभग सभी न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता उपस्थित रहे। अंत में संघ के महासचिव रामप्रकाश शिवहरे ने सभी का आभार जताया। गुडेद्र प्रकाश न्यायधीश व आयुषी त्रिपाठी ने मंच का संचालन किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, पूर्व कैबिनेट मंत्री विशंभर निषाद, अजय प्रजापति, राजाभैया मिश्रा, सूर्यप्रकाश, राजकुमार राज, पूर्व अभिसार दीक्षित, चेयरमैन ओमप्रकाश गौतम, सत्यदेव त्रिपाठी, पूर्व राजकुमार शिवहरे, पूर्व प्रधानाचार्य बाबूलाल गुप्ता, एनके मिश्रा, जनपद के पत्रकार सुनील सक्सेना, चंद्रशेखर तिवारी शिवकुमार बड़कू, संजय मिश्रा, अभिषेक गंगेले लाला त्रिवेदी, केके गुप्ता आदि आदि मौजूद रहे।

# सुरसा बनी बरियारी बालू खदान बालू के साथ-साथ बेखौफ निगल रही इंसान

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** इस युग में जब किसी इंसान के दिलो दिमाग पर अकूत दौलत कमाने की हवश सवार हो जाये और शासन प्रशासन के सारे मोहरे अपनी जेब में हों तो फिर उसे शासन प्रशासन का कोई भी खौफ नहीं रहता क्योंकि उसे शायद पता है की इस युग में दौलत ही एक ऐसा हथियार है जिसकी चमक के सामने हरचीज बिकाऊ है और यदि कहींराजनीति का दामन थामते हुये लोगों को गुमराह कर कुर्सी हथिया ली तो फिर कहना ही क्या इनके दोनों हाथों में लड्डू नहीं बल्कि इनके चारों तरफ लड्डुओं के ढ़ेर के ढ़ेर नजर आते हैं भले ही दलाली के ही क्यों ना हो फिर इसकी चकाचौंध में धूमिल हो जाते हैं इनके इंसानी संस्कार,ईमानदारी तथा भय सत्ता की कुर्सी की हनक में बेखौफ वह सारे अवैध काम किये जाते हैं जिनके माध्यम से अवैध कमाई भी हो और चेहरे पर नकाब भी लगा रहे अब वह चाहे राजनेता हो,मंत्री हो ,सांसद हो, विधायक हो अथवा इनका दलाल अपने पद की गरिमा को तार तार करते ये बहुरुपिया एक तरफ जनता के बीच अपने आपको जनहितैषी, विकासपुरुष ना जाने किन किन अवतारों में पेश करते हैं जबकि इन्ही के बंद कमरे में काली कमाई की शतरंज बिछाई जाती है जिसमें मात खाते हैं वह सभी जो इनके अवैध कारनामों का विरोध करते हैं भले ही वह प्रसाशनिक कर्मचारी हो अथवा आम नागरिक इनके दलाल रुपी दानवों की शह पर हर वह सख्श कुचला जाता है जो इनकी गुलामी से इंकार करे और ऐसा हो भी क्यों ना क्योंकि उन्हें पता है की सैंया है कोतवाल तो अब डर----! कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला बांदा जनपद की कोतवाली नरैनी के थाना गिरवां क्षेत्र में बेखौफ संचालित बरियारी (मानपुर) बालू खदान में जहाँ पर बेखौफ अवैध खनन, ओवरलोडिंग तथा एनजीटी के नियमों का मजाक बनाते हुये सरेआम मनमानी की जा रही वहीं आज एक बड़ा हादसा भी हो गया इस बालू खदान में एक डग्गी चालक ने नवयुवक को ही रौंद दिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी किन्तु सूत्र बताते हैं की माननीयों की कर्मस्थली बनी बरियारी मानपुर बालू खदान का मामला होने के चलते इस  हृदयविदारक घटना के होने से जिले के समस्त जिम्मेदार प्रशासनिक महकमे की सांसे गले में ही अटकी हुयी है जिससे इस मामले को हर प्रकार  से रफा रफा दफा  करने में सारे लोग जी तोड़ मेहनत करने में जुटे हुये हैं !! किन्तु वाह री सत्ता की हनक तेरे दम पर आज जहाँ एक नवयुवक असमय ही इस दुनियाँ से  सदा के लिये विदा हो गया वहीं परिजनों का सहारा भी हमेशा के लिये खत्म हो गया खैर आगे देखिये पीड़ित परिवार को न्याय मिलता है अथवा नहीं? जबकि अपने घर के चिराग की इस हालत में हुयी मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**इशारों में सीएम योगी का आजम पर निशाना**

# हम गरीब की जमीन लेंगे तो 4 गुना मुआवजा देंगे

- रामपुर में बोले- पहले जमीन कब्जा कर यूनिवर्सिटी बनाई,
- उत्तर प्रदेश पुलिस को मिले 2764 दारोगा,
- मुख्यमंत्री बोले- सात वर्ष में यूपी में तीन गुणा बढ़ी पुलिस की क्षमता
- एडीजी ए सतीश गणेश ने शपथ दिलाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** डा. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सात वर्षों में राज्य की पुलिसिंग मजबूत हुई है। तीन गुणा क्षमता बढ़ी है। एक लाख 60 हजार पुलिसकार्मिकों की भर्ती की गई है।

एक लाख 56 हजार कार्मिकों को प्रोन्नत किया गया है। राज्य सरकार अपराध और अफराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपना रही है। उन्होंने पुलिस अकादमी के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि एक जुलाई, 2024 से नए कानून लागू हो रहे हैं। यहां उनका प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग के लिए जो सूत्र दिए हैं। उनपर अमल करें।

सीएम ने प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षु पुलिसकार्मिकों का आह्वान करते हुए कहा कि जो प्रशिक्षण के समय जितना पसीना बहाएगा। चुनौती के समय खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। यहां प्रशिक्षण लेने वाले कानून का राज स्थापित करें। अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाएं। मित्र पुलिस की छवि को बरकरार रखें। चुनौतियां कभी खत्म नहीं होती हैं।

### दारागाओं की पासिंग आउट परेड

शनिवार को मुरादाबाद के अकादमी के साथ ही पुलिस प्रशिक्षण केंद्र और पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में भी पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया है। तीनों संस्थानों में 2,764 दारोगाओं की पासिंग आउट परेड हुई है।

### सीएम ने ली सलामी

पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड की सलामी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ली। जबकि पीटीएस में एडीजी सतीश गणेश व पीटीसी में अमित चंद्रा ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इस दौरान डीजी प्रशिक्षण तिलोत्तमा वर्मा और पुलिस अकादमी के एडीजी राजीव सभरवाल मौजूद रहे।


## सॉल्वर गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** सादाबाद कोतवाली पुलिस ने प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पकड़े गए सॉल्वर गिरोह के एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

सीओ गोपाल सिंह ने बताया कि सादाबाद पुलिस ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाले, पेपर को लीक कराकर परीक्षार्थी को पढवाने वाले व पेपर न मिलने पर फर्जी आन्सर शीट दिखाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने के अभियोग में मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी संतोष पुत्र चंद्रपाल निवासी नगला मियां को मुरसान चौराह के पास चाय की दुकान से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि थाना सादाबाद व एसओजी पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक करने व वास्तविक अभ्यर्थी के स्थान पर सॉल्वर द्वारा परीक्षा दिलाने, फर्जी आन्सर शीट दिखाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गिरोह के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# यूपी के कारोबारियों ने खरीदे 250 करोड़ के चुनावी बॉन्ड

- एसबीआई की सूची में दिखी दरियादिली



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की कंपनियों और कारोबारियों ने भी अरबों रुपये का चुनावी चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में दिया है। इसमें इंफ्रा, शराब, हेल्थकेयर और ऊर्जा सेक्टर की कंपनियां सबसे आगे हैं। करीब 250 करोड़ रुपये का यह चंदा लगभग सभी राजनीतिक दलों को दिया गया है। लगभग दस कारोबारियों ने अपने नाम से छोटे-छोटे बॉन्ड खरीदे।

ये कारोबारी नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, लखनऊ,सोनभद्र, झांसी और महोबा सहित लगभग 11 जिलों से जुड़े हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड गाजियाबाद के सुपर स्पेशिलिटी हेल्थ सेंटर यशोदा सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल ने खरीदे। हॉस्पिटल ने नौ बार में 149 करोड़ रुपये का चंदा राजनीतिक दलों को दिया। वर्ष 2022 में एक बार में सबसे ज्यादा 50 करोड़ के बॉन्ड खरीदे गए।

यूपी से अच्छी खासी संख्या में चुनावी बान्ड खरीदने वालों में सोनभद्र के रेणुका इन्वेस्टमेंट्स एंड फाइनेंस, लखनऊ की इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी एपको इंफ्राटेक, मैरियाड डेवलपर लखनऊ, रेणुकेश्वर इन्वेस्टमेंट सोनभद्र, मीनू क्रिएशन नोएडा, रेडिको खेतान, वेस्टर्न यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी और नंदी इंटरप्राइजेज आदि प्रमुख हैं।

### 21 से ज्यादा कारोबारियों ने अपने नाम से खरीदे बॉन्ड

इसके अतिरिक्त मसाला, स्टाक, रियल एस्टेट, एफएमसीजी, चाय आदि से जुड़े कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद के कारोबारी हैं, जिन्होंने छोटे-छोटे बॉन्ड खरीदे। व्यक्तिगत नाम से बॉन्ड खरीदने वाले कारोबारियों की संख्या 21 से ज्यादा है। जिन्होंने कुल करीब 15 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे। ये सारे बॉन्ड 2019 से 2022 के बीच खरीदे गए। इनमें आलोक नारायण पांडेय ने 3.40 करोड़, अजय गुप्ता ने 2 करोड़, मसाला कारोबारी राजीव कुमार जैन ने 20 लाख, विनय अग्रवाल के 9 लाख, अनिल चांडक और अनुभव चांडक ने 17 लाख, राजेश कुमार अग्रवाल ने 8 लाख, रोहित अग्रवाल 4 लाख, दीपक अग्रवाल 5 लाख,मसाला कारोबारी दीपक खेमका 5 लाख आदि के नाम हैं। इनके अतिरिक्त अभय शुक्ला, अंचित महेश्वरी, अंकित केडिया, आलोक कुमार जैन, विकास गुप्ता, विनीत गुप्ता, संदीप झुनझुनवाला, संजीव व संजय झुनझुनवाला, दिवाकर निगम, ज्योत्सना अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, एस सी सरावगी, चंदन अग्रवाल, चार व्यापारी रमेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल के भी नाम हैं। इनके कारोबार बरेली, खीरी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, मेरठ, झांसी से जुड़े बताए जा रहे हैं।

### इन्होंने सबसे ज्यादा खरीदे बॉन्ड

यशोदा सुपर हास्पिटेलिटी - 149 करोड़
वेस्टर्न यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी - 50 करोड़
रेणुका इन्वेस्टमेंट्स एंड फाइनेंस - 5 करोड़
रेणुकेश्वर इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड - 5 करोड़
नंदी इंटरप्राइजेज - 8 करोड़
रेडिको खेतान - 5 करोड़
केआरबीएल लिमिटेड - 20 लाख
मीनू क्रिएशन - 60 लाख
मैरियाड डेवलपर -14 लाख रुपये

# श्रमिकों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए कांग्रेस पांच गारंटियों को लागू कराएगी

- कांग्रेस हमेशा से श्रमिक हितैषी रही है: अजय राय



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पांच न्याय में से एक न्याय श्रमिक न्याय की गारंटी की घोषणा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर श्रमिकों के जीवन से जोखिम और असुरक्षा खत्म कर उन्हें सुरक्षित भविष्य देने के लिए कांग्रेस पांच गारंटियों को लागू कराएगी। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से श्रमिक हितैषी रही है और आजादी के बाद तमाम ऐसे कानून लाई जैसे न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधिनियम, मनरेगा जिनके जरिए श्रमिकों का जीवन बेहतर हुआ था। लेकिन आज भाजपा की डबल इंजन सरकार में श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर हुई है। सामाजिक सुरक्षा के उपाय तो छोड़िए उनके रोजगार के भी लाले पड़ गये हैं।

उत्तर प्रदेश की स्थिति यह है कि 16 नवम्बर 2023 से मनरेगा मजदूरों का भुगतान उनके खातों में नहीं गया। पांच महीनों से 1.5 करोड़ मनरेगा मजदूरों और परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो गयी है। लेकिन इस संवेदनहीन सरकार पर कोई असर नहीं है। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस श्रमिकों को इस देश की रीढ़ मानती है और सरकार आने पर हम अपनी श्रमिक न्याय की इन गारंटियों से उन्हें एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देने का काम करेंगे।

# लोकसभा चुनाव के लिए सपा की पांचवीं सूची जारी

- आजमगढ़ समेत छह सीटों पर उम्मीदवारों का एलान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। इस बार पार्टी ने छह उम्मीदवारों के टिकट का एलान किया है। पार्टी ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, इटावा से जितेंद्र दोहरे, गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर, सुलतानपुर से भीम निषाद, मिश्रिक से मनोज कुमार राजवंशी और जालौन से नारायण दास आहिरवार को मैदान में उतारा है।

43 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान

इससे पहले सपा 37 नामों का एलान कर चुकी थी, पांचवीं सूची के बाद से अब यह संख्या 43 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 41 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा। इसके अलावा संभल से सांसद रहे शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो गया है। पार्टी ने उनके निधन से पहले उनके नाम का एलान कर दिया था तो ऐसे में अब वहां भी उम्मीदवार की घोषणा करनी होगी। यह देखना रोचक होगा कि बर्क की जगह पर सपा किसके नाम पर मुहर लगाती है।

**पहली सूची में इन्हें बनाया उम्मीदवार**

संभल से शफीकुर्रहमान बर्क
फिरोजाबाद से अक्षय यादव
मैनपुरी से डिम्पल यादव
एटा से देवेश शाक्य
खीरी से उत्कर्ष वर्मा
धौरहरा से आनन्द भदौरिया
उन्नाव से अनु टंडन
लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा
फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य
अकबरपुर से राजाराम पाल
बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल
फैजाबाद से अवधेश प्रसाद
अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा
बस्ती से रामप्रसाद चौधरी
गोरखपुर से काजल निषाद

**दूसरी सूची में किसे कहां से दिया टिकट**

मुज्जफनगर से हरेंद्र मिलक
आंवला से नीरज मौर्य
शाहजहांपुर से राजेश कश्यप
हरदोई से उषा वर्मा
मिश्रिख से रामपाल राजवंशी
मोहनलालगंज से आरके चौधरी
प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल
बहराइच से रमेश गौतम
गोंडा से श्रेया वर्मा
गाजीपुर से अफजाल अंसारी
चंदौली से वीरेंद्र सिंह

**तीसरी सूची में किसे कहां से दिया टिकट**

कैराना से इकरा हसन
बदायूं से शिवपाल यादव
हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत
वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल
बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन

**चौथी सूची में किसे कहां से टिकट**

बिजनौर (6) - यशवीर सिंह
मेरठ (10) - भानु प्रताप सिंह (एडवोकेट)
नगीना (5) - मनोज कुमार
लालगंज (68) - दरोगा सरोज
अलीगढ़ (15) - बिजेंद्र सिंह
हाथरस (16) - जसवीर बाल्मिक

**पांचवीं सूची में किसे कहां से टिकट**

आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव
इटावा से जितेंद्र दोहरे
गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर
सुलतानपुर से भीम निषाद
श्रिक से मनोज कुमार राजवंशी
जालौन से नारायण दास आहिरवार

# तस्कर बोलेरो से ले जा रहे थे प्रतिबंधित प्रजाति के तोते




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सीतापुर जिले के कमलापुर थाना क्षेत्र के दाऊदपुर नर्सरी के पास मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ ने तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 462 तोते संग तस्कर को गिरफ्तार किया है। सुबह करीब साढ़े आठ बजे एसटीएफ के उप निरीक्षक अमित तिवारी अपने हमराही फोर्स व डिप्टी रेंजर अभिषेक सिंह वन विभाग के साथ दाऊदपुर नर्सरी के पास पहुंचे।

उन्हें सूचना मिली थी कि एक तस्कर बड़े पैमाने पर तोते लेकर जा रहा है। थोड़ी देर बाद एक बोलेरो आती दिखी। घेराबंदी कर बोलेरो से प्रतिबंधित प्रजाति के 462 तोते बेचने जा रहे रईस अहमद (39) निवासी पहाड़पुर पोस्ट महेशपुर थाना खैराबाद को दबोच लिया।

अमित तिवारी ने बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि पीलीभीत क्षेत्र के वन क्षेत्र से प्रतिबंधित प्रजाति के पक्षियों को पकड़ कर उनकी तस्करी हो रही है। आज मुखबिर की सूचना मिलने पर वन विभाग के साथ मिलकर दाऊदपुर नर्सरी के निकट बोलेरो में पिंजडों में बंद 462 प्रतिबंधित प्रजाति के तोतों सहित तस्कर रईस को मय बोलेरो के गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# एलडीए ने ई-ऑक्शन में 200 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की आवासीय संपत्ति बेची

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ई-ऑक्शन में 200 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की व्यवसायिक और आवासीय सम्पत्ति बेची। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराए ई-ऑक्शन में सम्पत्तियों की आरक्षित दर से तीन गुना अधिक तक कीमत लगी। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सफल आवंटियों को शनिवार को कार्यालय में बुला कर प्रमाण पत्र प्रदान किये। उपाध्यक्ष डॉ. त्रिपाठी ने आवंटियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि संबंधित इन पर जो भी प्रोजेक्ट लगाएं उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की सभी कार्रवाई सिंगल विण्डो सिस्टम के तहत कराई जाएगी। उन्होंने ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र जारी करने के निर्देश दिये। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ई-ऑक्शन के जरिए इस वित्तीय वर्ष में अब तक कुल 1500 करोड़ रुपये की सम्पत्तियां बेची गयी। 13 मार्च को कराए ई-ऑक् शन में कुल 68 सम्पत्तियां 200 करोड़ रुपये से अधिक कीमत में बिकीं, जिसमें गोमती नगर के विराटखण्ड में स्थित 43 लाख रुपये कीमत का आवासीय भूखण्ड 1 करोड़ 25 लाख से अधिक कीमत में बिका। इसी तरह विराजखण्ड में 66 लाख रुपये की कीमत का आवासीय भूखण्ड 1 करोड़ 43 लाख में बिका। गोमती नगर विस्तार में कम्युनिटी फैसिलिटी का भूखण्ड 15.19 करोड़ और दूसरा भूखण्ड 7.77 करोड़ रुपये में बिका। सीबीडी योजना का व्यवसायिक भूखण्ड 61.67 करोड़, फाइन-डाइन का एक भूखण्ड 10.75 करोड़ और विभूतिखण्ड का एक व्यवसायिक भूखण्ड 19.69 करोड़ रुपये में बिका। अपर सचिव ने बताया कि पिछले ई-ऑक् शन में बोली लगाने में सफल न होने वालों के लिए ई-ऑक् शन पोर्टल शनिवार से पुनः खोल दिया गया है। सम्पत्तिय खरीदने के इच्छुक 19 मार्च से 18 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे और 22 अप्रैल को ई-ऑक्शन किया जाएगा। ई-ऑक्शन में होंगे छोटे आवासीय भूखण्ड व्यवसायिक सम्पत्ति के प्रभारी अधिशासी अभियंता मनोज सागर ने बताया कि ई-ऑक्शन में हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के सेक्टर-एच में नए सृजित किये 60-60 वर्गमीटर के आवासीय भूखण्ड बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे।

### एलडीए ने काकोरी में चलाया अभियान



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शनिवार को काकोरी में अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध तरीके से बनाए जा रहे दो व्यवसायिक कॉम्पलेक्सों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुमबारी व अन्य की ओर से काकोरी के ग्राम सकरा में घुरघुरी तालाब से कठिंगरा रोड पर लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बेसमेण्ट में 6 दुकानें व अपर ग्राउण्ड फ्लोर पर 6 दुकानों का निर्माण कराया गया था। इसके अलावा विष्णु सागर व अन्य की ओर से ग्राम सकरा में लगभग 4000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल पर 9 दुकानें व प्रथम तक पर 9 दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। शनिवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला ने दोनों व्यवसायिक निर्माणों को सील कराया।

### अकबरनगर: 36 विस्थापितों ने पंजीकरण कराया



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अकबरनगर प्रथम व द्वितीय के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटन के लिए लगे विशेष शिविर में शनिवार को 36 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया। वहीं शनिवार से अकबरनगर के अत्यंत गरीब विस्थापितों को निशुल्क आवास देने के लिए पात्र विस्थापितों के चयन के लिए लविप्रा, राजस्व, नगर निगम व डूडा की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सर्वेक्षण का काम किया। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर के विस्थापितों को आवास आवंटित करने के संबंध में उच्च न्यायालय के आदेश पर अकबरनगर में विशेष पंजीकरण शिविर स्थापित किये गये हैं। शिविर में प्राधिकरण से संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, जो विस्थापितों को आवंटन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ पंजीकरण भी करा रहे हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में शिविर में पहुंच लोगों ने योजना व पंजीकरण से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त की। श्री वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम के 16 और अकबरनगर द्वितीय के 20 विस्थापितों ने वांछित दस्तावेजों के साथ 1 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क जमा करा कर आवास के लिए पंजीकरण कराया।

# जंत्रीलाल चौहान ने कांग्रेस को दिया अपना समर्थन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आम जनता पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंत्रीलाल चौहान उर्फ महंत बालकदास ने फासीवादी ताकतों और संविधान बदलने वाली सोच रखने वाली ताकतों के साथ कांग्रेस के संघर्ष में कांग्रेस को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर पार्टी के उपाध्यक्ष राजेश चौहान, मुकेश चौहान, महासचिव ओमकार चौहान एडवोकेट, सचिव सुरेश चौहान, धर्मेन्द्र प्रसाद, अखिलेश सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, टिल्लू मास्टर, मुकेश सिंह चौहान, रमेश चौहान, लवकुश चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपना समर्थन दिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस वक्त लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों को एकजुट होकर इस लड़ाई को लडऩा चाहिए। जातीय और धार्मिक विद्वेष फैला रही पार्टियों का बहिष्कार कर देश को संविधान सम्मत तरीके से चलाने की सोच रखने वाली पार्टियों को देशहित में एक हो जाना चाहिए। आज बात सिर्फ देश और संविधान हित की होना चाहिए। जंत्रीलाल चौहान ने कहा कि भाजपा शासनकाल में दलितों के खिलाफ अपराधों में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। सिर्फ चुनाव के वक्त उनके हितों की बात करने वाली भाजपा उनके अस्मिता तक की रक्षा नहीं कर पा रही है।

# महदवी समाज का शार्ट टर्म दीनी क्लासेज़ शुरू



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पहली रमज़ान से महदवी समाज का दीनी क्लासेज़ शुरू हो चुकी है एक तरफ रमज़ानुल मुबारक के मौके पर मस्जिदें रोज़दारों से लबरेज़ हो रहीं हैं मस्जिदों में सुबह से देर रात तक तिलावते कुरान पाक की आवाज़े माहौल को रूहानी बना रही हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर के 13सेंटरों पर एक रमज़ान से ही महदवी समाज के नाम से शॉर्ट टर्म दीनी क्लासेज़ चल रहे हैं। मुसाहब गंज के हैदरी इमाम बाड़े में भी दर्श चल रहा है। मुफ्तीगंज स्थित इमामबाडे में दर्श दे रहे मौलाना जनाब सैय्यद शाहिद जमाल किबला ने बताया की पहली रमज़ान से इस्तकबाल ए माहे रमज़ान के बारे में बताया गया।इन क्लासेज़ में रमज़ान की फज़ीलत, रोज़ों का सवाब,तिलावते कुरआने पाक और शबे कद्र की रात का ज़िक्र भी किया गया।मौलाना ने बताया पहली रमज़ान से पांच रमज़ान तक कुरान के छोटे छोटे पारो की तफसील, शाने नुजूल, तर्जुमा,फजीलत व कुरानपाक के पैगाम को बेहतरीन तरीके से बयान किया जा रहा है। 6 रमज़ान से 17 रमज़ान तक इमामे ज़माना की। मार्फत व गैबत के बारे में बताया जाएगा। तीन दिन हज़रत इमाम अली अलैहिस्सलाम की इमामत और इमाम की दीनी खिज़मात और खिलाफत व शहादत का ब्यान होगा। मौलाना ने बताया की शहर के 13 सेंटरों पर क्लासेज चल रहे है और प्रतिदिन लगभग 2000 स्टूडेंट क्लासेज़ में शामिल हो रहे हैं।

## तरावीह की विशेष नमाज का पहला दौर मुकम्मल


**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में पढ़ी जाने वाली तरावीह की विशेष का नमाज का पहला दौर शनिवार को मुकम्मल हुआ। शहर के अलग-अलग स्थानों पर पांच पारों की तरावीह की विशेष नमाज अदा की जा रही थी, जिसमें शनिवार को कुरान मुकम्मल हुआ। ऐशबाग ईदगाह में कुरान का पहला दौर हाफिज मिनहाजुद्दीन कुरैशी ने मुकम्मल कराया। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह ने तरावीह का पहला दौर मुकम्मल होने के बाद नमाजियों को खिताब करते हुए कहा कि कुरान और रमजान का आपस में गहरा ताल्लुक है। इसी मुबारक महीने में कायनात को पैदा करने वाले ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए अपनी आखिरी किताब अपने आखिरी नबी पर उतारी। मौलाना ने कहा कि खुदा फरमाता है कि रमजान का महीना वह है जिसमें कुरान उतरा जो लोगों के लिए हिदायत है और इसमें हिदायत की खुली निशानियां हैं। कुरान ऐसी मुबारक और मुकद्दस किताब है कि जो भी इसके साए में आएगा वह महफूज हो जाएगा। कुरान पर गौर करने से न सिर्फ अल्लाह की नजदीकी हासिल होगी बल्कि दिल को राहत भी पहुंचेगी। इसी कुरान की बरकत से अल्लाह रोजे महशर में बुलंद मुकाम अता करेगा।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** कई सालों से हज के लिए रकम निकाली है, इस साल हज पर जाना चाहते हैं तो क्या पिछले सालों की जकात वाजिब है?
**जवाब:** जब तक रकम खर्च न हो जाए उस वक्त तक तमाम पिछले सालों की जकात वाजिब है।
**सवाल:** किसी को मिर्गी की बीमारी है और रोजे के दौरान दौरा पड़ जाए तो क्या रोजा टूट जाएगा? जवाब: रोजा नहीं टूटेगा।
**सवाल:** क्या बिना वजू के रोजा-इफ्तार कर सकते हैं?
**जवाब:** जी हां कर सकते हैं, लेकिन वजू के साथ करें तो ज्यादा अच्छा है।



**सवाल:** क्या तस्वीर वाले कपड़े पहन कर नमाज पढ़ी जा सकती है?
**जवाब:** नहीं पढ़ी जा सकती।
**सवाल:** क्या जकात की रकम से कब्रिस्तान की बाउण्ड्री आदि बनवा सकते हैं?
**जवाब:** नहीं बनवा सकते हैं।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा, हकीम व चिकित्सकों ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 99181 17798 firangimahel@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या एक नेत्रहीन आलिम इमामत कर सकता है, जबकि सेहतमंद आलिम मौजूद हो?
**जवाब:** नेत्रहीन हाफिज सेहतमंद आलिम की मौजूदगी में नमाज नहीं पढ़ा सकता।
**सवाल:** क्या नामेहरम मर्द के पीछे औरतों का तरावीह की नमाज पढऩा जायज है?
**जवाब:** अकेली औरत नामेहरम के पीछे तरावीह या फर्ज नमाज नहीं पढ़ सकती।
**सवाल:** मोबाइल में खेल-कूद, नाच-गाना देखना या रोजा रखते हुए सोना बेहतर है?
**जवाब:** रोजा अल्लाह से इताअत और कुर्बत के लिए है। मोबाइल-टीवी पर नाजेबा चीजें देखना रोजा खराब कर देता है। बेहतर है कि रोजा रख कर ज्यादातर वक्त इबादत करें या सोने में गुजारें।

### मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 98390 97407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** जो लोग बीमारी की वजह से रोजा नहीं रख सकते क्या वे जब दिल चाहे खा-पी सकते हैं?
**जवाब:** अगर कोई बीमारी के चलते रोजा नहीं रखता तो जितना जरूरी हो उतना खा-पी सकता है। आजादाना खाना-पीना रमजान की महीने की पवित्रता से हराम हो जाएगा।
**सवाल:** क्या रमजान में सुबह की नमाज के बाद मंजन किया जा सकता है?
**जवाब:** हलक तक नहीं पहुंचे तो कोई दिक्कत नहीं है।
**सवाल:** क्या कर्बला से लाए कफन को एक साल तक रखने पर खुम्स वाजिब होगा?
**जवाब:** इस पर खुम्स वाजिब होगा।
**सवाल:** अगर कोई औरत रोजा रखे और रोजे की वजह से बच्चे की खुराक कम हो जाए तो क्या हुक्म है?
**जवाब:** अगर बच्चे की खुराक पर असर पड़े तो औरत को रोजा नहीं रखना चाहिए।
**सवाल:** अगर सोने पर जकात फर्ज तो क्या गहनों पर भी जकात फर्ज होगी?
**जवाब:** सोने पर जकात फर्ज है लेकिन औरतों के गहनों पर जकात नहीं दी जाएगी।